सुप्रभात
रांची, रविवार
29.10.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ
khabarmantra.net | कार्तिक, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 107



06 ...वरना लाइलाज बीमारी बन जायेंगे रोहिंग्या

## न्यूज डायरी

### ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को पांच रन से हराया

**धर्मशाला।** ट्रैविस हेड (109) और डेविड वार्नर (81) के बीच 175 रन की तूफानी भागीदारी के बाद सधी गेंदबाजी और चुस्त क्षेत्ररक्षण की मदद से आस्ट्रेलिया ने शनिवार को आईसीसी विश्व कप के रोमांचक मुकाबले में न्यूजीलैंड को पांच रन से हरा दिया।

### स्वच्छ पंडाल में हरमू पंच मंदिर को प्रथम स्थान

**रांची।** रांची नगर निगम की स्वच्छ दुर्गा पूजा पंडाल प्रतियोगिता में हरमू स्थित पंच मंदिर दुर्गा पूजा समिति को प्रथम स्थान से नवाजा गया है। जबकि द्वितीय स्थान पर जोड़ा तालाब स्थित इंद्रप्रस्थ कॉलोनी महावीर मंदिर दुर्गा पूजा समिति और तृतीय स्थान पर गोंदा स्थित सीएमपीडीआई श्री श्री दुर्गा पूजा समिति रही।

### आठ लाख का इनामी सब जोनल कमांडर गिरफ्तार

**लातेहार।** भाकपा माओवादी का सब जोनल कमांडर अगनु गंझू शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। वह 8 लाख रुपये का इनामी था। यह चंदवा थाना क्षेत्र के मड़मा का रहने वाला बताया जा रहा है।

### सोनिया राहुल-प्रियंका के साथ कन्हैया भी स्टार प्रचारक

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की, जिसमें गांधी परिवार के तीन सदस्यों सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी और राहुल गांधी के अलावा पार्टी के युवा नेता कन्हैया कुमार का नाम भी शामिल है।

### जापान की खिलाड़ी नगाई हाजुकी हुईं सम्मानित

**रांची।** झारखंड वूमेंस एशियन चैंपियनशिप ट्रॉफी मैच में जापान टीम की खिलाड़ी नगाई हाजुकी ने शनिवार को 200वां अंतरराष्ट्रीय मैच पूरा किया। मौके पर पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथलेश ठाकुर एवं विकास आयुक्त अरुण सिंह ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

### हाइवा-कार की टक्कर में ठेकेदार की मौत

**पलामू।** पंडवा थाना क्षेत्र के कजरी में नेशनल हाईवे 75 पर शनिवार तड़के एक हाइवा ने कार में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे आगे सीट पर बैठे विश्वजीत सिंह उर्फ बीनू की मौत हो गयी। जबकि रंजीत शुक्ला और अजय शाह जख्मी हो गये। बीनू सिंह व अजय शाह हमीदगंज के रहने वाले हैं।

### मुकेश अंबानी को मिली जान से मारने की धमकी

**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी को जान से मारने की धमकी मिली है। इसकी जानकारी पुलिस ने दी। मुकेश अंबानी को ई-मेल के जरिए जान से मारने की धमकी दी गयी है।

### जंगली हाथियों ने ली एक ग्रामीण की जान

**लातेहार।** गारू थाना क्षेत्र के डबरी के पास जंगली हाथियों ने सुखलाल सिंह (62) को पटक कर मार डाला। सुखलाल गारू थाना क्षेत्र के दाढ़ीछापर गांव का रहने वाला था।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## तैयारी रोशनी फैलाने की...



फोटो : समीर

### झारखंड एशियन वीमेंस हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी

# भारत की लगातार दूसरी जीत मलेशिया को 5-0 से हराया

- वंदना कटारिया प्लेयर आफ द मैच
- कटारिया ने दो, सियामि और झारखंड की संगीता ने दागे गोल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

### जापान ने कोरिया को 4-0 से, चीन ने थाइलैंड को 6-0 हराया



**रांची।** एशियाई महिला हॉकी चैंपियंस ट्राफी के दूसरे दिन शनिवार को भारत ने मलेशिया को 5-0 हराकर टूर्नामेंट में अपनी दूसरी जीत हासिल की। भारत के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पांच गोल दागे, मलेशिया की टूर्नामेंट में यह दूसरी हार है। मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे दिन भी भारत का नाम रहा। मैदान में खेल देखने दर्शकों की भारी भीड़ थी। मैच में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए भारतीय टीम की वंदना कटारिया को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

खेल के 7वें मिनट में ही वंदना कटारिया ने पेनाल्टी कॉर्नर से भारत को 1-0 से बढ़त दिला दी। फिर 21वें मिनट में पेनाल्टी कार्नर से वंदना ने फिर एक गोल दागा। 28वें मिनट में संगीता कुमारी ने एक और गोल दागा।

### युवाओं को नियुक्ति पत्र दिवाली तोहफा से कम नहीं : मोदी

# युवाओं को रोजगार राष्ट्र निर्माण का हिस्सा

- विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में जरूरी कदम

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने कहा कि युवाओं के लिए रोजगार के अवसर तैयार करना राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में एक जरूरी कदम है। शनिवार को देश के 51 हजार नवनियुक्तों को नियुक्ति पत्र दिये गये।

उन्होंने कहा, युवाओं को भर्ती प्रक्रिया पर भरोसा बना हुआ है। शरद पूर्णिमा पर नियुक्ति पत्र जारी करने के लिए रोजगार मेला कार्यक्रम को पीएम ने डिजिटल माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में एक जरूरी कदम है। पीएम ने कहा, दिवाली में अभी कुछ समय है, लेकिन 50 हजार नियुक्ति पत्र पाने वालों के परिवारों के लिए यह मौका दिवाली से कम नहीं है। देश भर में झारखंड समेत 37 स्थानों पर रोजगार मेले का आयोजन किया गया था।

(शेष पेज 11 पर)

### झारखंड में भी मिला नियुक्ति पत्र



सरकारी नौकरी में झारखंड से चयनित 147 में से 25 को रोजगार मेले में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की मौजूदगी में नियुक्ति दिया गया। सीसीएल दरभंगा हाउस, रांची में आयोजित रोजगार मेले में जिन 123 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया गया है, उसमें सर्वाधिक रेलवे के 85, डाक विभाग के 24, डिफेंस सेवा में 06 और बैंकिंग सेवा में 06 युवा शामिल हैं। मौके पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि यह रोजगार मेला सिर्फ नियुक्ति के लिए नहीं बल्कि मिशन कर्मयोगी है, जो राष्ट्र को मजबूत बनायेगा। मौके पर सांसद संजय सेठ, सांसद सुदर्शन भगत, विधायक सीपी सिंह, विधायक समरी लाल के अलावे रेल डीआरएम सहित कई अधिकारी मौजूद थे। सभी लोगों ने इस मौके पर पीएम का संबोधन भी सुना।

### गुजरात में एक ही परिवार के सात लोगों ने की आत्महत्या

**गुजरात।** सूरत शहर में शनिवार को तीन बच्चों सहित एक ही परिवार के सात सदस्य अपने आवास में मृत पाये गये। पुलिस को संदेह है कि यह सामूहिक आत्महत्या का मामला है। पुलिस ने कहा कि सातों शव अदजान इलाके के एक अपार्टमेंट में पाये गये। मौके से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसमें कहा गया है कि परिवार आर्थिक तंगी के कारण यह कदम उठा रहा है। पुलिस ने कहा कि छह लोगों की मौत संभवतः जहर के सेवन से हुई, जबकि एक का शव फंदे से लटका हुआ मिला। पुलिस उपायुक्त (जोन-5) आर पी बरोट ने कहा कि एक व्यक्ति, उसकी पत्नी, उसके माता-पिता, दंपति का छह साल का बेटा, 10 और 13 साल की दो बेटियां शनिवार की दोपहर सूरत के सिद्धेश्वर अपार्टमेंट में अपने आवास में मृत पाये गये। हम उनकी मौत के सटीक कारण का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। अधिकारी ने कहा कि ठेकेदार के रूप में काम करने वाले मनीष सोलंकी (37) को फंदे से लटका हुआ पाया गया है।

### संकल्प यात्रा के समापन समारोह समारोह में बोले जेपी नड्डा

# इस सरकार को उखाड़ फेंकें राज्य में फिर कमल खिलायें

- झारखंड में अभी भ्रष्टाचार अपराध का बोलबाला
- बाबूलाल ने संकल्प यात्रा सही समय पर निकाली

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा की संकल्प यात्रा के समापन समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा झारखंड सरकार पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार जनता की सेवा करती है। वहीं झारखंड में बनी सरकार फरेबियों की सरकार है। भाजपा अध्यक्ष ने झारखंड की सभी सीटों पर एक बार फिर पीएम मोदी के नेतृत्व में कमल खिलाने का आह्वान किया। श्री नड्डा शनिवार को हरमू मैदान में आयोजित संकल्प यात्रा के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। समारोह में पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भाजपा के सभी विधायक और सांसद मौजूद थे। सभी वक्ताओं ने झारखंड की हेमंत सरकार को निशाने पर लिया।

श्री नड्डा ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड में आदिवासियों को जितना नुकसान इस सरकार के काल में हो रहा है, उतना पहले की किसी दूसरी सरकार में नहीं हुआ था। राज्य में अपराध चरम पर है। सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। सीएम के पीछे ईडी पड़ी हुई है। लीकर, लैंड और सैंड माफिया दनदना रहे हैं। (शेष पेज 11 पर)



**झारखंड के विकास को पीएम तत्पर :** श्री नड्डा ने कहा कि पीएम ने झारखंड को विकास की मुख्य धारा में लाने की कोई कसर नहीं छोड़ी। 2014 तक यहां मात्र 2402 किमी एनएच था। चार साल बाद यह 7491 किमी हो गया। 1100 करोड़ की लागत से देवघर में एम्स बना। चार साल में बनकर यह लोगों को समर्पित भी हो गया। फरेब, झूठ की राजनीति करने वालों को अब बिठाने का समय आ गया है। सांसद आदित्य साहू ने स्वागत भाषण दिया।

### योगेंद्र तिवारी खोल रहे नेताओं-अफसरों के राज

# इडी कोर्ट ने छह दिनों के लिए बढ़ायी रिमांड

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**शराब घोटाला**

**रांची।** झारखंड में शराब घोटाले से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले में गिरफ्तार योगेंद्र तिवारी से इडी अगले छह दिनों तक और पूछताछ करेगी। पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) स्पेशल कोर्ट ने शनिवार को ईडी की दरख्वास्त पर उसकी रिमांड को बढ़ाने की मंजूरी दे दी। कोर्ट ने और छह दिनों की पुलिस रिमांड अवधि बढ़ा दी है। इडी पूछताछ में योगेंद्र तिवारी घोटाले में कई नेताओं-अफसरों के राज खोल रहे हैं। 19 अक्तूबर को पूछताछ के क्रम में इडी ने योगेंद्र को गिरफ्तार किया था और 20 अक्टूबर को अदालत में पेश किया गया। पूछताछ के लिए आठ दिनों की पुलिस रिमांड की अनुमति मिली थी। शनिवार को आठ दिनों की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद योगेंद्र तिवारी को अदालत में पेश किया गया। साथ ही, ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक बीएमपी सिंह ने और पुलिस रिमांड की मांग करते हुए आवेदन दिया। सुनवाई के बाद अदालत ने छह दिनों की पुलिस रिमांड की अनुमति दी। अनुमति के बाद आरोपी योगेंद्र को इडी पुनः अपने साथ ले गयी। रिमांड की अवधि तीन नवंबर को समाप्त हो रही है।


### धनबाद में केंद्रीय मंत्री चौबे ने आइएनडीआइए पर किया प्रहार, कहा

# पहले तय कर लें... युवराज या यमराज कौन बनेगा पीएम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने शनिवार को यहां आइएनडीआए गठबंधन दलों पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि घमंडिया गठबंधन के नेता 2024 लोकसभा चुनाव से पहले तय करें कि उनके पीएम उम्मीदवार युवराज होंगे या यमराज। श्री चौबे झारखंड में गिरती कानून व्यवस्था के लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार बताया। उपभोक्ता खाद्य सार्वजनिक वितरण, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री अश्विनी चौबे रेलवे ओडोटोरियम में आयोजित रोजगार मेला में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में शामिल होने धनबाद पहुंचे थे। इस दौरान कार्यक्रम से पूर्व उन्होंने सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत की। उन्होंने झारखंड सरकार और गठबंधन पर जमकर हमला बोला। साथ ही देश में जातीय जनगणना कराने की बात कहने वाले कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। (शेष पेज 11 पर)

### बिहार-झारखंड में फिर आयेगी भाजपा सरकार



केंद्रीय मंत्री ने कहा कि घमंडिया गठबंधन में युवराज और यमराज दोनों प्रधानमंत्री के दावेदार हैं। दोनों पहले तय कर लें प्रधानमंत्री के लिए देश के विकास का मुख्य मुद्दा क्या है, लेकिन ये लोग फिजूल के मुद्दे लाकर जनता को जातीय आधार पर लड़ाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष देश में अशांति फैलाने का काम कर रहा है। केंद्रीय मंत्री ने दावा करते हुए कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव में हम बिहार और झारखंड में पूरी सीटों पर कब्जा जमायेंगे। बिहार और झारखंड दोनों जगह भाजपा की सरकार बनेगी। देश में आगे बहुमत की सरकार बनेगी।

### खड़गे बोले- चुनाव के दौरान पहले कभी छापे नहीं पड़े

# भाजपा ठीक नहीं कर रही है एक दिन उसे भी झेलना होगा

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को विपक्षी पार्टियों के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की कार्रवाई को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं को भाजपा डराना-झुकाना चाहती है। हम 50 सालों से राजनीति में हैं। इससे पहले चुनाव के दौरान इडी के छापे कभी नहीं पड़े। कांग्रेस को भाजपा डराना-झुकाना चाहती है।

हम डरेंगे नहीं, बल्कि मुकाबला करेंगे। भाजपा हमेशा ऐसा करती है। वो जो कर रहे हैं, वह ठीक नहीं है। एक दिन भाजपा उन्हें भी झेलना पड़ेगा। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि राजस्थान में भाजपा सीएम अशोक गहलोत का चुनाव खराब करना चाहती है। दरअसल, 26 अक्टूबर को इडी ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के जयपुर और सीकर स्थित घरों पर रेड की थी। फिर सीएम अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट केस में समन भेजा। 27 अक्टूबर को अशोक गहलोत ने इडी की कार्रवाई को गुंडागर्दी बताया था। उन्होंने कहा- भाजपा ने जांच एजेंसियों के जरिए देश में आतंक फैला रखा है। (शेष पेज 11 पर)

# तोरपा की बेटी का बीपीएससी में परचम, बनेगी आरडीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** खूंटी जिले की तोरपा की तनु कुमारी ने बिहार पब्लिक सर्विस कमीशन (बीपीएससी) की परीक्षा पास कर झारखंड समेत तोरपा का नाम रोशन किया है। वह बिहार में रूरल डेवलपमेंट ऑफिसर (आरडीओ) बनेगी। अपनी सफलता का श्रेय वह अपने माता-पिता व परिवार को देती है। तोरपा निवासी प्रकाश अग्रवाल व पुष्पा देवी की बेटी तनु को रांची विश्वविद्यालय से गणित की गोल्ड मेडलिस्ट हैं।

पटना में बीपीएससी ने शनिवार को 67वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया। परीक्षा में टॉप-10 अभ्यर्थियों में 6 लड़कियां शामिल हैं। वहीं, परीक्षा में अमन आनंद ने प्रथम स्थान हासिल किया है तथा दूसरे और तीसरे स्थान पर क्रमशः निकिता कुमारी और अंकिता चौधरी ने बाजी मारी है।



**मैथ की गोल्ड मेडलिस्ट है तनु** : तनु को रांची विश्वविद्यालय से गणित विषय में गोल्ड मेडल मिला है। संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय से मैट्रिक की परीक्षा प्रथम श्रेणी में पास करने के बाद संत जोसेफ इंटर कॉलेज तोरपा से विज्ञान की पढ़ाई की। स्नातक (गणित ऑनर्स) की पढ़ाई बिरसा कॉलेज खूंटी से की। इसके बाद इग्नू से पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में पीजी की पढ़ाई पूरी की। भाई-बहनों में तनु सबसे बड़ी है। उसका भाई विकास अग्रवाल कालकोष नामक संस्था चलाता है, जबकि विशाल अग्रवाल का अपना बिजनेस है।

**बिना कोचिंग की तैयारी :** तोरपा की तनु कुमारी ने बताया कि परीक्षा की तैयारी के लिए उसने कहीं से कोचिंग नहीं की। सेल्फ स्टडी पर फोकस किया। स्वयं ही पढ़ाई करके परीक्षा की तैयारी की और सफलता हासिल की। उसने एक बार फिर साबित कर दिया कि धैर्य व ईमानदारी से मेहनत करने वाले को सफलता जरूर मिलती है। तनु ने कहा कि उसने तीसरे प्रयास में सफलता हासिल की है। इसके पूर्व झारखंड पब्लिक सर्विस कमीशन (जेपीएससी) की परीक्षा भी दी थी। मेन्स क्वालिफाई कर लिया, लेकिन सफलता नहीं मिली। ऐसे समय में माता-पिता व परिवार का साथ मिला, उन्होंने हमेशा प्रेरित किया और हौसला बढ़ाया।

# गाजा पर सरकार के स्टैंड पर भड़के प्रियंका-पवार और लालू

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** गाजा सीजफायर पर भारत के स्टैंड को लेकर मोदी सरकार विपक्ष के निशाने पर आ गयी है। विपक्ष के तमाम बड़े नेताओं ने इसको लेकर सवाल उठाया है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव और मराठा क्षत्रप शरद पवार ने जमकर निशाना साधा है। जहां प्रियंका गांधी ने इस पर शर्मिंदगी जतायी है। वहीं शरद पवार ने इसे केंद्र सरकार का ढुलमुल रवैया बताया है। शरद पवार ने इसको भारत सरकार को कंफ्यूज बताया है। वहीं, असदुद्दीन ओवैसी ने इसको लेकर विदेश नीति पर सवाल उठा दिये हैं। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा में गाजा में संघर्ष-विराम का आह्वान करने वाले प्रस्ताव पर मतदान से भारत दूर रहा।

**प्रियंका गांधी ने लिखी यह बात :** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया साइट लिखी अपनी पोस्ट में महात्मा गांधी के उस कथन का उल्लेख किया कि आंख के बदले आंख पूरी दुनिया को अंधा बना देती है। मैं स्तब्ध और शर्मिंदा हूं कि हमारा देश गाजा में संघर्ष-विराम के लिए हुए मतदान में अनुपस्थित रहा। प्रियंका ने कहा कि हमारे देश की स्थापना अहिंसा और सत्य के सिद्धांतों पर हुई थी। इन सिद्धांतों के लिए हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने जीवन का बलिदान दिया।

## केंद्र सरकार ने दीपावली के मौके पर युवाओं को दिया बड़ा तोहफा

# रोजगार मेले में रांची के 123 युवाओं को मिला नियुक्ति पत्र

देशभर के 37 स्थानों पर आयोजित रोजगार मेले में 51116 युवाओं को मिला नियुक्ति पत्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्र सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने के अभियान के तहत शनिवार को रांची सहित देशभर के 37 स्थानों पर रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर रांची के सीसीएल दरभंगा हाउस में आयोजित रोजगार मेले के दौरान केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की मौजूदगी में 123 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

सीसीएल दरभंगा हाउस सहित देशभर के 37 स्थानों पर आयोजित रोजगार मेले को दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि नियुक्ति पाने वाले युवाओं के लिए आज का दिन दीपावली से कम नहीं है।

उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष अक्टूबर महीने से रोजगार मेले की शुरूआत की गई थी। आज का यह रोजगार मेला काफी महत्वपूर्ण है। केंद्र सरकार ने नियुक्ति प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाने का काम किया है, जिसके कारण कम समय में अब नियुक्ति प्रक्रिया पूरी हो जाती है।



### रोजगार मेला नियुक्ति ही नहीं मिशन कर्मयोगी है : अर्जुन मुंडा

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि यह रोजगार मेला सिर्फ नियुक्ति के लिए नहीं है बल्कि मिशन कर्मयोगी है, जो राष्ट्र को मजबूत बनाने का काम करेगा। मौके पर सांसद संजय सेठ, सांसद सुदर्शन भगत, विधायक सीपी सिंह, विधायक समरी लाल के अलावे रेल डीआरएम सहित कई अधिकारी मौजूद थे। रांची में जिन 123 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया गया है, उसमें सर्वाधिक रेलवे के 85, डाक विभाग के 24, डिफेंस सेवा में 06 और बैंकिंग सेवा में 06 युवा शामिल हैं।

**सर्वाधिक नियुक्ति रेलवे में :** केंद्र सरकार के द्वारा शुरू किए गए रोजगार मेले की दसवीं कड़ी में शनिवार को 51,116 युवाओं को विभिन्न विभागों के लिए नियुक्ति पत्र सौंपा गया है। जिसमें सर्वाधिक नियुक्ति रेलवे में हुई है। इस बार के रोजगार मेले की खासियत यह रही कि ,51,116 नियुक्तियों में करीब 21% महिला कर्मचारी नियुक्त हुई हैं। इधर नियुक्ति पाने वाले युवा पीएम मोदी के इस अभियान की सराहना करते हुए खुशी जताई है।

बैंक पीओ में चयनित अर्चिता मिश्रा ने कहा कि आज के दिन का इंतजार वो लंबे समय से कर रहीं थीं। उनका चयन केनरा बैंक में हुआ है। उन्होंने पीएम मोदी की इस पहल की सराहना की। डिफेंस सेवा में चयनित होने वाले कुंदन कुमार दुबे ने कहा कि भविष्य में भी केंद्र सरकार के द्वारा इस तरह के रोजगार मेले का आयोजन होता रहे, जिससे युवाओं को रोजगार मिलता रहेगा।

# भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दे रही राज्य सरकार : बाबूलाल मरांडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार में विकास का कोई काम नहीं हो रहा है। श्री मरांडी ने राज्य की गठबंधन सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पूरी सरकार कमाने में लगी हुई है। जब प्रदेश में भाजपा की सरकार थी, तब प्रदेश की आधारभूत संरचना मजबूत हुई। सड़क, पुल, पुलिया बने। चुनाव से पहले हेमंत सरकार ने कई घोषणाएं की थीं। रोजगार और बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था। उन्होंने कहा कि प्रदेश में झामुमो नेतृत्व वाली सरकार के रहते विकास नहीं हो सकता है। यह सिर्फ अपना विकास कर रही है। सरकारी दफ्तरों में बिना पैसे का कोई काम नहीं होता है। खनिजों की लूट मची हुई है। लुटेरों को बचाने के लिए सरकार सुप्रीम कोर्ट के महंगे वकील लाती है।

**राज्य सरकार को उखाड़ फेंकने तक संघर्ष करना पड़ेगा : मुंडा**

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि प्रदेश की हालत से जनता अवगत है। सरकार राज्य के साथ धोखाधड़ी कर रही है। जनता को सता रही है। हमें राज्य को हर स्तर पर बचाना है। सरकार को उखाड़ फेंकने तक हमें सजग होकर संघर्ष करना पड़ेगा। इस मौके पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत राज्य के 263 प्रखंडों और 49 नगर निकायों से संग्रहित की गई मिट्टी भी मंच पर रखी गई। राज्य भर से अमृत कलश में मिट्टी एकत्र कर लायी गई है।



### जुलूस की शक्ल में पहुंचे थे हरमू मैदान

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री ललित नारायण ओझा प्रदेश, कार्यसमिति सदस्य संजय कुमार जायसवाल, कृपा शंकर सिंह, अनिल राम के नेतृत्व में पंडारा बाजार समिति से हजारों की सख्या में कार्यकर्ता एवं श्रमिक मजदूर व्यापारी सहित सैकड़ों युवा साथी बाइक जुलूस के रूप में हरमू मैदान पहुंचे थे। इसमें मुख्य रूप से विधायक सीपी सिंह, महानगर के पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह शामिल थे। संकल्प यात्रा का यह जुलूस पिस्का मोड़, रातू रोड, न्यू मार्केट, हरमू रोड होते हुए हरमू मैदान संकल्प यात्रा में भाग लिया। इसमें मुख्य रूप से राजकुमार जायसवाल, शुभम जायसवाल, अविनाश राय, बाली राय, मनोज कुमार, सोनू कुमार सागर कुमार, संजीव कुमार जायसवाल, सुनील सिंह चौहान, बाबू पाठक, अनीता वर्मा, संतोष सिंह, मोइज अख्तर, रवि सिंह, अरविंद सिंह पिंटू, मुरारी माहुरी, राजू चौधरी, गौतम उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

# राज्यकर्मियों को भी मिलेगा चार फीसदी बढ़ा डीए, प्रस्ताव तैयार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्यकर्मियों के डीए में चार प्रतिशत का इजाफा होगा। केंद्र सरकार की घोषणा के बाद झारखंड में भी महंगाई भत्ता में वृद्धि की तैयारी की जा रही है। वित्त विभाग ने इस संबंध में संचिका बढ़ायी है। बताया जा रहा है कि दिवाली के पूर्व ही कैबिनेट की अगली बैठक में इसकी मंजूरी मिल जायेगी। विभाग डीए बढ़ाने पर कितना वित्तीय बोझ आयेगा इसका आकलन भी करा रहा है। डीए की बढ़ोतरी का लाभ जुलाई 2023 से ही मिलेगा यानि कर्मियों को बकाया का भी भुगतान किया जायेगा। इसका लाभ पेंशनधारी और पारिवारिक पेंशनधारियों को भी दिया जायेगा। यह प्रयास हो रहा है कि दीवाली के पहले इसकी घोषणा कर दी जाये।



## इस वर्ष मात्र तीन हजार किसानों ने ही डेढ़ लाख से दो लाख रुपये तक केसीसी ऋण लिया

# झारखंड में ₹1.60 लाख तक केसीसी लोन के लिए गारंटी जरूरी नहीं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य में किसानों को बिना किसी दस्तावेज के 1.60 लाख रुपये तक केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) लोन दिया जा रहा है। अब किसानों को दस्तावेज वेरिफिकेशन के लिए बैंक का चक्कर काटने की कोई जरूरत नहीं है। राज्य में 1.60 लाख रुपये का केसीसी लोन लेने के लिए किसान को किसी भी तरह के दस्तावेज (गारंटी) देने की जरूरत नहीं है। हालांकि, इस वर्ष मात्र तीन हजार किसानों ने ही डेढ़ लाख से दो लाख रुपये तक केसीसी ऋण लिया है। अधिकतम लोन 50 हजार रुपये से एक लाख रुपये के बीच लिया जाता है। कुल 4.15 लाख किसानों ने 25 हजार से 50 हजार रुपये तक का कर्ज लिया है। किसान क्रेडिट कार्ड लोन को लेकर आरबीआई की तरफ से नई गाइडलाइंस जारी की गई है। इस गाइडलाइंस के माध्यम से केसीसी लोन को पूरी तरह से डिजिटल किया जा रहा है। इसे किसानों यह फायदा होगा कि उन्हें लोन लेने के लिए किसी भी तरह के डॉक्यूमेंट को लेकर बैंक की ओर रुख करने की जरूरत नहीं है। इसके तहत जैसे ही किसान केसीसी लोन के लिए अप्लाई करेंगे, वैसे ही बैंक अपने आप उसकी सारी जानकारी और दस्तावेज इकट्ठा कर लेगा और किसान का लोन पास कर दिया जाएगा।

### झामुमो और कांग्रेस की गठबंधन सरकार ने दिया था आश्वासन

झामुमो और कांग्रेस की गठबंधन सरकार ने अपने घोषणा पत्र में किसानों को आश्वासन दिया था कि वह सबके 50 हजार रुपये तक का कर्ज चुकाएगी और इसके जरिए राज्य के 4.68 लाख किसानों का 50,000 रुपये तक का केसीसी ऋण माफ कर दिया गया है। हालांकि, कुछ बचे किसानों के ऋण को लेकर बैंक में वेरिफिकेशन की प्रक्रिया अभी भी जारी है। सत्यापन के बाद बाकी किसानों का भी 50 हजार रुपये तक का कर्ज माफ कर दिया जाएगा।

राज्य में लगातार दो वर्ष से बारिश काफी कम मात्रा में हुई, जिस वजह से सुखाड़ की स्थिति बनी हुए। इसे देखते हुए राज्य सरकार ने किसानों को राहत देने के लिए कई योजनाओं पर काम कर रही है। इस साल राज्य सरकार ने केसीसी पर लगने वाले चार फीसदी ब्याज का बोझ खुद उठाने का फैसला किया है। दरअसल, केसीसी पर कुल सात फीसदी ब्याज देना होता है। इसमें अब तक तीन फीसदी ब्याज केंद्र सरकार और तीन फीसदी राज्य सरकार देती है।

# गीताश्री उरांव कांग्रेस में हुई शामिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा चलाये जा रहे अभियान - आ अब लौट चलें- के तहत शनिवार को राज्य की पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव इटकी रोड स्थित आगमन वैंक्वेट हॉल में अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा भारत जोड़ो यात्रा का परिणाम है कि लोगों का झुकाव कांग्रेस की ओर तेजी से बढ़ रहा है। गीताश्री उरांव आदिवासी महिला के रूप में काफी चर्चित रही हैं और आदिवासियों के बीच जाकर काम करना, उनके सुख-दुख में सहभागी बनना इनकी पहचान है।



प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि आज खुशी की बात है कि गीताश्री उरांव जैसी मजबूत आदिवासी महिला की घर वापसी हो रही है। गीताश्री उरांव एक प्रखर नेत्री के रूप में जानी जाती है।

कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि शिक्षा मंत्री के रूप में गीताश्री उरांव की कार्य सराहनीय रहा है। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष बन्धु तिकी, शहजादा अनवर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, कृषि मंत्री बादल, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, गजेन्द्र सिंह उपस्थित थे।

## झारखंड में भी उठी केंद्र की तर्ज पर बोनस देने की मांग

**रांची।** झारखंड में भी अब, केंद्र की तर्ज पर कर्मचारियों को बोनस देने की मांग उठने लगी है। शनिवार को झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ के महासचिव देवेंद्र प्रसाद सिंह ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लेकर झारखंड के कर्मचारियों को भी केंद्र सरकार के कर्मचारियों की भांति बोनस देने की मांग की है। उन्होंने लिखा है कि राज्य सरकार के कर्मचारियों को भी केंद्र सरकार के कर्मचारियों की भांति एक माह का वेतन के समतुल्य बोनस भुगतान किया जाये। इससे कर्मचारियों में जोश आएगा और राज्य के विकास को भी गति मिलेगी।

# मोटरसाइकिल जुलूस में पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा झारखंड प्रदेश की ओर से शनिवार को आयोजित संकल्प यात्रा के समापन समारोह में कार्य समिति सदस्य राजीव रंजन मिश्रा, सुनील गुप्ता एवं अर्जुन राम के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने गाजे-बाजे के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। संकल्प यात्रा के समापन समारोह में सैकड़ों कार्यकर्ता भाजपा के जयकारा के साथ सभा स्थल में शामिल हुये। श्री मिश्रा ने बताया कि कांके, अपर बाजार, मधुकम, चुटिया, चूना भट्टा, रातू रोड सहित विभिन्न जगहों से भाजपा कार्यकर्ता मोटरसाइकिल जुलूस के रूप में निकल कर हरमू मैदान पहुंचे। इसमें मुख्यरूप से अनिल गुप्ता, जितेंद्र वर्मा, सतेंद्र वर्मा, राहुल गुप्ता, मंतोष सिंह, इंदुभूषण गुप्ता, विजय सिंह, शशांक राज, अटल पांडेय, सतीश सिंह, संजय महतो, सिद्धांत राम, चंदन प्रजापति, पूजा सिंह, रौनक चौधरी सहित दर्जनों प्रमुख पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल थे।



## झारखंड कांग्रेस के नेताओं में नेतृत्व क्षमता बढ़ाने के लिए राजधानी में लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन का आयोजन

# कांग्रेस ने नेताओं में नेतृत्व क्षमता बढ़ाने के दिए टिप्स

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने राज्य की आरक्षित छह लोकसभा और 37 विधानसभा क्षेत्र में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ी जातियों और अल्पसंख्यक आरक्षित सीटों के नेताओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए शनिवार को चिरौंदी रोड स्थित गीतांजलि बैंक्वेट हॉल रांची में कांग्रेस की लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन की पाठशाला लगायी। मौके पर मुख्य अतिथि झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे, एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक विभाग के नेशनल कॉडिनेटर के. राजू, एससी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश लिलोटिया, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, सांसद धीरज प्रसाद साहू, मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, शहजादा अनवर, जलेश्वर महतो ने नेतृत्व विकास मिशन की पुस्तिका का विमोचन किया।

**वचिंत वर्गों के बीच नेतृत्व को बढ़ावा देना उदेश्य : अविनाश**

झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि उदयपुर अधिवेशन में नवसंकल्प घोषणा-2022 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने एससी और एसटी आरक्षित सांसदीय और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में वचिंत वर्गों के बीच नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए नेतृत्व विकास चलाने का संकल्प लिया था जिसमें एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक विभाग सक्रिय भूमिका निभायेंगे। यह समन्वयक समिति एक दूसरे को जोड़ने के लिए बनाया गया है। जिसमें सभी ईकाई को एक साथ प्रदेश स्तर, लोकसभा स्तर, विधानसभा स्तर, प्रखंड, मंडल स्तर समन्वय बनाने का एक मात्र उद्देश्य हमारी मजबूती एवं और हमारे जो एलडीमए मिशन के पदाधिकारी को सहयोग उनको मार्गादर्शन करना है।



### लीडरशीप डेवलपमेंट मिशन पार्टी के लिए महत्वपूर्ण : के. राजू

एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक विभाग के नेशनल कॉडिनेटर के. राजू ने कहा कि लीडरशीप डेवलपमेंट मिशन कार्यक्रम महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम को सोनिया गांधी ने उदयपुर अधिवेशन में घोषणा की थी। सोनिया गांधी, राहुल गांधी एवं मल्लिकार्जुन खड़गे ने पूरे देश भर में एससी, एसटी निर्वाचन क्षेत्र में यह मिशन लागू करने की योजना बनायी थी। मिशन का मुख्य उद्देश्य इस वर्ग से जुड़े नेताओं का नेतृत्व विकास करने और उनको आगे बढ़ाना है ताकि अपने समुदाय को नेतृत्व प्रदान कर सकें। वहीं एससी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश लिलोटिया ने कहा कि यह मिशन एससी एसटी, ओबीसी, और अल्पसंख्यक समुदायों से नई पीढ़ी के नेताओं का विकास करना है। उन्होंने कहा कि हमने देखा कि दो लोकसभा खूंटी और लोहरदगा के कॉर्डिनेशन कमिटी के नेताओं का उर्जास्तर काफी उच्चा था लेकिन दिशा देने का काम सुचारू रूप से चलाने का काम लीडरशीप डेवलपमेंट मिशन ही करेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ब्लॉक में कोर्डिनेशन टीम, नेतृत्व विकास मिशन का संचालन करेगी। ब्लॉक अध्यक्ष, बीसीटी का अध्यक्ष होगा जबकि एलडीएम विधानसभा कोर्डिनेटर इसका संयोजक के रूप में कार्य करेगा। इसकी बैठक 15 दिन में एक बार होगी।

### नेताओं को विकसित करना कार्यक्रम का उदेश्य : राजेश

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि एलडीएम को एससी एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक समुदाय के नेताओं को विकासित करने के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के आधार पर लागू किया जाएगा। जो इन समुदाय को सशक्तिकरण की दिशा में लगातार काम करेंगे और उनके बीच कांग्रेस पार्टी की पहुंच का विस्तार करेंगे। चुनावों के लिए एससी एसटी निर्वाचन क्षेत्रों में एक प्रभावी बूथ प्रबंधन रणनीति का पालन किया जाएगा। कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि एलडीएम कोर्डिनेटर राज्य सरकार के द्वारा चलाये जा रहे जनहित कल्याणकारी योजनाओं को लेकर जनता के बीच जाएं। जनता से सीधा संवाद कर नेतृत्व विकास मिशन के उद्देश्यों को धरातल पर उतारने का काम करें।

एससी विभाग के चेयरमैन केदार पासवान, एसटी विभाग जोसाई मार्डी, ओबीसी विभाग अभिलाष साहु, अल्पसंख्यक कांग्रेस के चेयरमैन मंजूर अंसारी ने नेतृत्व विकास मिशन कार्यक्रम को जिलाध्यक्षों एवं एलडीएम पदाधिकारियों के समन्वय के माध्यम से धरातल पर उतारने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महासचिव सह कार्यालय प्रभारी अमुल्य नीरज खलखो ने की तथा धन्यवाद ज्ञापन आवास बोर्ड के चेयरमैन संजय लाल पासवान ने किया।

### एलडीएम प्रशिक्षण कार्यक्रम में ये नेता-कार्यकर्ता थे शामिल

एलडीएम प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, डॉ प्रदीप कुमार बालमुचू, सुखदेव भगत, विधायक प्रदीप यादव, दीपिका पांडेय सिंह, राजेश कच्छप, शिल्पी नेहा तिर्की, एलडीएम झारखंड प्रभारी नासिर अहमद, प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा, अमुल्य नीरज खलखो मदन मोहन शर्मा, प्रवक्ता सतीश पॉल मुंजनी, रवीन्द्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, जयशंकर पाठक, डॉ एम तौसीफ, गजेन्द्र सिंह खूंटी लोकसभा एलडीम कोर्डिनेटर परवीन्द्र सिंह, लोहरदगा लोकसभा एलडीएम कोर्डिनेटर भीम कुमार, स्टेट एलडीएम कोर्डिनेटर बशिष्ट लाल पासवान, फिरोज खान, राजकुमारी गुप्ता, समेत 37 एससी एसटी विधानसभा के एलडीएम कोर्डिनेटर, संबंधित जिला के जिलाध्यक्ष, एससी एसटी विभाग के जिलाध्यक्ष एवं प्रखंड अध्यक्ष उपस्थित थे।

## कांग्रेस पार्टी ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक के. राजू से मिला ओबीसी मोर्चा का डेलिगेशन, सौंपा मांग पत्र

# राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति की मांग की



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा का एक प्रतिनिधि मंडल शनिवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय संयोजक के राजू से मिला। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने उनसे झारखंड में ओबीसी समुदाय के हक-अधिकार सुरक्षित करते हुए न्याय देने की मांग की। इस आशय का मांग पत्र सौंपते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने 8 बिंदुओं पर ध्यान आकृष्ट कराया है। इसमें जातीय सर्वेक्षण करने, तत्काल ओबीसी समुदाय का आरक्षण बढ़ाने, सात जिले में ओबीसी आरक्षण लागू करने, जेपीएससी द्वारा ओबीसी समुदाय के साथ भेदभाव बंद करने, सरकार के बोर्ड, निगमो में जनसंख्या के अनुपात में ओबीसी समुदाय के नेताओं को 50% प्रतिनिधित्व देने, किन्नर समुदाय को ओबीसी आरक्षण से बाहर कर उन्हें स्वतंत्र रूप से आरक्षण देने, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष सदस्यों की नियुक्ति अविलंब करने और ट्रिपल टेस्ट कर नगर निकाय चुनाव में ओबीसी के आरक्षण को सुनिश्चित करने की मांग शामिल है।

श्री गुप्ता ने मांग पत्र में यह भी अंकित किया है कि पिछले कई मौके पर ओबीसी के हक- अधिकार में कटौती हुई है। पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण नहीं दी गई है, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्य का पद खाली है। श्री गुप्ता ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के द्वारा ओबीसी समुदाय के मुद्दे को राष्ट्रीय पटल पर प्रमुखता से उठाने के लिए आभार व्यक्त किया है। मौके पर राज्य के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख समेत प्रदेश उपाध्यक्ष संजय चौरसिया, सूबेदार सम सिंह कुशवाहा, कार्यालय प्रभारी संतोष शर्मा, रांची महानगर अध्यक्ष विष्णु कुमार राम लखन साहू, विनय कुमार अभय कुमार आदि शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## विज्ञान की रोमांचक दुनिया से अवगत हुए डीपीएस बोकारो के विद्यार्थी

**बोकारो।** विद्यालय की जीवंत दुनिया से अवगत कराने हेतु डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों को विज्ञान केन्द्रों का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। अनुभव आधारित शिक्षा के तहत दो अलग-अलग टोलियों में कुल 379 विद्यार्थियों ने रांची और पुरुलिया स्थित साइंस सेंटर का भ्रमण किया। 5वीं कक्षा के 195 बच्चों को पुरुलिया स्थित साइंस सेंटर ले जाया गया।

## पत्नी वियोग में पति ने लगाई फांसी

**कतरास।** शुक्रवार को देर रात रामकनाली ओपी क्षेत्र के झींझी पहाड़ी स्थित नीचे टोला के युवक जगन्नाथ महतो उम्र लगभग 27 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताते चले की 1 वर्ष पूर्व मृतक की पत्नी भी अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या की थी।फांसी लगाने से पहले युवक ने सोशल मीडिया पर वीडियो बनाकर डाल कि पत्नी के वियोग में वह भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर रहा है । मामले की सूचना मिलते ही राम कनाली ओपी प्रभारी जितेंद्र कुमार मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है।

## पांच बाइक सहित बाइक चोर गिरफ्तार

**बेरमो।** बोकारो पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक के निर्देश पर पेटरवार तथा बोकारो थर्मल पुलिस ने संयुक्त छापा मारकर पांच चोरी के बाइक सहित बाइक चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए बोकारो थर्मल थाना प्रभारी सह पुलिस इंस्पेक्टर आरके राणा ने 27 अक्टूबर को बताया कि बीते 12 अक्टूबर को थाना में कांड क्रमांक 85/ 23 भादवि की धारा 414/34 के तहत प्रार्थमिक अभियुक्त पेटरवार थाना के बकरी टोला खेतको निवासी रवि यादव उर्फ रवि कुमार यादव को बीते 26 अक्टूबर को छापामारकर गिरफ्तार किया गया।

## डीईओ सह डीसी ने विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**बोकारो।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मौके पर ईआरओ बोकारो सह एसडीओ चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार एईआरओ सह बीडीओ चास मिथिलेश कुमार एईआरओ सह विशेष कार्य पदाधिकारी कुमार कनिष्क एपीआरओ अविनाश कुमार आदि उपस्थित थे।

## डीईओ सह डीसी ने राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**बोकारो।** विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 की तैयारियों को लेकर समाहरणालय सभागार में डीईओ सह डीसी कुलदीप चौधरी ने मान्यता प्राप्त विभिन्न राजनीतिक पार्टी प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। मौके पर ईआरओ बोकारो सह एसडीओ चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ईआरओ  बेरमो सह एसडीओ बेरमो शैलेश कुमार ईआरओ सह जिला भूमि उप समाहर्ता नरेश कुमार जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार सभी एईआरओ आदि उपस्थित थे।

## धार्मिक आयोजन को सफल बनाने के लिए तैयारियां तेज

**बेरमो।** मरकजी एदारे शरिया तहरीके बेदारी व इस्लाहे मुआसरा कॉन्फ्रेंस की तैयारी को लेकर कमेटी के लोगो द्वारा बेरमो के अलग-अलग जगहो का दौरा कर वहां चलने वाले अंजुमन कमेटी के पदाधिकारियों और जिम्मेदार लोगो से मिलने का सिलसिला कमेटी के पदाधिकारियों ने शुरू कर दिया है। इसी क्रम में शनिवार को जनाब शब्बीर मुखिया, जनाब मनिरुदीन सदर, परवेज अख्तर और जनाब परवेज आलम के नेतृत्व में शुरू किया गया। अपने दौरे में कमेटी के पदाधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि अधिक से अधिक लोगों को इस तहरीक से जुड़ा जाये इसके लिए कमेटी के जिम्मेदार पदाधिकारियों ने इस बात की अपील की।

# महुदा पुलिस ने जेसीबी मशीन किया जप्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**महुदा।** शनिवार को जिले के महुदा थाना क्षेत्र से तारगा मौजा से महोदा पुलिस ने एक जेसीबी मशीन जप्त किया है। मामले को लेकर मधुबन निवासी शैलेंद्र सिंह ने महुदा थाना क्षेत्र में दिनांक 22 अक्टूबर 2023 को ऑनलाइन शिकायत किया था। शिकायत में उन्होंने लिखा था कि उपरोक्त 15 एकड़ जमीन में चार एकड़ जमीन पर शेख गुड्डू पिता शेख इब्राहिम, जहांगीर पिता नाम मालूम नहीं, इंदर सिंह पिता स्वर्गीय नागेश्वर सिंह सभी का साकीम खडरखरी थाना मधुबन जिला धनबाद में मिलकर जबरदस्ती रंगदारी से मेरी उपरोक्त वर्णित जमीन को कब्जा करने के उद्देश्य से जोत कोड कर बाउंड्री दीवार दे रहा है।

विरोध करने पर उपरोक्त वर्णित सभी लोगों ने मेरे साथ भद्दी-भद्दी गाली गलौज की और मुझे धमकी दिया कि तुमको जो करना है कर लो अब यह जमीन मेरा है। तुम यहां से भाग जाओ नहीं तो जान से मार देंगे। कुछ दिन पूर्व शेख गुड्डू मेरी उपरोक्त जमीन को खरीदने के उद्देश्य मेरे पास आया था और मुझे बोला कि यह जमीन मुझे नहीं देने पर तुम्हारा यह जमीन जबरदस्ती कब्जा कर लेंगे । शेख गुड्डू ने मुझे आगे धमकी दिया था कि उन्हें यह जमीन नहीं देंगे तो किसी को जमीन नहीं लेने देंगे, और यह जमीन जबरदस्ती कब्जा कर लेंगे। उसके बाद शेख गुड्डू एवं अन्य आदमियों के सहयोग से मेरी जमीन को जबरदस्ती कब्जा कर जोत कोड़कर बाउंड्री बल दे रहा है। अतः आवेदनकर्ता ने महुदा थाना से अपनी जान माल की रक्षा एवं जमीन की सुरक्षा का गुहार लगाया है।

## डीडीसी ने समीक्षा बैठक में दिए जरूरी दिशा निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो जिलान्तर्गत चंदनकियारी प्रखंड सभागार में डीडीसी कीर्तीश्री जी ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रगति की समीक्षा बैठक की। बैठक में चंदनकियारी के बीडीओ सीओ कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल/ भवन प्रमंडल जिला कृषि पदाधिकारी सहायक अभियंता विद्युत अवर प्रमंडल चंदनकियारी वरीय लेखा पदाधिकारी जिला ग्रामीण विकास अभिकरण बोकारो डीपीएम जेएसएलपीएस एरिया प्लानिंग एक्सपर्ट रुर्बन मिशन एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों तथा जेएसएलपीएस के महिला समूह की दीदी आदि शामिल हुएं। समीक्षा क्रम में डीडीसी ने रूर्बन मिशन अंतर्गत सभी क्रियान्वित योजनाओं को आगामी 15 नवम्बर तक पूर्ण करने एवं लाईवलीहुड के सभी योजनाओं को जेएसएलपीएस के दीदीयों के माध्यम से संचालित करने का निर्देश दिया।

## कॉंग्रेस में जातिवाद हावी हो गया है : राहुल

**सिंदरी।** कॉंग्रेस के झारखंड प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे के द्वारा धनबाद लोकसभा सीट को लेकर समन्वय समिति की बैठक के बाद शुक्रवार की मध्यरात्रि कॉंग्रेस धनबाद जिला महासचिव राहुल राज ने पद सहित कॉंग्रेस पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कॉंग्रेस में जातीवाद हावी होना बताते हुए जिलाध्यक्ष संतोष सिंह को इस्तीफा भेज दिया है। राहुल राज पार्टी में वर्ष 2009 से छात्र संगठन एनएसयूसीआई, युवा कॉंग्रेस, ओबीसी कॉंग्रेस, सिंदरी नगर अध्यक्ष सहित जिला महासचिव पद पर रह चुके हैं।

## जिला पुलिस - प्रशासन बधाई के पात्र : दीप नारायण

**कतरास।** शनिवार को जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने धनबाद जिला में दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न होने पर जिला पुलिस - प्रशासन को जदयू पार्टी की ओर से बधाई दी है। श्री सिंह ने कहा कि जिस तरह धनबाद के लोगों में अमन चैन पैदा कर हिन्दूओं के प्रमुख पर्व दुर्गा पूजा शांतिपूर्वक तरीके से सफल करवाने में धनबाद जिला पुलिस - प्रशासन ने अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है वो काबिले तारीफ है।

## आनंद मंगल का 29 एवं 30 अक्टूबर को दीपोत्सव मेला




खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद की महिलाओं द्वारा संचालित आनंद मंगल पुन अपना वार्षिक कार्यक्रम दीपोत्सव को लेकर धनबाद की जनता के समक्ष उपस्थित है। आयोजन स्थल प्रत्येक वर्ष के भांति सिद्धी विनायक होटल धनबाद है। दिनांक 29 और 30 अक्टुबर को आयोजित किया जा रहा है। उक्त बातें संस्था की अध्यक्ष बरखा लुहारिवाल ने सिद्धी विनायक होटल में शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कहीं। हर वर्ष के तरह इस बार भी पूरे घुम-धाम से यह आयोजन देश के विभिन्न प्रान्तो से लोक लुभावन परिधान, आभूषण, गृह सज्जा, दीप पोशाक इत्यादि के 70 से भी अधिक स्टाल आर्कषण के केन्द्र रहेगें। साथ ही चटपटे व्यजनों के रसास्वादन से पूर्ण संतुष्टि की भी व्यवस्था है। सभी धनबाद के नागरिक विशेषकर महिलाये इस आयोजन का समुचित लाभ उठाये और आनंद मंगल के उद्देश्यो को साकार करे। सामाजिक सरोकार में भी आगे है 'संस्था विदित हो की संस्था सिर्फ दीपोत्सव' ही नहीं बलकि साक्षरता से जुड़े कार्यक्रमों में भी सक्रिय भुमिका निभाती है। बारामुडी में स्कूल संचालन से लेकर बच्चो के बीच किताबे पेंसिल, का वितरण करना हो या कोविड के समय अपने समाजिक दायित्व निमाने की जिम्मेवारी में संस्था ने अपनी अग्रणी भुमिका निभाई है और आगे भी निभाती रहेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष बरखा,संगीता, मीनू, डॉली,रंजना ,कविता सुनीता गुटगुटीया सपना, रेखा, कीर्ति, दीप्ती संगीता ड्रोलिया की काफी सहयोग रहा है।

## पिंड्राजोरा में स्वास्थय उपकेंद्र का उद्घाटन

**बोकारो।** सांसद धनबाद पशुपति नाथ सिंह ने पिंडाजोरा में  प्रधान मंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थय संरचना मिशन के तहत 55 लाख की लागत से स्वास्थय उपकेंद्र का उद्घाटन किया। सांसद ने इस अवसर पर कहा कि मोदी जी की सरकार सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व कार्य कर रही है।देश के जन जन को उच्च स्तरीय स्वास्थ सुविधाएं मिले इसे सुनिश्चित करने की दिशा में काम कर रही है।

## भौरा ओपी प्रभारी जितेंद्र कुमार सहित अन्य का हुआ तबादला

**धनबाद।** धनबाद एसएसपी संजीव कुमार ने अलकडीहा, भौंरा व रामकनाली ओपी प्रभारी को बदल दिया है। पांच सब इंस्पेक्टर को इधर से उधर किया गया है। सिंदरी अनुमण्डल अंतर्गत दो ओपी जिसमे अलकडीहा और भौरा ओपी शामिल हैं वहीं तीसरा रामकनाली ओपी में नये प्रभारी की पोस्टिंग की गयी है। सब इंस्पेक्टर आशीष यादव को अलकडीहा ओपी प्रभारी बनाया गया है। भौंरा ओपी प्रभारी जीतेंद्र कुमार अब रामकनाली ओपी प्रभारी होंगे। महिला सब इंस्पेक्टर कंचन कुमारी को भौंरा ओपी प्रभारी बनाया गया है।अलकडीहा ओपी प्रभारी महेंद्र कुमार को हटा दिया गया है। राम कनाली ओपी प्रभारी रहे बीके चेतन को एचआरएमएस का प्रभारी बनाया गया है।

# श्रमिक नेता स्वर्गीय सूर्यनाथ सिंह की प्रतिमा को करेगे स्थापित : बाघमारा विधायक ढुलू

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** मजदूर नेता सूरज नाथ सिंह की 9 वी पुण्यतिथि महिला मंडल करगली में श्रमिक कल्याण और एकता दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मजदूर नेता गिरजाशंकर पांडेय व संचालन भाजपा फुसरो मंडल निवर्तमान अध्यक्ष भाई प्रमोद सिंह ने किया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद, पूर्व मंत्री व विधायक, विभिन्न दलों संगठनों के नेता गण्यमान्य लोगों और  दर्जनों अधिकारी शामिल हुए और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित का श्रद्धांजलि दी। अध्यक्षता दिग्गज श्रमिक नेता गिरिजा शंकर पांडेय व मंच संचालन भाजपा नेता भाई प्रमोद सिंह ने किया। बाघमारा विधायक ढुलू महतो ने कहा कि बेरमो कोयलांचल में श्रमिक नेता स्वर्गीय सूर्यनाथ सिंह की प्रतिमा का स्थापित निजि मद से करेगे। कहा सूरज नाथ बाबू कोयला मजदूरों के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने संघर्षों की बदलती अपनी पहचान बनाई थी। पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय ने कहा कि सूर्यनाथ सिंह के जीवन से मजदूरों के लिए त्याग, समर्पण एवं जन सेवा सीखने की जरूरत है। सूर्यनाथ सिंह के वसूल और विचारों को स्मरण करने की जरूरत है। आज कोयला मजदूरों की स्थिति दयनीय होती जा रही है। सीसीएल प्रबंधन मजदूर और यूनियन पर हावी होते जा रहा है। ढोरी जीएम एम के अग्रवाल ने कहा कि सूर्यनाथ बाबू का सदा श्रमिक हित के लिए तत्पर रहते थे। कथारा जीएम ने कहा कि बेरमो की जो समावेशी परंपरा है वह बहुत कम जगह देखने को मिलती है। पूर्व मंत्री लालचंद महतो ने कहा कि स्वर्गीय सिंह से हम लोग बहुत कुछ सीखते का मौका मिला था। सूर्यनाथ सिंह ने अपने जीवन काल मजदूर और गरीबों की आवाज को बुलंद किया। उनके द्वारा समाज और मजदूर हित के लिए गए कार्यों को भूलाया नहीं जा सकता है।

# राम कथा: मिथिला नगरिया कमाल सखिया...

खबर मन्त्र संवाददाता



**झरिया।** त्रिदिवासीय श्री राम कथा के तीसरे दिन माननीय झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह तथा रघुकुल परिवार द्वारा आयोजित श्री राम कथा का शुभारंभ जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम हुआ। राम विवाह की पत्र मिलने के साथ पुरोहित महाराज ने अयोध्या से बरात निकलने की मुहूर्त निकाले। प्रभू श्री राम के विवाह के 15 दिन पहले ही बारात पहुंच गए मिथिला। बरात में शामिल देवताओं जनकपुर में खूब आनंद है। क्यों लंबे दिनों तक बारात रहेगी लंबी दिनों तक दर्शन मिलता रहेगा आनंद महोत्सव चलेगा सारे लोग नाच रहे है। आज से 24 घंटे का दिन  और 24 घंटे की रात करिए दिन-रात की अवधि बढ़ा दीजिए क्यों हम नहीं चाहते है। तो क्या हमारी जनक जी कोई काम भाग्यशाली है हमारे महाराज कोई कमजोर नहीं है देखो दशरथ जी और जनक जी भाग्यशाली है वह जाने हम लोग बहुत भाग्यशाली है।ब्रह्मा जी आठ मित्र से कार्य कीजिए 12 मित्र से इंद्र हजार हजार मित्र से भगवान के दूल्हा रूप का दर्शन करते हैं द्वारा पूजन भैया द्वारा पूजन के बाद सखियां भगवान को मंडप में ले जाकर दिखती है मेरी सीता मैया कर बैठी है आपको बताओ क्यों अपने वंश की परंपरा बताने के लिए चारों वेद भगवान उपस्थित है वहां पर स्वीकार करने के लिए व्यवस्था बनाई है जिस प्रकार शंकर जी के विवाह में हिमाचल की और मैं जी ने शिव जी के पांव को धोया था उसी प्रकार राम जी के विवाह में राम जी के पांव को धोने लगे यहां पर प्रक्षालन होता है दूल्हे का जन्म जी महाराज धोने लगे बाबा कहते हैं

आज मिथिला नगरिया कमाल सखिया। चारो दुल्हा में सवरका कमाल सखिया.........,जेकरा खातिर जोगी, मुन्नी जोग जप ख ईलन, जेहि हमरा मिथिला में मेहमान सखिया। आज लोढा से सेकाई इनकर गाल सखिया।

छयलवा को देईओ चुन्नी गाली, छप्पन भोग परोसियो थाली.......,गावत सरहज चुन्नी चुन्नी गाली। अति सूकुमारी राजकुमारी शांता बहन तुम्हारी, देना तो चाहिए राज कुंवर को, लेय भागे जटाधारी........, श्रीराम कथा में कथा वाचक ने बताया कि रामकथा का आनंद तभी है, जब वक्ता और श्रोता दोनों सुर, लय, ताल मिलाकर कथा का रसपान करें। प्रेम प्रकट हो जाए तो परमात्मा खुद प्रकट हो जाएंगे। प्रेम के बिना जीवन का कोई अर्थ नहीं है। रामकथा का महत्व हमेशा से है और आगे भी रहेगा। यह भगवान की लीला, चरित्र व गुणों की गाथा है। इसके श्रवण और कथन के प्रति हमेशा एक नवीनता का भाव बना रहता है।

भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के चरित्र में प्रदर्शित त्याग और तपस्या की बातों को निरंतर श्रवण करते रहने से सुनने वाले के अंदर भी ऐसे ही महान गुणों का समावेश हो जाता है। कथावाचक के भजन- कीर्तन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर राम-सीता विवाह का प्रसंग से सभी लोग ओतपोत हो गए।

**राम कथा में पहुचे, मंत्री, विधायक :** कथा प्रारम्भ करने से पहले अभिषेक सिंह धर्मपत्नी शिवानीजी के साथ ब्यासपीठ का विधिवत पूजन किया, कार्यक्रम में शामिल हुए अति विशिष्ट अतिथियों को माननीय झरिया विधायक श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह ने श्री राम लिखा अंग वस्त्र तथा श्री राम दरबार का मोमेंटो भेंट कर स्वागत किया। आज के श्री राम कथा का श्रवण करने बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी माननीय अविनाश पांडेय, झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष माननीय राजेश कुमार ठाकुर, माननीय स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, माननीय ग्रामीण विकास मंत्री आलमगिर आलम, माननीय बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो, माननीय बेरमो विधायक  जय मंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह, माननीय बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद, माननीय महागामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह, कृषि विपणन बोर्ड के अध्यक्ष रविन्द्र सिंह, हिंदू न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जय शंकर पाठक, गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, पूर्व सांसद रविन्द्र पाण्डेय, कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, धनबाद जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, अजय दुबे, राजपूत विचार मंच के अध्यक्ष  अरुण कुमार सिंह, डीएवी पब्लिक स्कूल के निदेशक  के सी श्रीवास्तव, जेएमएम केंद्रीय सदस्य धरनीधर मंडल, धनबाद क्रिकेट एसोसिएशन के विनय कुमार सिंह, उत्तम विश्वास सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए।

एक नजर में

## रघुवर दास को उड़ीसा के राज्यपाल बनाए जाने पर जिप अध्यक्ष सुनीता एवं चितरंजन ने दी बधाई

**बेरमो/ललपनिया।** झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को उड़ीसा के राज्यपाल बनाए जाने पर बोकारो जिला की जिप अध्यक्ष सुनीता देवी एवं भाजपा ओबीसीमोर्चा जिला अध्यक्ष चितरंजन साव रांची पहुंच हर्षव्यक्त करते हुए दास को बुक्के देकर बधाई व शुभकामनाएं दी है। जिप अध्यक्ष ने कहा हैकि झारखंड के लिए बड़े ही गौरव की बात है कि झारखण्ड पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास उड़ीसा का राज्यपाल बनाया गया है। श्री दास जी ने झारखण्ड मे अपने दायित्व को बेखूबी से निभाया तथा अब उनका अनुभव का लाभ उड़ीसा की जनता एवं सरकार को मिलेगा। वे झारखंड में एक अच्छे प्रशासक के रूप में रहे एवं उन्होंने सदैव जनता के प्रति काफी सेवा किया। कहा श्री दास जी ने राजनीतिक जीवन में हमेशा से संघर्षों को चुनौती केरूप में लेकर कार्य करते आए हैं। चितरंजन साव ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री श्री दास का दीर्घकालिक प्रशासनिक एवं सांगठनिक अनुभव उड़ीसा के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होगा।कहा कि झारखंड एवं उड़ीसा की संस्कृति एक है व दोनों भरपूर खनिज संपदा से भरा हुआ राज्य है। उन्होंने कहा कि दास उड़ीसा के संवैधानिक पद राज्यपाल का दायित्व निभाते हुए सरकार केसाथ मिलकर उड़ीसा की नई ऊंचाईयों तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

## फीट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन का किया गया आयोजन

**बेरमो।** इन दिनों कोल इंडिया मे सतर्कता जागरूकता माह चल रहा है इसी तरह कोल इंडिया के अनुशंगिक ईकाई सीसीएल भी अनेको तरह के आयोजन के माध्यम से सतर्कता जागरूकता, स्वच्छता को बढ़ावा देने के अभियान के जुटी हैं। इसी क्रम में शनिवार को सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र द्वारा फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 4.0 का आयोजन आज सुबह लगभग 10:00 बजे किया गया ।इस कार्यक्रम की शुरूआत कथारा जीएम कार्यालय परिसर से हुई जो असनापानी चौक तक गई।इस कार्यक्रम में सीसीएल कथारा क्षेत्र के सभी अधिकारी, कर्मचारी, स्थानीय लोग और विभिन्न स्कूली की छात्र छात्राएं उपस्थित थे। ज्ञात हो कि इस कार्यक्रम में कुल प्रतिभागी-103 कि संख्या में लोगों के भाग लिया। मौके पर सीसीएल कथारा सीएसआर अधिकारी चन्दन कुमार ने कहा कि फिट इंडिया एंव स्वच्छता फ्रीडम रन 4.0 हमारे परिवेश को स्वच्छ और हरा-भरा रखने के महत्व के साथ एक स्वस्थ जीवन शैली के सिद्धांतों को जोड़ता है। फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 4.0 एक अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है। एक बेहतर और उज्जवल भविष्य के लिए स्वच्छ और फिट भारत आवश्यक है। यह व्यक्तियों को स्वस्थ आदतें अपनाने, अपने समुदायों में स्वच्छता में योगदान देने और अंततः राष्ट्र की भलाई में योगदान करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

## गोमिया प्रखंड कार्यालय के सभागार में पंससो की कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न

**बेरमो /गोमिया।** गोमिया प्रखंड विकास पदाधिकारी के पत्रांक संख्या 407 के आलोक में शनिवार को गोमिया प्रखंड कार्यालय के सभागार में गोमिया के तमाम पंचायत समिति सदस्यों की कार्यकारिणी की एक अहम बैठक सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता गोमिया प्रमुख श्रीमती प्रमिला चौड़े द्वारा किया गया। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में प्रखंड के कई पदाधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक में प्रखंड के भीतर चल रहे विकास कार्यो की समिक्षा के साथ साथ विभिन्न विभागों के कार्य गति पर चर्चा हुई तथा मौके पर विधायक श्री महतो ने अधिकारियों को कई दिशा निर्देश भी दिए। बैठक के बाद मिडिया से बात करते हुए विधायक श्री महतो ने कहा कि प्रखंड के पदाधिकारियों और पंचायत समिति सदस्यों के बीच समन्वय की कमी को दुर करने पर इस बैठक में बल दिया गया है। कहे कि बैठक में संबंधित अधिकारियों की अनुपस्थिति बर्दाश्त नही किया जायेगा। उन्होंने बैठक में कहा कि ऐसे अधिकारियों को चिन्हित करे जो बैठक में नही आते हैं और उनके विरुद्ध उपायुक्त को शिकायत करे। मौके पर प्रखंड के विभिन्न अधिकारियों के अलावे लगभग पंचायत के पंसस उपस्थित थे ।

## ढोरी माता तीर्थालय में वार्षिक महोत्सव शोभा यात्रा के साथ आरंभ

**बेरमो /जारंगडीह।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जारंगडीह स्थित प्रसिद्ध ढोरी माता वार्षिक महोत्सव शोभा यात्रा के साथ शनिवार से विधिवत रूप से शुरू हो गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सह धर्म गुरु आनंद जो जो विशप मौजूद थे। यह शोभा यात्रा ढोरी माता तीर्थालय से निकल कर पुराना चर्च होता हुआ जारंगडीह कोलियरी गेट के समीप तक गया और वहां से फिर ढोरी माता तीर्थालय पहुच प्रार्थना सभा मे परिवर्तित होगा। यहां विशप द्वारा प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित सभी धर्मावलंबियों के अलावे स्थानीय लोगों के साथ साथ दुर दराज से भी सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष युवक युवतियां शामिल थी। ज्ञात हो कि ईसाई धर्म सबसे पवित्र स्थल मे ढोरी माता तीर्थालय भी शामिल है और यहां हर वर्ष ढोरी माता का वार्षिक महोत्सव का आयोजन होता है। मौके पर भव्य मेले का भी आयोजन होता है।


जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद, खूँटी

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

संख्या – 24/2023–24

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 06.11.2023 को कार्यालय अवधि तक को (अपराह्न 3:00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 07.11.2023 को 01:00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 08.11.2023 को 03:00 बजे अपराह्न तक
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी का कार्यालय।
6. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी का कार्यालय
7. कार्यो का विस्तृत विवरणी :

| क्र. | प्रखण्ड | गाँव | कार्य का नाम | प्रा० राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Khunti | Hatudami | Construction of community hall | 12,00,000.00 | 24000.00 | 2500.00 | 03 माह |
| 2 | | Hatudami, Hutar, Jamri, Jiyaratha | Gram Sabha Baithak Centre | 10,00,000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 3 | | Jojahatu, Kalamati, Kanadih, Kujram | Gram Sabha Baithak Centre | 10,00,000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 4 | | Kalamati, Phuddi | Gram Sabha Baithak Centre | 10,00,000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 5 | | Landup, Maranghada, Poseya, Sandasom | Gram Sabha Baithak Centre | 10,00,000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 6 | | Saradkel, Silda, Sibhukel, Tilma, Torangkel | Gram Sabha Baithak Centre | 12,50,000.00 | 25000.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 7 | Murhu | Balanga, Bamhari, Bande, Bari | Gram Sabha Baithak Centre | 10,00,000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 8 | | Bichana, Binda, Bundu Mahail, Burju | Gram Sabha Baithak Centre | 10,00,000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 9 | | Buruma, Charid, Digri, Durri | Gram Sabha Baithak Centre | 10,00,000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 10 | | Gaigai, Gajgaon, Gajgaon, Goratoli | Gram Sabha Baithak Centre | 10,00,000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 11 | | Gumpuru, Gutigara, Gutuhatu, Hansa, Hethgora | Gram Sabha Baithak Centre | 12,50,000.00 | 25000.00 | 2500.00 | 02 माह |

नोट :1. विस्तृत निविदा सूचना एवं शर्तें कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
2.परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
3. उक्त निविदा में जिला परिषद, खूँटी के समुचित श्रेणी का निबंधन ही मान्य होगा।

ह०/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, खूँटी।

PR 310090 (District) 23-24 (D)

## समय संवाद

**संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में करीब 14,000 रोहिंग्या मुसलमान ही शरणार्थी के रूप से रह रहें है। देश में अवैध निवासियों के संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्यसभा में एक लिखित जवाब में बताया कि पिछले दो वर्षों में 3,000 से अधिक लोगों को अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने की कोशिश में गिरफ्तार किया गया। गृह मंत्रालय ने कहा, 'पाकिस्तान से 116 नागरिकों, बांग्लादेश से 2,812 और म्यांमार से 325 लोगों को 2018 और 2020 के बीच भारत में घुसपैठ की कोशिश करते हुए पकड़ा गया। जम्मू कश्मीर के गृह विभाग की फरवरी 2018 की एक रिपोर्ट के मुताबिक 6523 रोहिंग्या पांच जिलों में 39 कैंप्स में रहते हैं। जब उनमें से कुछ के पास से फर्जी दस्तावेज, जिनमें आधार कार्ड और पासपोर्ट शामिल हैं।**

# ...वरना लाइलाज बीमारी बन जायेंगे रोहिंग्या

**आशीष वशिष्ठ**



**भारत** सरकार अवैध रूप से रहे हर विदेशी का पूरा हिसाब किताब कर उसे वापस भेजना चाहती है। इसी कड़ी में कश्मीर प्रशासन महाअभियान चलाकर रोहिंग्या मुसलमानों की बायोमेट्रिक जानकारी और दूसरे विवरण जुटाने में जुटी है। खासतौर से अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्याओं की पहचान कर रही है। जिनके पास पासपोर्ट अधिनियम की धारा तीन के मुताबिक, वैध यात्रा दस्तावेज नहीं है। उन्हें हीरानगर के 'होल्डिंग सेंटर' भेजा जा रहा है। म्यांमार में राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के कारण भगाये गये रोहिंग्या मुस्लिम मूलतः बांग्लादेश के हैं लेकिन बजाय वहां जाने के वे अवैध रूप से भारत में घुस आये और बांग्ला देशी शरणार्थियों की तरह से ही देश के विभिन्न हिस्सों में डेरा जमाकर बैठ गये। इस कार्रवाई के बीच यह सवाल भी उठ खड़ा हुआ कि म्यांमार से चलकर ये जम्मू कैसे जा पहुंचे और पिछली केंद्र सरकार ने आतंकवादी छवि वाले इन विदेशी मुस्लिमों को पाकिस्तान की सीमा के नजदीक बसाने की गलती क्या सोचकर की थी?

रोहिंग्या के विरुद्ध वर्तमान केंद्र सरकार द्वारा दिखाई गई सख्ती का भी उन लोगों ने विरोध किया जो नागरिकता कानून के विरुद्ध आसमान सिर पर उठाये घूमते रहे। 1971 में बांग्ला देश से आये शरणार्थियों के पास तो वहां छिड़े गृह युद्ध का बहाना था लेकिन रोहिंग्या मुसलमानों को म्यांमार ने जिस कारण से निकाल बाहर किया था उस पर ध्यान दिए बिना ही भारत में उन्हें मानवीयता के आधार पर क्यों स्वीकार किया गया ये बड़ा सवाल है। 13 अक्टूबर 2017 को अवैध रूप से देश में रह रहे रोहिंग्या मुसलमानों के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि, 'देश की सुरक्षा, आर्थिक हितों की रक्षा जरूरी है। लेकिन इसे मानवत के आधार से भी देखना चाहिए. हमारा संविधान मानवता के आधार पर बना है।' वर्ष 2017 में ही देश की 51 मशहूर हस्तियों की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक खुला खत लिखा गया था। इस खत में केंद्र सरकार से म्यांमार में जारी हिंसा के बीच रोहिंग्या शरणार्थियों को वापस उनके देश नहीं भेजने की अपील की गई थी। गौरतलब है कि बीते वर्ष नवंबर में बांग्लादेश की सरकार ने सैकड़ों की संख्या में इन रोहिंग्या शरणार्थियों को उनकी मर्जी के बिना एक द्वीप 'भाषन चौर' भेजना शुरू कर दिया है। बांग्लादेश के तट से 60 किलोमीटर की दूरी पर भाषन चौर द्वीप मौजूद है। पिछले तीन सालों से बांग्लादेश सरकार 350 मिलियन डलर की लागत से नया शहर बना रही है। उनका मकसद 100,000 से ज्यादा शरणार्थियों को यहां शिफ्ट करने का है ताकि कक्स बाजार के शरणार्थी कैंप पर दबाव कम किया जा सके।

जम्मू से उनके निकाले जाने के दौरान ये खबर भी आ गयी कि उप्र के अनेक इलाकों में रोहिंग्या मुसलमान फैल गए हैं और भ्रष्ट शासन तंत्र का लाभ उठाते हुए आधार कार्ड जैसे दस्तावेज हासिल करने में सफल हो गए। यही नहीं बांगला देश से अपने बाकी परिजनों को बुलाने की व्यवस्था भी वे कर रहे हैं। कुछ तो भारतीय पासपोर्ट बनवाकर खाड़ी देशों में नौकरी हसिल करने में भी सफल हो गए। हवाला कारोबार के अलावा अन्य अपराधिक गतिविधियों से उनका सम्बन्ध भी उजागर हो रहा है। धीरे-धीरे ये बात भी सामने आ रही है कि पाकिस्तान प्रवर्तित आतंकवादी गतिविधियों से भी ये जुड़ते जा रहे हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि म्यांमार में देश विरोधी गतिविधियों के कारण भगाए जाने रोहिंग्या को भारत में पनाह देने के मामले में इतनी उदारता क्यों बरती गई और उन्हें जम्मू जैसे सीमावर्ती क्षेत्र में बसाये जाने की मूर्खता के पीछे क्या सोच रही? बांग्ला देशी शरणार्थियों के रूप में पैदा हुई समस्या नासूर बन चुकी है। वोट बैंक की राजनीति ने पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत की जनसंख्या में बड़ा असंतुलन पैदा कर दिया है। बंगाल और असम में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में मतदाता बन चुके बांगला देशी घुसपैठिये बड़ी भूमिका निभाएंगे जिनकी मिजाजपुर्सी में धर्म निरपेक्षता के झंडाबरदार जुटे हुए हैं। इन्हें वापिस भेजे जाने की चर्चा मात्र से ममता बनर्जी भड़क उठती हैं। ऐसे में अब रोहिंग्या मुस्लिमों को भी बर्दाश्त किया जाना समझ से परे है।

# शास्त्रों का सार है गीता

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**गीता** में 700 श्लोक है। यह सभी शास्त्रों का सार अपने में समेंटे हुए है। गीता एक निचोड़ है। अगर हर दिन एक श्लोक भी आत्मसात किया जाए तो लगभग दो साल में गीता याद हो सकता है। चूंकि ज्ञान का खोज भारत में हुआ था और भारत से दुनिया की पहली सभ्यता भी पनपी है। लगभग दस हजार साल पहले का समय था जब भारतीय मनीषियों ने मैं क्या हूं? मेरी गति कहां जा रही है?सांस की गति क्या है? इसे रोककर देखा जा सकता है। योग के कुंभक जैसी प्रकियाओं को जन्म देते हुए उन मनीषियों ने समाधि की स्थिति को प्राप्त कर लिया। उनकी उत्सुकता मानव मन से लेकर सांस और जीवन मृत्यु को लेकर थी। जब इस क्षेत्र में उन्होंने सफलता हासिल की तब उन्होंने काह कि सुनो विश्व वालों हमने अमृत पा लिया है। वह स्थान जहां मनुष्य जीवन-मरण से मुक्त हो जाता है वह हमने प्राप्त कर लिया है। मनुष्य 84 लाख योनियों में सर्वोत्तम है।

इस बात की जानकारी उस समय भी लोगों को भी कि एक मनीषियों का देश भारत है जहां के संत-मनीषियों ने बहुत उंची अवस्था प्राप्त कर ली है। जब सत्य सनातन और धर्म संस्कृति में हमारे देश दुनिया से सर्व श्रेष्ठ है।

ईशा मसीह के बारे में लिखा है कि वे 15 वर्ष तक गायब थे। आखिर वे कहा था। गया, काशी ईशा आये ऐसा वर्णन मिलता है। कई प्रमाण है कि उन्होंने भारत की संस्कृति को जाना और समझा। हमारे स्वामी जी (परम पूज्य 1008 शिवर्धमानंदजी महाराज) ने भी गया और काशी को एक किया। जब उन्होंने काशी में धर्म का कार्य किया तब विस्तार किया तब उनके दिमाग में काशी के विकास के साथ ही गया माने मगध क्षेत्र में धर्म के विस्तार की बात रही थी। यही कारण है कि जब वे काशी से राजपुर आये तो उन्होंने मगध के एक स्थान टिकारी को केन्द्र बिंदु बनाकर उस क्षेत्र में ब्रह्म ज्ञान का विस्तार किया। आज मगध क्षेत्र में नौ से अधिक आश्रम है। काशी के पंडितो ने गया को कम महत्वपूर्ण बताने का जो प्रयास किया था उसे स्वामी जी नहीं स्वीकारते थे।

बुद्ध के धर्म प्रचार और कर्मकांड पर उनके प्रहार से क्षुब्ध काशी के पंडितो के प्रचार को समाप्त कर दिया। जब देश धर्म में उच्च स्थिति को प्राप्त था। राज्य के सिंहासन पर धर्म को मानने वाले राजा अपने सदगुरुओं को सम्मान देते थे उनके बताये रास्ते पर चलते थे तब भारत दुनिया का सबसे बड़ा आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृति राष्ट्र था। भारत ने दुनिया को धर्म का अविष्कार कर दिया जो सर्वश्रेष्ठ अविष्कार है। आज समाज भोग प्रधान होता जा रहा है। ऐसे में लोग भोगवादी होकर आपस में मारा-मारी करते हैं। भारत ने कभी किसी देश से लड़ाई की हो ऐसी एक भी घटना सामने नहीं आती है। ज्ञान वैराग्य प्रधान देश होने की मूल प्रवृति होने के कारण ऐसा होता है। आदि शंकराचार्य ने एक जगत की कल्पना सबसे पहले की थी।

हमारे संस्कृति के मुख्य ग्रंथ गीता और रामयण संवाद शैली में है। इससे किसी भी बात को समझने में बड़ी आसानी होती है। मोहग्रस्त अर्जुन को समझाते हुए कृष्ण ने जो कुछ कहा वे गीता में वर्णित है। अर्जुन सवाल करता है कि भीष्म और गुरु द्रोर्ण का संहार क्यों? दोनो प्राण प्रण है जान से प्यारे हैं क्या कोई ऐसे का वध कर सकता है?

आत्म ज्ञान न होने से मोह पैदा होता है। मोह का नाश हो जाए तब किसी को लेकर सही चिंतन प्रकट होता है। अर्जुन सवाल करते हैं कि अगर ज्ञान और मोझ ही अंतिम है तो इस युद्ध में क्यों लगा जाए? इस कर्म में क्यों लगा जाए? मैं युवक हूं एक सहज आदमी हूं। आप अविनाशी हैं और सर्वव्यापक भी। आप बताये ज्ञान का व्यवहार कैसे होगा?

लिखा और सीखा में बड़ा अंतर होता है। लिखा हुआ आदमी बोलता है लेकिन जो सीखा वहीं करता है। जो न राम का वह नहीं है मेरे काम का। किताब से सीखकर कभी आत्मज्ञान नहीं हो सकता है। जो आत्मा का वरण करता है उसे आत्म ज्ञान होता है।

पूरी गीता के अंधिकाश हिस्सा तो अर्जुन के क्रंदन का है लेकिन जब उसे कृष्ण का विराट रुप का दर्शन होता है तब वह मान लेता है कि कृष्ण वो सहज कृष्ण नहीं है वे सदगुरु, विश्व गुरु, महान श्री कृष्ण है जिनके आदेश में ही जीवन का सार छिपा है।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

# गुड़हल की चाय डायबिटीज नियंत्रण के लिए रामबाण



**नुपूर शर्मा**

**डायबिटीज** के मरीजों को दिन में दो बार गुड़हल की चाय पीनी चाहिए?

इस बीमारी में चीनी और मीठी चीजों को खाने की मनाही होती है। इसके लिए मरीज चाय पीने से भी परहेज करते हैं। अधिकांश डायबिटीज के मरीज चाय को लेकर असमंजस में रहते हैं और चाय से दूरी बनाए रखते हैं। हालांकि, डॉक्टर हमेशा हर्बल टी पीने की सलाह देते हैं। हर्बल टी के कई प्रकार हैं। इनमें एक गुड़हल की चाय है, जिसे खट्टी चाय भी कहा जाता है। इस चाय के सेवन से न केवल ब्लड शुगर कंट्रोल में रहता है, बल्कि वजन भी घटता है।

**गुड़हल की चाय**

यह चाय गुड़हल के फूलों से बनाई जाती है। इसे अंग्रेजी में हिबिस्कस टी कहा जाता है। इसकी फूलों में विभिन्न प्रकार के लाभकारी पॉलीफेनोल एंटीऑक्सिडेंट होते हैं, जिनमें कार्बनिक एसिड और एन्थोकायनिन शामिल होते हैं। यह चाय रक्त चाप के स्तर और सूजन को कम करने में मददगार साबित होती है।

खासकर डायबिटीज रोग में ज्यादा प्रभावशाली होती है। इसके सेवन से ब्लड शुगर कंट्रोल करने में मदद मिलती है। शोध में विशेष ध्यान टाइप 2 डायबिटीज के मरीजों पर किया गया, जो उच्च रक्त चाप की समस्या से भी पीड़ित थे।

इस शोध में बताया गया है कि खट्टी चाय पीने से डायबिटीज और रक्तचाप में आराम मिलता है। शोध में 60 लोग शामिल थे। वहीं, केवल 53 मरीजों ने शोध में हिस्सा लिया। शोध से यह पता चला कि टाइप 2 डायबिटीज के मरीजों को दिन में दो बार गुड़हल की चाय पीनी चाहिए। इससे रक्त चाप कंट्रोल में रहता है।

# रिज्यूम बनाते समय रखें ध्यान

**प्रशांत झा**

नौकरी के लिए रेज्यूमे बनाते समय किन बातों का ध्यान रखना जरूरी है,

रिज्यूम बनाने से पहले थोड़ी देर इंटरनेट पर समय बिताएं। वहां कई ऐसी वेबसाइट्स और टूल्स मौजूद हैं, जो रेज्यूमे बनाने में आपकी मदद कर सकते हैं। तीन-चार वेबसाइट्स देखने के बाद आपको रेज्यूमे बनाने का तरीका समझ आ जाएगा।

जिनका जिक्र नौकरी के लिए दिए जाने वाले विज्ञापनों में समान्यतः होता है। उनमें से जो स्किल्स आपमें हों, उन्हें रेज्यूमे में हाइलाइट करें। इससे इंटरव्यू के लिए चयनित होने वाले प्रत्याशियों की सूची में आपका नाम आने की संभावना बढ़ जाएगी।

इंटरनेट पर उसके बारे में भी थोड़ी-सी रिसर्च करें। अगर कंपनी में आपका कोई जानकार हो तो उससे भी बातचीत कर सकते हैं। इससे यह पता लगाना आसान होगा कि कंपनी उम्मीदवारों में कौन-सी योग्यताएं खोज रही है। इसके अलावा, रेज्यूमे में अपनी योग्यताओं का प्रस्तुतीकरण कंपनी की अपेक्षाओं के अनुरूप करने में भी मदद मिल सकेगी।




उनसे पूछें कि सामान्यतः नियोक्ता एक कैंडिडेट में कौन-सी योग्यताएं तलाशते हैं। इससे आपको रेज्यूमे में लिखने के लिए बहुत-सी उपयोगी जानकारियां मिल सकेंगी।

जिनका संबंध आपके प्रोफेशन से हो। जैसे जर्नलिस्ट की पोस्ट के लिए तैयार किए जा रहे रेज्यूमे में डिबेट और एस्से कॉम्पिटीशन में जीते पुरस्कारों का जिक्र कर सकते हैं। इसके अलावा अगर आपने किसी वर्कशॉप, सेमिनार, वेबिनार आदि में हिस्सा लिया है तो उन्हें भी हाइलाइट करें। इंटर्नशिप के बारे में भी विस्तार से बताएं।

अपनी शैक्षिक योग्यताएं हमेशा बुलेट फॉर्मेट में दशाएं। इससे उन्हें आसानी से पढ़ा जा सकता है।

किसी वर्ड प्रोसेसिंग प्रोग्राम में रेज्यूमे बनाएं और हमेशा टाइम्स, टाइम्स न्यू रोमन और एरियल जैसे प्रोफेशनल फॉन्ट्स ही इस्तेमाल करें। डिजाइनर फॉन्ट इस्तेमाल करने वाले उम्मीदवारों को एंप्लॉयर गंभीरता से नहीं लेते।

**सॉफ्ट स्किल्स का जिक्र**

टीमवर्क, इमोशनल इंटेलिजेंस, कम्युनिकेशन, क्रिएटिविटी, पेशेंस आदि व्यक्तित्व के गुण सॉफ्ट स्किल्स के अंतर्गत आते हैं। इनमें से कौन-से गुण आपके व्यक्तित्व का अभिन्न हिस्सा हैं।

**(सेंटर मैनेजर ब्रदर्स एकेडमी रांची)**


# पत्रकारिता के धरोहर : पाटलिपुत्र के रामजी मिश्र मनोहर

**राकेश प्रवीर**

पं रामजी मिश्र मनोहर ने पत्रकारिता को कर्म के रूप में अपनाकर ऐसी लकीर खींची कि वे हमारे बीच नहीं है मगर उन्हें बिहार की पत्रकारिता का शलाकापुरुष और पाटलिपुत्र की धरोहर के तौर पर जाना जाता है। यह सम्मान मनोहर जी ने पांच दशकों से भी अधिक समय तक बिहार की पत्रकारिता को अपनी मेधा का बहुलांश समर्पित कर व पत्रकारिता के आदर्शों का उच्चतम कीर्तिमान स्थापित कर हासिल किया।

मनोहर जी का जन्म रामनवमी, सन 1927 ई. को पटना सिटी (प्राचीन पाटलिपुत्र) के कालीस्थान मुहल्ले जो सम्प्रति डा. वी डी मिश्र पथ से जाना जाता है, में हुआ था। उनके पिता डा. विश्वेशर दत्त मिश्र एक खातिप्राप्त चिकित्सक होने के साथ ही स्वतंत्रता सेनानी, समाजसेवी और साहित्यानुरागी थे और उन्होंने बिहार बंधु तथा प्रजा-बंधु, भूदेव तथा डाक्टर भाई जैसे पत्रों के प्रकाशन में तमाम संकटों के बावजूद अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया था। ऐसे में मनोहर जी को पत्रकारिता का संस्कार सहज ही अपने पिताश्री से विरासत में प्राप्त हुआ था।

मनोहर जी के बड़े सुपुत्र पत्रकार ज्ञानवर्द्धन मिश्रा का कहना है कि उन्हें पत्र-पत्रिकाओं से छात्र जीवन में ही लगाव हो गया था। 1944-45 ई. में मनोहर जी ने हस्तलिखित त्रैमासिक भारती का सम्पादन किया, 1945 ई. में वे दैनिक आर्यावर्त के सिटी संवाददाता रहे। 47 ई. में उनकी नियुक्ति दैनिक राष्ट्रवाणी के उप सम्पादक के पद पर हुई। उन्होंने कुछ दिन दैनिक विश्वमित्र' और प्रदीप के सम्पादकीय विभाग में भी कार्य किया। सन 1950 ई. में वे आर्यावर्त के कार्यालय संवाददाता बने। फिर मुख्य संवाददाता, उप समाचार संपादक, समाचार संपादक आदि पदों पर कार्य करते हुए संयुक्त सम्पादक के पद पर प्रतिष्ठित हुए। मनोहर जी के लिए हमेशा पद से ज्यादा कार्य महत्वपूर्ण रहा, इसलिए वे पद के कभी मोहताज नहीं रहे। ज्ञानवर्द्धन मिश्रा के अनुसार मनोहर जी ने बिहार के बाहर के अनेक प्रतिष्ठित पत्रों और समाचार-संस्थाओं का भी प्रतिनिधित्व किया। इनमें संवाद एजेंसी पी टी आई के साथ ही नवभारत टाइम्स, आज, सन्मार्ग, भारत आदि उल्लेखनीय हैं। वे पाटलिपुत्र परिषद और पटना नगर हिन्दी साहित्य सम्मेलन के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। पटना नगर जिला कांग्रेस और ह्य बिहार



29 अक्टूबर पुण्यतिथि पर विशेष

हिन्दी पत्रकार संघ के भी वे वर्षों तक सचिव रहे। मगर उनका मन पत्रकारिता में ही हमेशा रचा-बसा रहा।


1988 में वह जून का महीना था। बचपन से ही बिहार से निकलने वाले हर पत्र-पत्रिकाओं में रामजी मिश्रमनोहर का नाम देखता-पढ़ता आया था। पटना में आए कुछ महीना ही हुआ था। एक मित्र के साथ पटना के फ्रेजर रोड पर अचानक मेरी ओर देखते हुए एक मेरे कंधे पर हाथ रख कर मनोहर जी ने कहा- मैं रामजी मिश्र मनोहर, क्या नाम है आपका? मैं थोड़ा घबड़ा गया, मगर अमरेन्द्र जी ने परिचय कराया। उस पहली मुलाकात में ही मैं मनोहर जी का कायल हो गया। मैं चम्पारण का रहने वाला हूं, यह जान कर मनोहर जी काफी खुश हुए। मनोहर जी रचित दास्ताने पाटलिपुत्र में पाटलिपुत्र के सम्बंध में जो ऐतिहासिक और सांस्कृतिक तथ्य उपलब्ध हैं, वे अन्यत्र दुर्लभ हैं। पाटलिपुत्र की धरोहरों के संरक्षण की उन्हें हमेशा चिन्ता रहती थी। एक बार अपने अखबार के लिए पटना सिटी स्थित चाणक्य की गुफा पर एक रिपोर्ट बनाने के लिए गया। वहां कई स्थानीय लोगों के साथ मनोहर जी से भी मिला। पाटलिपुत्र के इतिहास और साहित्य की दास्तान तो मानों उन्हें कण्ठस्थ था। उन्हें बिहार की सांस्कृतिक धरोहरों के एक सजग प्रहरी तथा बिहार की राजधानी पटना की सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों के भी ऊजार्वान केन्द्र के रूप में भी जाना जाता था। पाटलिपुत्र की परम्परा में कई वर्षों से बंद पड़े कौमुदी महोत्सव को युवकों को प्रेरित कर शुरू कराया।

कोई भी साहित्यिक-सांस्कृतिक आयोजन हो, मनोहर जी की उपस्थिति वहां अनिवार्य तौर पर होती थी। होली के मौके पर होने वाले महामूर्ख सम्मेलन और मनोहर जी की भूमिका को पटना के लोग आज भी नहीं भूले हैं।

मनोहर जी को ऐतिहासिक अन्वेषण से भी बड़ा लगाव था। वे दिल से चाहते थे कि पाटलिपुत्र अपने अतीत की परम्परा के साथ ही आधुनिक युग में भी शिखर पर रहे। बिहार रिसर्च सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित कतिपय संगोष्ठियों में उनके विद्ववतापूर्ण संभाषण को सुनने का मुझे भी मौका मिला है। उनकी वक्तृत्व कला अदभुत थी। क्या बोलना चाहिए, कितना बोलना चाहिए और कैसे बोलना चाहिए, इस पर न केवल उनकी पकड़ थी, बल्कि एकाधिकार भी था। उनके ऐतिहासिक तथ्यों के प्रस्तुतिकरण पर इतिहास के बड़े-बड़े प्राध्यापकों और अध्येयातों को भी आश्चर्य होता था।

कभी अजीमाबाद और कभी कुसुमपुर, पुष्पपुर और इन सबकी कहानियां मनोहर जी के पास सही ऐतिहासिक तथ्यों के साथ सुरक्षित-संरक्षित था। दरअसल ऐतिहासिक तथ्यों को देखने-परखने का मनोहर जी का अपना अनुभवजन्य नजरिया था। मनोहर जी के बहुआयामी व्यक्तित्व का दर्शन उनके द्वारा स्थापित बिहार पत्रकारिता संस्थान एवं संग्रहालयह्ल ( अब रामजी मिश्र मनोहर मीडिया फाउंडेशन ) में सहज रूप से होता है। पत्रकारिता संस्थान के रूप में एक संग्रहालय देकर उन्होंने राष्ट्रभाषा और पत्रकारिता की महती सेवा की ।

# असीमित धैर्य



महारानी एलिजाबेथ के कार्यकाल में डॉ. टॉमस कूपर ने एक शब्दकोश का संपादन किया, जिसमें उन्होंने 33,000 शब्द जोड़ने के अलावा अन्य भी कई सुधार किए। शब्दकोश के इस संस्करण के लिए जानकारी जुटाने में वे आठ वर्षों का समय लगा चुके थे। उनकी पत्नी एक कम समझदार महिला थी। एक दिन वह उनके पुस्तकालय में गई और उसने इस डर से उनके सारे नोट्स जला डाले कि इतने अधिक काम से कहीं उनकी मौत न हो जाए।

थोड़ी ही देर बाद डॉक्टर टॉमस वहां पहुंचे और वहां की हालत देखकर पूछा कि किसने ऐसा किया। उनकी पत्नी ने निडरता से जवाब दिया कि मैंने किया। डॉक्टर ने सब्र से काम लेते हुए सिर्फ इतना ही कहा, ओह तुमने मुझे दुनियाभर की परेशानी दे दी।ह्व उन्होंने शांत भाव से उन नोटों को तैयार करने में एक बार फिर आठ वर्षों का समय लगाया।

डॉ. टॉमस ने जिस आश्चर्यजनक धैर्य का परिचय दिया, वह तभी संभव होता है, जब दिल में कोई कड़वाहट न हो और चरित्र में मजबूती हो। धर्य से जिंदगी में काफी मजबूती मिलती है और सफलता भी।

संस्थापक
**स्व. डॉ अभय कुमार सिंह**
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
**मुद्रक, प्रकाशक**
**मंजू सिंह**
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**संपादक**
**अविनाश ठाकुर***
**फोन : 95708-48433**
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# ब्रेन स्ट्रोक होने पर इलाज में देरी से हो सकती है मरीज की मौत

**डॉ कुमार विजय आनंद**

**ब्रेन स्ट्रोक** के लक्षणों को नजरंदाज नहीं करना चाहिए। यदि इसके लक्षण दिखें तो साढ़े चार घंटे के अंदर अस्पताल पहुंचना और इलाज शुरू हो जाना जरूरी होता है। विलंब होने पर मरीज की जान बचानी मुश्किल हो जाती है। ये बातें मीडिया से बातचीत में मेदांता अब्दुर रज्जाक अंसारी मेमोरियल वीवर्स अस्पताल, राँची के न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. कुमार विजय आनंद ने कही। ब्रेन स्ट्रोक के लक्षण के है - अचानक कमजोरी या हाथ, पैर या चेहरे का सुन्न होना विशेष रूप से शरीर के एक तरफ।अचानक भ्रम, समझने या बोलने में परेशानी।दोनों या एक आंख में देखने में अचानक परेशानी होना।अचानक चक्कर आना, चलने में परेशानी, संतुलन या समन्वय का नुकसान।

**बिना किसी ज्ञात कारण के अचानक गंभीर सिरदर्द ।**

मेदांता राँची के न्यूरो सर्जन डॉ. आनंद कुमार झा ने कहा कि ब्रेन स्ट्रोक, ब्रेन के अंदर अचानक होने वाला अटैक है। यह दो प्रकार से होता है झ्र इस्कीमिक स्ट्रोक और हेमरेजिक स्ट्रोक। 80 प्रतिशत स्ट्रोक इस्कीमिक होते है। इसमें ब्रेन की नसों में ब्लॉकेज हो जाता है जिससे मस्तिष्क में खून की आपूर्ति बाधित हो जाती है। 20 प्रतिशत स्ट्रोक हेमरेजिक होते है। जिसमें मस्तिष्क की नस फट जाती है। ब्रेन स्ट्रोक के लक्षणों में



अचानक से आवाज गायब हो जाना, हाथ - पैर और चेहरे में सुन्नता या कमजोरी महसूस होना, पैरालिसिस की स्थिति आदि शामिल है।

**ब्रेन स्ट्रोक से बचने के लिए यह करें**

उन्होंने बताया कि ब्रेन स्ट्रोक का मुख्य कारण डायबिटीज, हाइपर टेंशन, मोटापा, हार्ट डिजीज, अल्कोहल और स्मोकिंग, खराब जीवन शैली, अनुवांशिकता और स्ट्रेस आदि। ब्रेन स्ट्रोक से बचाव के लिए नियमित व्यायाम करें, अच्छा पोषणयुक्त आहार लें और संतुलित जीवनशैली अपनाएं। कोलेस्ट्रॉल, डायबिटीज और बीपी पर नियंत्रण रखें। अल्कोहल और स्मोकिंग से दूर रहें। अल्कोहल और स्मोकिंग इसके खतरे को बढ़ा देते हैं।

उन्होंने कहा कि स्ट्रोक के मरीजों के ठीक होने के बाद समान्य जीवन जीना इस बात पर निर्भर करता है कि स्ट्रोक कितना था और कितना जल्दी उसे इलाज मिल पाया। स्ट्रोक के बाद साढ़े चार घंटे के अंदर इलाज होने से मस्तिष्क टिश्यू की अधिक क्षति होने से रोका जा सकता है।

**मेदांता रांची में है ब्रेन स्ट्रोक का बेहतर इलाज**

हॉस्पिटल डायरेक्टर विश्वजीत कुमार ने बताया कि मेदांता अस्पताल राँची में ब्रेन स्ट्रोक से लेकर सभी प्रकार की मस्तिष्क से जुड़ी बीमारियों के इलाज की बेहतर व्यवस्था है। यहां सिटी स्कैन से लेकर एमआरआई जांच तक एक ही छत के नीचे मौजूद है। यहां विश्वस्तरीय मेडिकल इलाज अनुभवी डॉक्टरों द्वारा आधुनिक तकनीक से किया जाता है।



# राहुल गांधी का सपना है जुड़ेगा भारत जीतेगा इंडिया : के राजू

■ कांग्रेस पार्टी की लोकसभा समन्वय समिति की बैठक में कई मुद्दे पर चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में शामिल कांग्रेस के दिग्गज नेता।

**लोहरदगा।** जिला में कांग्रेस पार्टी की लोकसभा समन्वय समिति की बैठक जिला परिषदन में हुई। लोहरदगा लोकसभा समन्वय समिति के बैठक लोहरदगा परिसदन में लोकसभा समन्वय समिति के प्रभारी सुखदेव भगत की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय को-ऑर्डिनेटर के राजू शामिल हुए साथ ही साथ बैठक में चतरा लोकसभा समन्वय समिति प्रभारी धीरज प्रसाद साहू, लोहरदगा लोकसभा संयोजक प्रदीप तुलस्यान, संजय लिलोठिया, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बंधु तिर्की, पूर्व सांसद प्रदीप बालमुचू एवं कई दिग्गज नेता शामिल थे। बैठक में मुख्य अतिथि द्वारा लोहरदगा लोकसभा में कांग्रेस पार्टी की जीत सुनिश्चित करने हेतु हर एक बिंदुओं पर चर्चा कर संगठन को मजबूती प्रदान करने पर बल दिया गया साथ ही साथ लोकसभा अंतर्गत सभी विधानसभा प्रभारी एलडीएम जिला अध्यक्ष विभिन्न प्रकोष्ठ के अध्यक्षों से बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने हेतु जो कार्यक्रम चलाया जा रहा है उसकी वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई । बैठक को संबोधित करते हुए के राजू ने कहा कि समन्वय समिति का मुख्य उद्देश्य सभी से समन्वय बनाते हुए बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करना है राहुल गांधी का सपना है जुड़ेगा भारत जीतेगा इंडिया के तहत वैसे जनाधार वाले लोगों को संगठन से जोड़कर हमें उन्हें आगे लाना है और नेता बनना है वर्तमान समय में देश की स्थिति को देखते हुए कांग्रेस का हर कार्यकर्ता को कांग्रेस के नीति सिद्धांतों पर चलकर सिर्फ और सिर्फ पार्टी को मजबूत कैसे किया जाये इस पर कार्य करना है जिसके तहत समन्वय समिति बनायी गयी है।

### ...और क्या बोले वक्ता

■ लोहरदगा लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत ने कहा कि राहुल गांधी जी ने नफरत छोड़ो भारत जोड़ो यात्रा के तहत मोहब्बत का पैगाम लेकर यात्रा शुरू की लोग जुड़ते गए कारवां बनता गया और आज पूरा देश आशा भरी निगाहों से राहुल गांधी जी की ओर देख रहा है हमें भी जनमानस का दिल जीतने के लिए गांव टोले मोहल्ले तक पहुंचकर राहुल गांधी जी और राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे जी के द्वारा जो टास्क दिया गया है उसे पूरा करना है।

■ चतरा लोकसभा प्रभारी धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण बेरोजगारी महंगाई चरम पर है चारों ओर त्राहिमाम मची है देश के सामने संकट है ऐसे समय में हम सभी को पार्टी हित में काम करना है और लोहरदगा लोकसभा में कांग्रेस पार्टी की जीत सुनिश्चित कर राहुल गांधी जी के सपने को साकार करना है साथ ही साथ भाजपा की फूट डालो शासन करनेवाली नीति से बचाना है।

■ कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि कांग्रेस के हर जिम्मेदार पदाधिकारी और कार्यकर्ता या ठान लें।पार्टी को हमें कैसे जीत दिलानी है इसके लिए अभी से लग जाये।

■ प्रदीप बालमुचू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी कभी कमजोर नहीं रही है समन्वय स्थापित कर कार्य करें और ठान ले की हर हाल में लोहरदगा लोकसभा सीट जीत कर हम राहुल गांधी को और खड़ेजी को तोहफा देंगे।

### ये भी थे उपस्थित

बैठक में भीम कुमार, आशिक अंसारी, सुखैर भगत, चैतू उराव, राकेश किरण महतो, शकील अहमद, नेसार अहमद, अजय शाहदेव, केदार पासवान, दीप नारायण उरांव, अशोक यादव, अभिलाष साहू, अभिनव सिद्धार्थ, आलोक साहू, पवन गौतम, जगदीश भगत, बैलास तिर्की, शिवकुमार भगत, रमेश चीनी, प्रदीप केसरी, एलन कुजूर, ईश्वर आनंद, अकील अहमद, सीमा सरिता, रीना कुमारी, दीपक ओझा, सालन कुमार, बॉबी भगत, अमृता भगत, आजाद अंसारी, मुजम्मिल अंसारी, प्रकाश सनी नीरज, विनोद खेरवार, अनिल उरांव, आफताब, साजन कुमार, अनीश खान, कुलदीप, विशाल डुगडुग, सीमा परवीन आदि उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### मेलाटांड़ में साफ-सफाई कार्यक्रम आज

**लोहरदगा।** रविवार को सुबह 7 बजे केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति मेला टांड़ में साफ सफाई का कार्यक्रम रखी है। जानकारी केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति कोषाध्यक्ष सचिन साहू ने केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों से आग्रह किया कि इस सेवा कार्य में सभी अपनी सहभागिता दिखायें।

### नौनी और कोटाम पिकेट का एसपी ने किया निरीक्षण, दिये जरूरी निर्देश

फोटो 6 में पिकेट के जवानों को निर्देश देते एसपी

**गुमला।** एसपी हरविंदर सिंह ने घाघरा थाना क्षेत्र के नौनी पिकेट और गुमला थाना अंतर्गत कोटाम पिकेट का औचक निरीक्षण कर पिकेट की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और जवानों की मुस्तैदी जांचने के लिए स्टैंड टू की ड्रिल कराई। इस दौरान एसपी ने पिकेट में तैनात जवानों की समस्या भी सुनी और कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

### जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में उपायुक्त ने दिये कई आवश्यक निर्देश

**लोहरदगा।** उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक जूम मीटिंग के माध्यम से हुई। बैठक में सभी थाना प्रभारियों से बीते माह से अब तक अवैध बालू उठाव, बाक्साईट खनन, पत्थर खनन से संबंधित छापेमारी और किये गये कार्रवाई की जानकारी ली गई। सभी थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र उक्त मामलों में जब्त किये गये वाहन, एफआईआर, दंड शुल्क की जानकारी दी गई। सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अवैध रूप बाक्साईट खनन, पत्थर खनन समेत अन्य अवैध खनन की चेकिंग करने, नियमित रूप रूप से चलान की जांच करने का निर्देश दिया गया। एनजीटी की रोक हट जाने के पश्चात पंचायत स्तर पर बालू उपलब्ध है, इसकी जानकारी खनन पदाधिकारी द्वारा दी गयी। पुलिस अधीक्षक लोहरदगा ने नियमित छापेमारी, जांच व चालान जांच करने का निर्देश दिया। जूम मीटिंग में पुलिस अधीक्षक हरिश बिन जमां, एसडीओ अमित कुमार, सहायक खनन पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी समेत अन्य उपस्थित थे।

### दशहरा जतरा पर हुआ भव्य कार्यक्रम



**कैरो।** प्रखंड के खरता में शनिवार को दशहरा जतरा का आयोजन किया गया। गांव के पहान जयमंगल मुंडा, पुजार मांगे उरांव सहित ग्रामीणों ने जतरा खूंटा में विधिवत पूजा अर्चना कर गांव के अखड़ा में बाहर गांव से आये खोड़हा का स्वागत कर पारंपरिक रूप से जतरा स्थल तक लाया। जहां स्वतंत्रता सेनानी नारू टाना भगत के प्रतिमा में माल्यार्पण कर जतरा प्रारंभ हुई। जतरा में कुल 9 खोड़हा शामिल हुए जिन्हें जतरा समिति द्वारा पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। जतरा में हनहट, गितिलगढ़, उल्टी, होंदपीडी, टाटी, सढ़ाबे, बकसी सहित दर्जनों गांवों से खोड़हा पहुंचे थे। जतरा को सफल बनाने में पहान जयमंगल मुंडा, पुजार मांगे उरांव, सोमनाथ महली, एम तिवारी, बैजू मुंडा, राजू उरांव, बन्धु उरांव, राजकुमार टाना भगत, जगे टाना भगत, बहादुर उरांव, जगरनाथ उरांव, बीरबल महली, तोने टाना भगत, सुंदेश्वर उरांव, मिथलेश दुबे, मनिया उरांव, जिबाहन उरांव, सुकरा उरांव, परना उरांव सहित ग्रामीण का योगदान रहा।

### मेरी माटी-मेरा देश : कलश यात्रा के लिए जाने वाली टीम को डीसी ने किया रवाना




**गुमला।** समाहरणालय परिसर में जिला अंतर्गत संचालित मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत विभिन्न प्रखंडों के अलग-अलग गांव से संग्रहित मिट्टी से युक्त अमृत कलश को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के द्वारा नेहरू युवा केंद्र की टीम को आगे की अमृत कलश यात्रा के लिए सौंपा कर वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह टीम संग्रहित अमृत कलश को सम्मान सहित रांची ले जायेगी। जहां से आगामी दिवस को समस्त राज्य से संग्रहित अमृत कलश को दिल्ली की यात्रा के लिए प्रस्थान किया जायेगा। इस दौरान मौके पर उप विकास आयुक्त हेमंत सती, परियोजना निदेशक आईटीडीए इंदु गुप्ता, अपर समाहर्ता सुधीर गुप्ता, डीटीओ विजय सिंह बिरूवा, जिला कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

### कांग्रेस के आ अब लौट चलें अभियान के तहत पार्टी में वापस लौटीं गीताश्री

**गुमला।** झारखंड कांग्रेस के आ अब लौट चलें अभियान के तहत कई पुराने और नये लोगों की कांग्रेस में वापसी हो रही है। इसी के तहत पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव भी कांग्रेस में वापसी कीं। वह इटकी रोड मेजर कोठी के पास आगमन बैंक्वेट हॉल में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। बता दें कि जनवरी 2023 में पहले माटी-फिर पार्टी का नारा देकर कांग्रेस छोड़ने वाली गीताश्री उरांव 10 महीने बाद वापसी कर रही हैं। कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय और विधायक दल के नेता आलमगीर आलम की मौजूदगी में गीताश्री दोबारा कांग्रेस पार्टी ज्वॉइन कीं। इससे गुमला के कांग्रेसी नेताओं में खुशी है। प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने कहा कि निश्चित पार्टी पहले से मजबूत होगी। बधाई देने वालों में महिला अध्यक्ष अमृता भगत, उपाध्यक्ष हेमावती देवी, अकील रहमान, मुरली मनोहर प्रसाद, अमर प्रदीप कुजूर, रोहित कुमार, हिमेश कुमार आदि शामिल हैं।

### प्रज्ञा केंद्र संघ के जिलाध्यक्ष बने भुनेश्वर



**गुमला।** नीलेश कॉम्प्लेक्स पालकोट रोड गुमला में शनिवार को प्रज्ञा केंद्र संचालक जिला इकाई गुमला की बैठक हुई। बैठक में जिला कमेटी भंग कर नये पदाधिकारियों का चुना गया। जिसमें भुवनेश्वर गोप को अध्यक्ष, मरियानी मिंज को सचिव, आमोद कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। निर्णय लिया गया एवं मांग की गयी एक पंचायत में एक ही प्रज्ञा केंद्र हो, प्रज्ञा केंद्र संचालक अपने पंचायत के सीमा में ही सेंटर खोले दूसरे पंचायत में नहीं, सभी प्रज्ञा केंद्र संचालकों को अपने हक और अधिकार के लिए लड़ना है, हमारी मांगों पर विचार नहीं होने पर संघ मजबूरन हाईकोर्ट के शरण में जायेगा।

# हथियार लेकर घर में घुसे दो अपराधी गिरफ्तार, गये जेल

■ गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से एक देशी कट्टा, दो जिंदा गोली, टांगी व बलुआ हुआ बरामद

एसपी ने प्रेस कान्फ्रेंस कर मामले का किया खुलासा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



गिरफ्तार अभियुक्तों के साथ एसपी, थाना प्रभारी व अन्य।

**गुमला।** पुरानी दुश्मनी को लेकर पालकोट थाना क्षेत्र के अखराकोना गांव निवासी किनु सिंह को घर में घूसकर मारने का प्रयास करने वाले दो अभियुक्तों अखराकोना निवासी परशुराम सिंह व रायडीह थाना क्षेत्र के जमगाई निवासी करम सिंह को पालकोट पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं अभियुक्तों के पास से एक देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, एक टांगी व एक बलुआ बरामद किया। इस संबंध में शनिवार को पुलिस कप्तान हरविंदर सिंह ने अपने कार्यालय परिसर में प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए बताया कि 21 अक्टूबर की रात्रि दोनों अभियुक्त घर का छप्पर फाडकर किनु सिंह के घर में जान मारने की नियत से प्रवेश किये। इस दौरान अभियुक्त परशुराम सिंह व करम सिंह ने किनु के घर में रखे पानी पंप, बाइक, दरवाजा व बर्तन को टांगी व बलुआ से मारकर काट दिया। वहीं अभियुक्तों के घर में घूसने की जानकारी मिलने पर किनु सिंह डर से घर से भाग गया। दोनों अभियुक्तों ने किनु के परिजनों को हथियार दिखाते हुए जान मारने की धमकी दी। किनु ने पालकोट थाना में दोनों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। छापामारी में थाना प्रभारी अनिल लिंडा, थाना प्रभारी रायडीह अमित कुमार, पुअनि संदीप राज, सअनि विनय राम व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत संग्रहित मिट्टी को डीसी ने दिल्ली के लिए रवाना किया

■ जिला से 15 पुरुष और 03 महिला समेत कुल 18 प्रतिभागियों का चयन दिल्ली कलश यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मिट्टी संग्रह करते डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण।

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के द्वारा शनिवार को मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत दिल्ली अमृत कलश यात्रा के लिए जिला से संग्रहित सभी 07 प्रखंडवार कलश के साथ नेहरू युवा केंद्र , लोहरदगा के 18 युवा स्वयंसेवकों को नई दिल्ली के लिए रवाना किया गया।

सभी सात प्रखंडों की मिट्टी उपायुक्त महोदय के समक्ष उपलब्ध करायी गयी जिससे दिनांक 30 एवं 31 अक्तूबर को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक (कर्तव्य पथ) के पास शहीदों के सम्मान में अमृत वाटिका विकसित की जायेगी। लोहरदगा जिला से 15 पुरुष एवं 03 महिला समेत कुल 18 प्रतिभागियों का चयन दिल्ली कलश यात्रा के लिए नेहरू युवा केंद्र, लोहरदगा ने किया।

मौके कार्यक्रम मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी अभिनीत कुमार सूरज, जिला पंचायत राज पदाधिकारी नारायण राम, नेहरू युवा केंद्र के ज़िला युवा अधिकारी अब्दुल फरूख खान समेत सभी स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## पीएचईडी के कूड़ेदान की गुणवत्ता की जांच के लिए निगरानी समिति गठित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** जिप अध्यक्ष रीना कुमारी की अध्यक्षता में शनिवार को जिला परिषद, लोहरदगा की कार्यकारिणी की बैठक आयोजित हुई। जिसमें सर्वप्रथम गत माह हुई बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा हुई। सर्वप्रथम 15वें वित्त आयोग अनाबद्ध मद और अनाबद्ध मद से कार्यान्वित योजनाओं के विपत्रों का प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिला में किसी भी विभाग की योजनाओं की जानकारी व विभिन्न विभिन्न विभागों की योजनाओं के लिए चयन होने वाले स्थल के लिए जिला परिषद सदस्यों, प्रमुख समेत अन्य जनप्रतिनिधियों को भी जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। जिप सदस्य किस्को ने पीएचईडी, लोहरदगा से लगे कूड़ेदान की गुणवत्ता की जांच मांग पर जांच के लिए एक निगरानी समिति गठित करने का निर्णय लिया गया।

## भाजपा छोड़ आजसू का दामन थामने वाले मनोज बने चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चैनपुर।** मुख्यालय में शनिवार को आजसू का प्रखंड सम्मेलन हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से मनोज साहू को प्रखंड अध्यक्ष एवं सीताराम मुंडा को प्रखंड सचिव मनोनीत किया गया। नये पदाधिकारियों का जिलाध्यक्ष दिलीप नाथ साहू के साथ आजसू केंद्रीय सदस्य बोनीफास कुजूर, प्रमोद खलखो, दुर्गा साहू, जिला महासचिव आनंद गुप्ता, जिला प्रवक्ता मिन्हाज खान, महिला जिलाध्यक्ष किरण देवी ने स्वागत किया। मनोज चैनपुर भाजपा युवा मोर्चा के नेता के रूप में कार्यरत थे। सभी पदाधिकारी को शपथ दिलाकर आजसू के नीति एवं सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य सौंपा गया। साथ ही संगठन को मजबूत बनाने का काम करते हुए 2024 में आजसू की सरकार बनाने एवं सुदेश महतो को मुख्यमंत्री के रूप में देखने की शपथ ली गयी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो का एक ही संकल्प है कि गांव के अंतिम व्यक्ति तक दवाई, कमाई तथा पढ़ाई मजबूती के साथ पहुंचे।

### डीसी की अध्यक्षता में यूनिफाइड कमांड की बैठक



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में यूनिफाईड कमांड की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में उपायुक्त ने आरईओ अंतर्गत सनई-हपात पथ में तीन उच्च स्तरीय पुल, ओनेगड़ा में उच्च स्तरीय पुल, पाखर पथ निर्माण के प्रगति की समीक्षा की गयी और कार्य मे प्रगति लाने को कहा गया। एसपी ने बैठक में विभिन्न प्रस्तावों से अवगत कराया। बैठक में पुलिस अधीक्षक हरिश बिन जमा, उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, एसडीओ अमित कुमार समेत सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### आदिम जनजातियों के लिए शिविर का आयोजन

**घाघरा।** प्रखंड के मनातू गांव में आदिम जनजातियों के लिए शनिवार को शिविर लगाया गया। जिसमें पेंशन राशन कार्ड, ई श्रम कार्ड, आयुषमान कार्ड, आधार का नाम जोड़ने-हटाने के लिए आवेदन लिये गये। साथ ही नये मतदाता जोड़ने, मृत व्यक्ति के नाम हटाने व नाम सुधार के लिए प्रपत्र 6, 7, 8 भरा गया। मौके पर पंचायत सचिव आशिक मीर, दिलबंधु आदि उपस्थित थे।

### फादर रजत की मौत के बाद जांच में जुटी पुलिस



**चैनपुर।** संत जॉन पारिस चैनपुर के डीन फादर रजत एक्का का शव शुक्रवार को कुंआ से पुलिस ने बरामद किया था। जिसके बाद से तरह-तरह के कयास लगाये जा रहे हैं। पुलिस घटना को हत्या या आत्महत्या दोनों पहलु से जोड़कर देखें रही है। इधर लोगों का यह भी कहना है कि फादर रजत एक्का रात 9:00 बजे खाना खाने के बाद सोने के बजाय कुएं के पास क्यों गए थे। पुलिस कई तरह से इस मामले की जांच कर रही है। इधर शनिवार को चैनपुर सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव दलबल के साथ पारिस पहुंचे। चैनपुर थाना प्रभारी ने बताया कि घटनास्थल पर गहनता पूर्वक जांच की जा रही है। पारिस के कई कर्मियों से बारी-बारी से पूछताछ भी की जा रही है। आखिर उन्होंने आत्महत्या भी की है तो किस वजह से आत्महत्या की है तो इसकी क्या वजह होगी। फादर रजत एक्का के शव का पोस्टमार्टम भी 4 डॉक्टरों की टीम व चैनपुर दंडाधिकारी सुनील कुमार खाखा की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान गुमला विधायक भूषण तिर्की भी उपस्थित रहे। इधर जांच के बाद कई तरह के खुलासे होने का भी अंदेशा लगाया जा रहा है। बताया गया है कि चैनपुर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार खाखा की उपस्थिति में डीन फादर रजत एक्का के सील किये गये कमरे को खोलकर जांच की जायेगी।

## राज्य के सात जिलों से शून्य आरक्षण को हटाने की मांग

■ कांग्रेस के ओबीसी समन्वयक को पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति ने सौंपा ज्ञापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारी व सदस्यों ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के ओबीसी समन्वयक के राजू को ज्ञापन सौंपकर राज्य के सात जिलों में पिछड़ी जाति के आरक्षण शून्य को हटाने की मांग की। पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि राज्य के सात जिले गुमला, लोहरदगा, खुंटी, दुमका, सिमडेगा, लातेहार, व चाईबासा में पिछड़ी जाति का आरक्षण शून्य कर दिया गया है। इन क्षेत्रों में लोकसभा, विधान सभा, पंचायत व नगरपालिका चुनाव में के सभी एकल पद आरक्षित हैं एवं सरकारी नौकरियों में तृतीय व चतुर्थ श्रेणी पदों के लिए आरक्षण शून्य कर दिया गया।

### अधिवक्ता लिपिक संघ गुमला के अध्यक्ष बने राजेश्वर पाठक

**गुमला।** अधिवक्ता लिपिक संघ गुमला की बैठक ताईद भवन गुमला में आयोजित किया गया। बैठक में लगभग सौ से अधिक अधिवक्ता लिपिकों के उपस्थिति में पुराने समिति को भंग करते हुए नई समिति का गठन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता रामनरेश चौधरी ने की। जिसमें अधिवक्ता लिपिक संघ गुमला का अध्यक्ष राजेश्वर पाठक, उपाध्यक्ष जगदीश सिंह, सचिव उजागर पूरी,उपसचिव मंगरा साहु, कोषाध्यक्ष शिशुपाल सिंह, संरक्षक सधवा सिंह, अर्जुन पांडे, पहना बरला,

## क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** शनिवार को केजीबिभी मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय कुजरा में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना और उनमें प्रतियोगिता की समझ विकसित करना है। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी अपरूपा पॉल चौधरी ने कहा कि क्विज एक प्रकार का खेल अथवा दिमागी कसरत है, जिसमें खिलाड़ी (अकेले या टीम में) सवालों के सही उत्तर देने का प्रयास करते हैं। क्विज एक प्रकार के संक्षिप्त मूल्यांकन को भी कहते हैं। जिसका प्रयोग शिक्षा या इसी प्रकार के अन्य क्षेत्रों में ज्ञान, योग्यता और कौशल में वृद्धि को मापने के लिए किया जाता है। ऐसे आयोजन से छात्राओं में आवश्यक शैक्षणिक सुधार भी होती है।

# जिले के 33 मध्य-उवि के विद्यार्थियों को सिखाया जा रहा है स्क्रैच कोडिंग

■ जिले के स्कूली बच्चे भी अब कर सकेंगे गेमिंग एप डेवलप

■ सिकछा कर भेंट गतिविधि अंतर्गत बच्चों को शिक्षा के साथ साथ उनके स्किल डेवलपमेंट पर भी किया जा रहा है फोकस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



गेमिंग एप डेवलप करती छात्राएं।

■ जिला शिक्षा अधीक्षक ने जानकारी दी कि उपायुक्त के निर्देश के आलोक में जिले के 33 मध्य व उच्च विद्यालयों के आईसीटी लैब में कक्षा 8वी से 12वी तक के इच्छुक बच्चों को बेसिक कोडिंग व स्क्रैच कोडिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के पहल से प्रारंभ हुए सिकछा कर भेंट गतिविधि के तहत जिले के वरीय अधिकारियों के द्वारा लगातार विद्यालयों का भ्रमण करते हुए वहां के विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर को बेहतर करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं उपायुक्त के निदेर्शानुसार इसी गतिविधि के तहत बच्चों के स्किल डेवलपमेंट की दिशा में भी एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। जिसके तहत जिला अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों से चयनित 33 आईसीटी लैब (कंप्यूटर लैब) के शिक्षकों के लिए 7 दिवसीय स्क्रैच कोडिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसके पश्चात शिक्षकों द्वारा अपने अपने विद्यालयों में संचालित आईसीटी लैब में बच्चों को पिछले एक माह से स्क्रैच कोडिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला शिक्षा अधीक्षक मोहम्मद वसीम अहमद द्वारा जिले के स्कूल ऑफ एक्सीलेंस (एसएस+2 उच्च विद्यालय, एसएस+2 बालिका उच्च विद्यालय एवं कस्तूरबागांधी बालिका उच्च विद्यालय गुमला) के विद्यार्थियों के द्वारा स्क्रैच कोडिंग सिख कर गेमिंग ऐप बनाने की प्रैक्टिस करते हुए कुछ वीडियो जारी की गयी।

# त्रैमासिक परीक्षा में रोशन, रोशनी अवंतिका और ज्योति कुमारी प्रथम

■ मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में परीक्षा फल वितरण सह अभिभावक गोष्ठी आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



पुरस्कृत करते अतिथि।

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में परीक्षा फल वितरण सह अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। अभिभावक गोष्ठी का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी की अध्यक्षता में की गयी।

इसमें परीक्षा प्रमुख रश्मि साहू और सह प्रमुख प्रीति कुमारी गुप्ता उपस्थित थी। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने बताया कि छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए महाविद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ अनेक सारी गतिविधियों का भी आयोजन किया जाता है, जिसमे छात्र-छात्राएं बढ़-चढ़कर भाग लेते है, और उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को आगे और अच्छा करने के लिए प्रोत्साहित कियो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को लेकर अभिभावकों के साथ विस्तृत चर्चा हुई। 11वीं विज्ञान में रोशन कुमार, सुनील उरांव व बंटी भगत ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। 11वीं कला में ज्योति प्रिया कुजूर, किरण कुमारी व शिल्पा कुजूर ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। 12वीं विज्ञान में प्रथम अवंतिका कुमारी पुजारी, द्वितीय अंकित कुमार साहू व रिया कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त कियो 12वीं कला में रोशनी उरांव, नेहा कुमारी व चंदन महतो ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## स्पीड न्यूज

### सांप काटने से युवती अचेत

**बालूमाथ।** एकीकृत प्रखंड बालूमाथ के सिकी लवागडा ग्राम में शुक्रवार की देर शाम सांप काटने से अंजुम खातून 16 वर्ष पिता हबीब अंसारी अचेत हो गई। परिजनों द्वारा अचेतावस्था में अंजुम खातून को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉ. संजय सिद्धार्थ द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार अंजुम खातून जंगल में शरीफा का फल तोड़ने गई थी। इसी बीच बाहिरा जाड़ा सांप ने उसे काट लिया।

### शौण्डिक समाज की बैठक में समिति गठित, आमोद साहू बने अध्यक्ष



बैठक में उपस्थित लोग।

**चंदवा।** चेटर पंचायत अंतर्गत आन गांव में शौण्डिक समाज की बैठक शनिवार की दोपहर संपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता समाज के संदीप प्रसाद साहू ने की। बैठक में मुख्य रूप से समाज में एकजुटता लाने एवं मिलजुल कर सभी त्योहार संपन्न करने पर सहमति बनी। सर्वसमिति से शनिवार को गांव के शौण्डिक समाज की समिति भी बनाई गई। इसमें अध्यक्ष आमोद प्रसाद, उपाध्यक्ष संदीप प्रसाद, कोषाध्यक्ष संजीव प्रसाद, अजय प्रसाद सचिव अशोक प्रसाद, रामानंद प्रसाद बनाए गए। इसके अलावे जनार्दन प्रसाद, शंभू प्रसाद, आदित्य प्रसाद, बलराम प्रसाद, संतन प्रसाद, मुकेश प्रसाद समेत अन्य लोगो को सदस्य बनाया गया है। बैठक में सर्वसम्मति से हर वर्ष 27 अक्टूबर को गांव में शौण्डिक समाज की बैठक करने का निर्णय लिया गया।

### महुआडांड़ प्रखंड में मतदाता सूची का पुर्नरीक्षण अभियान शुरू



अभियान में शामिल लोग।

**महुआडांड़।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर शनिवार को महुआडांड प्रखंड में मतदाता सूची का पुनरीक्षण अभियान शुरू हो गया। यह कार्यक्रम 9 दिसंबर तक चलाया जाएगा। निबंधन निर्वाचन पदाधिकारी सह महुआडाड अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे ने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 का व्यापक प्रचार-प्रसार एवं बीएलओ का उत्साहवर्धन करने के लिए मनिका विधानसभा क्षेत्र के अनेक मतदान केंद्र के विजिट कर उपस्थित बीएलओ संग सेल्फी ली तथा उनका उत्साहवर्धन किया। अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे ने कहा कि सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में आप सभी बीएलओ की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। अनुमंडल पदाधिकारी ने बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।

### दो को मनायी जायेगी कुसुमटोली धूमकुड़िया भवन की तीसरी वर्षगांठ

**चंदवा।** चंदवा के कुसुमटोली स्थित धर्मिक स्थल धुमकुड़िया भवन के तीसरे वर्षगांठ को लेकर युवा सरना समिति की बैठक संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता चंद्रदेव उरांव ने की। बैठक में सर्वसम्मति से 2 नवम्बर को वर्षगांठ के मौके पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूप रेखा तैयार की गई। जिसमे 2 नवम्बर की प्रातः 9 बजे पूजा सह झंडा बदली कार्यक्रम व दोपहर 1 बजे से प्रसाद वितरण कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सरना समाज के धर्म गुरु बंधन तिग्गा व विशिष्ट अतिथि धर्म प्रचारक जासफीन उरांव मौजूद होंगे। बैठक के दौरान कार्यक्रम में सफल संचालन को लेकर आयोजन कमिटी का भी गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष चंद्रदेव उरांव, उपाध्यक्ष मनीता उरांव, सचिव अशोक उरांव, उप सचिव अग्नि उरांव, कोषाध्यक्ष दिलीप भगत, उपकोषाध्यक्ष फूलदेव उरांव, मीडिया प्रभारी विमल उरांव व विनोद उरांव को बनाया गया है वहीं संरक्षण का मंडली में धनेश्वर उरांव, भुटू उरांव, धनंजय भगत, सुरेश उरांव, चंद्रदेव उरांव, रमेश उरांव, शंकर भगत, सुखदेव उरांव, अमन कुजूर बनाये गए है। इसके अलावे डहरु, राहुल लाली, हीरामणि, सुमन, सुरेश नाथ लोहार समेत कई लोगों को सदस्य भी बनाया गया है।

### उप मुखिया को अज्ञात अपराधियों ने मारी गोली, रिम्स रेफर

**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत सुदूरवर्ती बरवाटोली पंचायत के हेसालोंग गांव में शुक्रवार की रात्रि अज्ञात अपराधियों ने पंचायत के उपमुखिया परमेश्वर यादव पर जनलेवा हमला किया। जिसमें वे गम्भीर रुप से घायल हो गए। घटना को उस वक्त अंजाम दिया गया जब वे गांव में मूर्ति टोंगरी में लगे जतरा मेला से अपने दो दोस्तों के साथ बाइक से अपने घर वापस लौट रहे थे, इसी दौरान पल्सर बाइक पर सवार दो अज्ञात अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी। गोली परमेश्वर यादव दाएं कंधे के पास लगी। गोली लगने के बाद साथ आ रहे लोगों के द्वारा उसे घायलावस्था में उसे कुडू अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया, प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे ले जाया गया। फिलहाल परमेश्वर यादव की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## आठ लाख का ईनामी भाकपा माओवादी के सबजोनल कमांडर अघनु गंझू चढ़ा पुलिस के हत्थे

# उग्रवादी सरेंडर करें नहीं तो गोली खाने को तैयार रहें : एसपी

- रविंद्र गंझू के दस्ते में अब मात्र पांच- छः की संख्या में उग्रवादी बचे हुए हैं : अंजनी अंजन
- अघनु गंझू के खिलाफ 15 थानों में 78 आपराधिक मामले हैं दर्ज
- अघनु गंझू पर वर्ष 2019 में चंदवा थाना क्षेत्र के लुकईयां मोड़ में हुई पुलिस पार्टी हमले में वह मुख्य आरोपी है



जानकारी देते एसपी अंजनी अंजन।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार पुलिस माओवादियों के खात्मे को लेकर कमर कस ली है। इधर हाल के दो तीन वर्षो में लातेहार एसपी अंजनी अंजन के नेतृत्व में कई बड़े माओवादियों, टीएसपीसी, जेजेएमपी और अमन साहू समेत कई गिरोह के कमर तोड़ने में सफलता पाई है। लातेहार पुलिस लगातार इन गिरोह व संगठनों पर नकल कसने पर सफलता प्राप्त की है। एसपी ने बताया कि उग्रवादी सरेंडर करें नहीं तो पुलिस की गोली खाने को तैयार रहें। शनिवार की दोपहर में लातेहार पुलिस अधीक्षक के वेशम कार्यालय में लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि भाकपा माओवादी के सबजोनल कमांडर अघनु गंझू पिता स्व. खैटा गंझू को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार अघनु गंझू पर कुल आठ लाख रुपये का ईनाम घोषित है। उसमें सरकार द्वारा पांच लाख व एनआईए द्वारा तीन लाख रुपए ईनाम घोषित है। उन्होंने आगे बताया कि गिरफ्तार उग्रवादी अघनु गंझू भाकपा माओवादी के रीजनल हेड रविंद्र गंझू के दाहिना हाथ है। इसकी गिरफ्तारी से भाकपा माओवादी को बड़ा झटका लगा है। उन्होंने बताया कि रविंद्र गंझू के दस्ते में अब मात्र पांच- छः की संख्या में उग्रवादी बचे हुए हैं। उन्होंने आगे बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि चंदवा थाना क्षेत्र के बेतर जंगल में भाकपा माओवादी के उग्रवादी भ्रमणशील है। इसके बाद लातेहार एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्र के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा बेतर जंगल जाने वाले पक्की सड़क स्थित पुल के सामने छापेमारी अभियान चलाई। जिसमें सबजोनल कमांडर अघनु गंझू को गिरफ्तार किया गया।

**अघनु गंझू के खिलाफ 15 थानों में 78 आपराधिक मामले हैं दर्ज**

गिरफ्तार भाकपा माओवादी के सब जोनल कमांडर अघनु गंझू पर लातेहार,गुमला, लोहरदगा, रांची जिले के विभिन्न 15 थानों में कुल 78 आपराधिक मामले दर्ज हैं। जिससे आप सहज अंदाजा लगा सकते है कि वह कितना दुर्दांत उग्रवादी है। अघनु गंझू पर वर्ष 2019 में चंदवा थाना क्षेत्र के लुकईयां मोड़ में हुई पुलिस पार्टी हमले में वह मुख्य आरोपी है। रेलवे थर्ड लाइन में आगजनी,गोलीकांड में भी वह शामिल रहा है।

**छापामारी दल में शामिल टीम**

छापेमारी अभियान में ये थे शामिल छापेमारी अभियान में लातेहार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार मिश्र, चंदवा थाना प्रभारी बबलू कुमार, बालूमाथ थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो, चंदवा थाना के पुलिस अवर निरीक्षक जमील अंसारी, नारायण यादव, दिव्य प्रकाश, कुंदन कुमार, सुनील टुटी, सअनि चंदन मांझी, चंदवा थाना के सैट- 44, माल्हन पिकेट के सैट- 206 के जवान शामिल थे।

## मतदाता सूची के प्रारूप को दिया जा रहा अंतिम रूप, पांच नवंबर तक चलेगा अभियान : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते डीसी।

**लातेहार।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा जानकारी देते हुए कहा गया कि निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिले में विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण 2024 कार्यक्रम के तहत नए मतदाताओं का नाम जोड़ने, मृत मतदाताओं का नाम हटाने एवं त्रुटि के सुधार का कार्य किया जाएगा। उन्होंने जानकारी दिया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 27 अक्टूबर को कर दिया गया है। आगे उन्होंने दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने एवं उसका निष्पादन तथा मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन हेतु आयोग द्वारा निर्धारित तिथियों के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दिया। मतदाता सूची में नाम शामिल करने, नाम विलोपन एवं त्रुटि में सुधार हेतु 27 अक्तूबर से 09 दिसंबर 2023 तक दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने हेतु तिथि निर्धारित है। प्राप्त दावा एवं आपत्ति के निष्पादन हेतु 26 दिसंबर 2023 की अन्तिम तिथि निर्धारित है। 05 जनवरी 2024 को मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन किया जाएगा। एक जनवरी 2024 तक जो युवा 18 साल पूरा करने वाले हैं, उन्हें भी मतदाता सूची में शामिल करने की पहल की जा रही है। इस बीच 18 साल पूरा कर चुके युवा वोटरों का भी नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा। 28, 29 अक्टूबर और 4, 5 नवंबर को सभी मतदान बूथ पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार मो. परवेज, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



टूनार्मेंट का उद्घाटन करते लोग।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के कोपे पंचायत अंतर्गत स्थित ग्राम दुमबी-कुटमु में आयोजित एसटी फुटबाल टूनार्मेंट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख मनिका प्रतिमा देवी, मुखिया पति कोपे सुदेश्वर सिंह, वार्ड सदस्य नेमी देवी, समेत कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए। वहीं प्रमुख प्रतिमा देवी व अन्यों ने बारी बारी से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और टूनार्मेंट के अंतिम मैच की शुरूआत संयुक्त रूप से फीता काटकर व बॉल को किक मारकर किया। बता दें कि एसटी फुटबॉल टूनार्मेंट कमेटी के द्वारा यह टूनार्मेंट आयोजित की गई थी जिसमें जिले भर के कई टीमों ने हिस्सा लिया कमेटी के द्वारा प्रथम स्तर से लेकर पंचम स्तर के विजेता टीमों के लिए पुरस्कार रखा गया था। सभी खिलाड़ी अपना जीत दर्ज करने के लिए इस खेल में काफी मेहनत और लगन से खेलते हुए देखे गए। मौके पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल को हमेशा खेल की ही भावना से खेलें, खेल से आपका मानसिक व शारीरिक दोनों विकास होगा, हार से कभी भी मत घबराएं क्योंकि हार से खिलाड़ियों को सीख मिलती है कि अगले मैच में हमें जीतने के लिए और भी कड़ी मेहनत करनी होगी इसलिए पूरे मेहनत और लगन से खेलें और अपने क्षेत्र के साथ-साथ अपने जिले और राज्य का नाम रौशन करें। मौके पर राजद नेता गिरजानंदन सिंह, कमेटी के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, प्रमोद सिंह, कोषाध्यक्ष योगेंद्र घांसी, कलेंदर घांसी, उपसचिव बलेश घांसी, विनोद सिंह, सदस्य लालदेव, श्यामसुंदर, राहुल, धीरज, समेत कई लोग उपस्थित थे।

### पावर प्लांट का कोयला को पुराना स्टॉक की जगह नया स्टॉक से कोयला उठाने का आरोप



धरना पर बैठे लोग।

**बालूमाथ।** सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखाड कोलयरी में अडानी पावर प्लांट द्वारा 88,000 टन कोयला का उठाव करने के लिए प्रणव नमन कंपनी को ट्रांसपोर्टिंग का जिम्मा दिया गया है। कंपनी तेतरियाखाड कोलियरी में रेजीग का भी कार्य करता है और इसी का फायदा उठाते हुए सीसीएल के पी०ओ एवं जीएम की मिली भगत से लगभग 30,000 टन पुराना स्टॉक की जगह नया रेजिंग स्टॉक कोयला उठाव कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। तेतरियाखाड़ के विस्थापित नेता गिरधारी यादव ने इसका विरोध करते हुवे तेतरियाखाड़ पीट ऑफिस के पास एक दिवसीय धरना दिया और परियोजना पदाधिकारी को एक मांग पत्र सौंपा व कहा कि नियमानुसार कोलियरी परिसर में पुराना पड़ा कोयले का स्टॉक उठाने का टेंडर हुआ है। लेकिन नया रेजिंग का उठाव धड़ल्ले किया जा रहा है। उन्होंने इस परिवहन को तत्काल रोक लगाने की बात कही है। ज्ञात हो कि अदानी पावर प्लांट का दो डीओ 65000 एवं 23000 टन उठाव करने का आदेश प्राप्त हुआ है। अदानी पावर प्लांट ने इसका ट्रांसपोर्टिंग प्रणव नमन कंपनी को दिया। प्रणव नमन कंपनी ने स्थानीय मनोज यादव एवं प्रदीप यादव को लिफ्टिंग की जिम्मेदारी दी है। कंपनी, लिफ्टर एवं सीसीएल के मिली भगत से पुराना स्टॉक के जगह लगभग 30 हजार टन नया रेजीग का कोयला का परिवहन कर दिया गया है। जिससे सीसीएल को लगभग 7 करोड़ 80 लाख रुपए राजस्व का नुकसान हुआ है। सीसीएल पावर प्लांट को 1100 से 1300 रुपये प्रति टन ऑकशन किया है। जबकि नया डीओ सेल कोयला का ऑकशन 3700 रुपया के दर से की गई है। इस तरह लगभग सीसीएल को 2600 प्रति टन के हिसाब से राजस्व का नुकसान हो रहा है। इस संबंध में परियोजना पदाधिकारी के०एल यादव ने कहा कि मैं बाहर था इस तरह की गड़बड़ी हुई होगी तो उसे सुधार कर लिया जाएगा।

## पति ही निकला पत्नी का कातिल, सामने आया हत्या का सच



प्रेसवार्ता कर जानकारी देते एसडीपीओ व थाना प्रभारी।

- पहले टांगी से मारकर की हत्या, बाद पेड़ में टांग दिया पत्नी का शव, आरोपी पति गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** छिपादोहर पुलिस ने मई माह में हुई महिला की निर्मम हत्या के सनसनी खेज मामले का खुलासा कर दिया है। जंगल में पुलिस को पेड़ से लटकी हुई महिला की लाश मिली थी। इस वारदात के पीछे महिला के पति का ही हाथ था। शनिवार को छिपादोहर थाना परिसर में आयोजित प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहरा और थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि 13 मई को छिपादोहर थाना क्षेत्र के लात पंचायत अंतर्गत टोंगारी जंगल से पुलिस को मृतिका मलौती देवी का शव पेड़ में टंगा हुआ मिला था। मृतिका मलोती देवी के पति गोला सिंह के फर्दब्यान के आधार पर छिपादोहर थाना में कांड संख्या 16/23 दर्ज किया गया था। कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। कांड के अनुसंधान के क्रम में यह बात प्रकाश में आई की मृतिका का पति गोला सिंह उरडेरा जंगल में मवेशी चरा रहा था। वहीं उसकी पत्नी पहुंच कर किसी बात को लेकर विवाद करने लगी और गंदी गंदी गालियां देने लगी। पति गोला सिंह ने पत्नी को काफी समझाने बुझाने का प्रयास किया लेकिन उसकी पत्नी नहीं मानी जिसके बाद गुस्से में आकर गोला सिंह ने टांगी से मारकर पत्नी की हत्या कर दी और हत्या से बचने के लिए पत्नी की साड़ी को उसके गले में बांधकर सूखा नाला के किनारे एक पेड़ से टांग दिया। पुलिस ने आरोपी पति गोला सिंह, उम्र 45, पिता नन्हक सिंह ग्राम टोंगारी को गिस्फ्तार कर लिया है। वहीं उसकी निशानदेही पर उसके घर से घटना में प्रयुक्त टांगी को बरामद किया है। छापामारी दल में एसडीपीओ दिलु लोहरा, सर्किल इंस्पेक्टर अनिल उरांव, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, रंजित कुमार, काशी महली, राजेश कुमार, सचितानंद सिंह एवं सशस्त्र बल छिपादोहर रिजर्व गार्ड आईआरबी एवं सेट 138 सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## एक नजर में

### प्रतुल शाहदेव ने की उप मुखिया पर हुए हमले में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग

**चंदवा।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने लातेहार जिले में बढ़ती अपराधी घटनाओं को लेकर चिंता जताई है। प्रतुल शाहदेव ने मुख्यमंत्री कार्यालय, झारखंड पुलिस, लातेहार एसपी और पलामू के डीआईजी को टैग कर कहा है कि चंदवा थाना के हाजत में हुई कैलाश सिंह की मौत की घटना शांत भी नहीं हुई थी कि अब चंदवा थाना अंतर्गत बरवाटोली पंचायत के उप मुखिया परमेश्वर यादव को अपराधियों ने गोली मार दी। इससे पूर्वी चंदवा के लुकैया में हुई भीषण डकैती का आज तक उद्भेदन नहीं हुआ। मां नगर भगवती के महा दरबार में हुए लाखों की चोरी की घटना का उद्वेदन नहीं हो पाया है। ऐसी घटनाओं से क्षेत्र की जनता भयभीत हो जाती है। इसलिए पुलिस को विशेष अभियान चलाकर संगठित गिरोहों के अपराधियों और उग्रवादियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। इन्होंने एसपी लातेहार से आग्रह है कि इन घटनाओं में संलिप्त आपराधिक तत्वों की गिरफ्तारी कर घटना का उद्वेदन करने हेतु सख्त निर्देश दें।

### नये भूमि सुधार उपसमाहर्ता के रूप में प्रभात रंजन चौधरी ने किया पदभार ग्रहण



नए भूमि सुधार उपसमाहर्ता प्रभात रंजन चौधरी।

महुआडांड़। महुआडांड़ अनुमंडल के नए भूमि सुधार उपसमाहर्ता के रूप में प्रभात रंजन चौधरी ने शुक्रवार को अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर प्रभात रंजन के द्वारा बताया कि विभिन्न सरकारी योजनाओं के लिए भूमि से संबंधित समस्याएं होती हैं, जिनका अंचल कार्यालय के माध्यम से उन सभी विवादों का हल करना साथ ही उचित व्यक्ति तक सही लाभ पहुंचाना हमारी प्राथमिकता होगी। भूमि संबंधित विवादों का निपटारा करते हुए, लोगों को उचित न्याय देने का कार्य करेंगे। जिससे अनुमंडल क्षेत्र में भूमि संबंधित मामलों के कारण कोई भी आपसी रंजीश ना हो, और समाज में शांति व्यवस्था कायम रहे। सरकार द्वारा प्राप्त सभी दिशा निदेर्शों का सही से पालन करेंगे।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित

**लातेहार।** मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के सफल क्रियान्वयन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिले में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम -2024 के अंतर्गत घर-घर मतदाताओं के सर्वेक्षण कार्यक्रम का 27 अक्टूबर से 9 दिसंबर तक चलेगा। मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन करने, दावा एवं आपत्ति दाखिल करने, दावा एवं अपत्ति निस्तार करने, मतदाता सूची में नाम जोड़ने का कार्य, शुद्धिकरण व मृत मतदाता का नाम हटाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम के अनुसार बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर इलेक्टोरल वेरिफिकेशन कार्य किया जाएगा। इस दौरान वैसे वोटर जिनकी मृत्यु हो गई है, उनका नाम हटाया जाएगा। साथ हीं 18 वर्ष के नए वोटर्स का नाम जोड़ा जाएगा एवं अन्य मतदाता सूची से संबंधित कार्य किए जाएंगे। बैठक में उपायुक्त ने बीएलओ के द्वारा किये जा रहे घर -घर सर्वे कार्य की नियमित रूप से निरीक्षण करने, मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करते हुए एएमएफ सुनिश्चित करने एवं सभी योग्य नागरिकों का मतदाता सूची में निबंधन कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार मोहमद परवेज, सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी आदि उपस्थित थें।

## पढ़ाई के साथ खेल को भी कैरियर के रूप में अपना सकते है युवा : विजय बहादुर सिंह

# फुटबॉल टूनार्मेंट का विजय बहादुर सिंह ने किया उदघाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



टूनार्मेंट का उद्घाटन करते युवा नेता विजय बहादुर सिंह।

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड के छेंचा पंचायत अंतर्गत टिकवा खेल मैदान में शनिवार को नवयुवक क्लब दुगार्पूजा समिति के तत्वाधान में फुटबॉल टूनार्मेंट का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि यूथ कांग्रेस के प्रदेश संयोजक विजय बहादुर सिंह और दुगार्पूजा समिति के अध्यक्ष अनूप गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और फुटबॉल को कीक मारकर किया। इस अवसर पर विजय बहादुर ने बारी-बारी से खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी बहुत जरूरी है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के टूनार्मेंट का आयोजन होने से युवाओं को अपनी प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है। आप सभी खेल को खेल भावना से खेलते हुए अपनी प्रतिभा का जोहर दिखाएं। राज्य सरकार ने खेल को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए कई तरह के कदम उठाए है। आज युवाओं को खेल के जरिए भी रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहें हैं। इसलिए खेल को केरियर के रूप में आप सभी अपना सकते है। इस दौरान विजय बहादुर सिंह ने अपनी ओर से खिलाड़ियों को जर्सी और फुटबॉल भेंट किया तथा फाइनल मैच का पहला प्राइज अपनी ओर से देने की घोषणा की। वहीं टूनार्मेंट का पहला मैच सीएफसी छेंचा बनाम पलामू जिले के नावाडीह टीम के बीच खेला गया। जिसमें सीएफसी छेंचा की टीम ने दो गोल से नावाडीह पर विजय हासिल की। वहीं खबर लिखे जाने तक दूसरा मैच वीआईपी क्लब तिहारो बनाम निमिया टांड़ छेचा के बीच खेला जा रहा था। मौके पर बिरेंद्र सिंह, सुजीत गुप्ता, अमित कुमार, लक्ष्मण सिंह, उप मुखिया राना प्रताप सिंह, मंगरू सिंह, ईश्वर दयाल सिंह, शंकर राम, उदित कुमार, उत्तम कुमार, रूपेश कुमार, अमरेंद्र रजक, सुदामा राम, जकरियस टोपनो, सुदामा सिंह, राजू राम, बिनेश्वर भुइयां, बलित राम, सुरेश राम, छत्रधारी सिंह समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## सीएम हेमंत सोरेन के दुमका पहुंचेंगे 30 को

**दुमका।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संभावित दौरे को लेकर डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने शनिवार को कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। मुख्यमंत्री का संभावित आगमन 30 अक्टूबर को मसलिया प्रखंड के मकरमपुर गांव में है। उनके द्वारा दुमका के मयूराक्षी नदी पर बने राज्य के सबसे लंबे पुल का उद्घाटन किया जाना है। इसके अतिरिक्त अन्य योजनाओं का भी मुख्यमंत्री शिलान्यास एवं उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर डीसी ने हेलीपैड, पार्किंग, मुख्य कार्यक्रम स्थल, लोगों के बैठने की व्यवस्था आदि का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारी को ससमय सभी कार्य सुदृढ़ रूप से पूर्ण करने को निर्देशित किया। इस दौरान डीडीसी, एसी, निदेशक डीआरडीए सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एमएड सेमेस्टर-3 का परीक्षा कार्यक्रम जारी, परीक्षा होगी 7 नवंबर से

**दुमका।** सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के एमएड सेमेस्टर-3 परीक्षा के लिए निर्धारित कार्यक्रम शनिवार को जारी हुआ। परीक्षा 7 से 10 नवंबर तक द्वितीय पाली में दोपहर एक बजे से 4 बजे तक आयोजित होगी।निर्धारित कार्यक्रम विष्वविद्यालय के अधिकारिक बेवसाईट पर देखा जा सकता है। इसकी जानकारी विष्वविद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने दी।

## एमए इन संताल कल्चर स्टडीज सेमेस्टर-2 का परीक्षा फार्म भरे जायेंगे एक नवंबर से

**दुमका।** सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के एमए इन संताल कल्चर स्टडीज सेमेस्टर-2 का परीक्षा फार्म भरने की तिथि जारी हुई। इसकी जानकारी विष्वविद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने दी। उन्होंने बताया कि सत्र 2021-23 परीक्षा 2022 का एमए इन संताल कल्चर स्टडीज सेमेस्टर-2 का परीक्षा फार्म भरने की तिथि एक नवंबर से निर्धारित है। बिना विलंब शुल्क के ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने की तिथि एक से 8 नवंबर तक निर्धारित है। परीक्षार्थी को ऑनलाइन परीक्षा प्रपत्र भर हार्ड कॉपी विभाग या कॉलेज में जमा करना अनिवार्य होगा। परीक्षा फार्म भरने की सूचना विश्वविद्यालय के आधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

## डीसी ने पीजेएमसी अस्पताल का निरीक्षण कर चिकित्सीय सुविधा का लिया जायजा



**दुमका।** डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने शनिवार को फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल के स्वास्थ्य सुविधाओं सहित अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के दवाइयों की उपलंधता, बोर्न केयर यूनिट समेत अन्य का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी वार्डो में तय चिकित्स के समयवार रोस्टर ड्यूटी के अनुसार उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने मौके पर मौजूद सिविल सर्जन एवं अस्पताल प्रबंधक से बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए आवश्यक उपकरणों का आंकलन कर उन सामग्रियों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि प्रशासन बेहतर स्वास्थ्य सुविधा बहाल करने के लिए हरसंभव मदद को तैयार है। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश देते हुए कहा कि जिला का प्रमुख अस्पताल होने के नाते दूर-दराज के ग्रामीण बेहतर इलाज के लिए आते है। उन्हें उचित चिकित्सीय उपचार उपलब्ध कराये। उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। इस दौरान डीडीसी, सिविल सर्जन, अस्पताल प्रबंधक, चिकित्सक एवं अन्य कर्मी मौजूद रहे।

# बीपीएससी में अमन आनंद रहे टॉपर

## टॉप 3 में दो लड़कियां सहित कुल 799 अभ्यर्थियों ने मारी बाजी

एजेंसी

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग ने 67वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का अंतिम परिणाम शनिवार दोपहर बाद जारी कर दिया। 67वीं पीटी और मुख्य परीक्षा के बाद अंतिम तौर पर 2090 अभ्यर्थी मौखिक साक्षात्कार में शामिल हुए थे। इनमें से 799 को 67वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में अंतिम तौर पर सफल घोषित किया गया। इस परिणाम के साथ राज्य को बिहार प्रशासनिक सेवा के 88 और बिहार पुलिस सेवा के 20 अधिकारी मिल गए हैं। वरीयता क्रम में सबसे ऊपर रहे बिहार प्रशासनिक सेवा के तीन टॉपरों में दो लड़कियां हैं, हालांकि टॉपर अमन आनंद रहे। सर्वाधिक 137 अभ्यर्थियों का चयन इस परीक्षा में अनुमंडल पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग अधिकारी के रूप में हुआ है।





**बिहार प्रशासनिक सेवा में 88 का सिलेक्शन**

बिहार प्रशासनिक सेवा के लिए 88, बिहार पुलिस सेवा (डीएसपी) के लिए 20, राज्य टैक्स असिस्टेंट कमिश्नर के लिए 21, जेल सुपरिटेंडेंट के लिए 3, सब इलेक्शन ऑफिसर के लिए 4, बिहार एजुकेशन सर्विस के लिए 12, एक्साइस सुपरिटेंडेंट के लिए 2, सब रजिस्ट्रार, जॉइंट सब रजिस्ट्रार के लिए 5 का चयन हुआ है। डिस्ट्रिक्ट ऑडिट ऑफिसर के रूप में पांच, कोऑपरेटिव सोसाइटीज के अस्सिटेंट रजिस्टार के रूप में नौ, लेबर एनफोर्समेंट ऑफिसर के रूप में 65 रूरल डेवलपमेंट ऑफिसर के रूप में 133, म्यूनिसिपल एग्जीक्यूटिव ऑफिसर के रूप में 110, रेवेन्यू ऑफिसर के रूप में 35, सप्लाई इंस्पेक्टर के रूप में चार, ब्लॉक ब्लॉक पंचायत राज ऑफिसर के रूप में 18, सब डिविजनल बीसी व ईबीसी वेलफेयर ऑफिसर के रूप में सर्वाधिक 137 और ब्लॉक एससी व एसटी वेलफेयर ऑफिसर के रूप में 52 अभ्यर्थी अंतिम रूप से चयनित हुए हैं।

बता दें कि 67वीं मुख्य परीक्षा 30, 31 दिसंबर 2022 और 7 जनवरी 2023 को पटना में आयोजित की गई थी। कुल 2104 उम्मीदवारों ने परीक्षा उत्तीर्ण की थी। जिन उम्मीदवारों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है वे साक्षात्कार (इंटरव्यू) दौर के लिए उपस्थित हुए। बता दें कि यह भर्ती अभियान संगठन में 1052 पदों को भरने के लिए चलाया जा रहा है। बीपीएससी 67वीं मुख्य परीक्षा के लिए कुल 11,607 उम्मीदवारों को योग्य घोषित किया गया था।

### टॉप 10 अभ्यार्थी

1. 667077 अमन आनंद - बिहार प्रशासनिक सेवा
2. 552382 निकिता कुमारी - बिहार प्रशासनिक सेवा
3. 517318 अंकिता चौधरी - बिहार प्रशासनिक सेवा
4. 302803 खालिद हयात - बिहार पुलिस सेवा ( डीएसपी )
5. 439257 ऋषव आनंद - बिहार पुलिस सेवा ( डीएसपी )
6. 565287 प्रियांशु कुमार - असिस्टेंट प्लान ऑफिसर, असिस्टेंट डायरेक्टर
7. 512549 अपेक्षा मोदी - बिहार प्रशासनिक सेवा
8. 656873 सोनल सिंह - बिहार प्रशासनिक सेवा
9. 236259 मुकेश कुमार यादव - बिहार प्रशासनिक सेवा
10. तरूण कुमार पांडे - बिहार पुलिस सेवा ( डीएसपी )

# छात्र की पिटाई से गुस्साये छात्रों ने एनएच 27 किया जाम

एजेंसी

**किशनगंज।** स्कूल के बाहर नशेड़ियों द्वारा एक छात्र की पिटाई से नाराज इंटर हाई स्कूल के छात्रों ने शनिवार को बस स्टैंड के समीप एनएच 27 मार्ग जाम कर दिया। इस दौरान करीब आधे घण्टे तक एनएच 27 मार्ग अवरुद्ध रहा। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे एसडीपीओ गौतम कुमार व सदर थाना की पुलिस ने गुस्साए छात्रों को समझा बुझाकर जाम हटवाया। सड़क जाम कर रहे छात्रों ने बताया कि दो दिन पूर्व इंटर हाई स्कूल के बाहर एक छात्र की नशे की हालत में कुछ युवकों ने पिटाई कर दी थी। छात्र को सर में चोट लगी थी। इसके बाद उसका इलाज पास के रेलवे अस्पताल में करवाकर सदर पुलिस के पास शिकायत दर्ज करवायी गई। उक्त सड़क जाम आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर की गई थी। पीड़ित इंटर हाई स्कूल के 10वीं का छात्र है। पीड़ित छात्र राही आलम ने बताया कि उनकी बेवजह पिटाई की गई है।



पीड़ित छात्र ने बताया कि स्कूल के बाहर भी नशे का सामान बेचा जाता है। बताया गया कि आये दिन स्कूल के बाहर नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। जिससे स्कूल के छात्र भी परेशान रहते हैं। एसडीपीओ गौतम कुमार ने बताया कि स्कूल के छात्रों ने कुछ देर के लिए सड़क जाम किया था। जाम को हटवा लिया गया है।

छात्रों की मांग को पूरी की जाएगी। जो भी दोषी हैं उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इंटर हाई स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक एस के वर्मा ने कहा कि स्कूल के बाहर एक छात्र के साथ मारपीट की सूचना मिली थी। छात्र का इलाज रेलवे अस्पताल में करवाया गया है।

## एसएसबी ने मानव तस्करों के चुंगल से नेपाली लड़की को कराया मुक्त

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी के मानव तस्करी रोधी इकाई ने एक मानव तस्कर को गिरफ्तार किया है,साथ ही उसके साथ मौजूद नाबालिग नेपाली लड़की को मुक्त कराया है।

इसकी जानकारी देते हुए एसएसबी इंस्पेक्टर मनोज शर्मा ने बताया कि सूचना मिली कि एक पहाड़ी और नेपाली सी दिखने वाली लड़की को कोई व्यक्ति पंटोका बॉर्डर से पार करा रहा है। तुरंत तलाशी के दौरान दोनों को टीम के द्वारा पकड़ लिया गया। जिसका काउंसलिंग प्रयास जुबेनाइल समन्वयक आरती कुमारी के द्धारा कराया गया। काउंसलिंग के दौरान नाबालिग लड़की ने बताया कि मानव तस्कर मुझे शादी करने इंडिया ले जा रहा है। वही जब उक्त युवक मोहम्मद इरफान से जब पूछताछ की गई तो सामने आया कि वह नेपाली लड़की को हिन्दू बन टिक टॉक पर दोस्ती किया था। वो अपना नाम लड़की को विवेक चौधरी बताया था। उसने अपने आपको हिन्दू धर्म का थारू बताया।

आरोपी ने लड़की को बताया कि उसके पिता नेपाल पुलिस में डीएसपी है। अपना घर नेपाल के काठमांडू व बीरगंज में भी बताया था। जबकि उक्त व्यक्ति बिहार का रहने वाला है व पहले से ही शादीशुदा है। ये सब बातें सुन नेपाली लड़की के होश ही उड़ गया। उक्त नेपाली नाबालिग लड़की 11वी की छात्रा है। लड़की ने बताया कि मेरे माता पिता बहुत गरीब है। ये मुझे शादी का झांसा देकर भारत ला रहा था। इस संबंध में इंस्पेक्टर मनोज शर्मा ने बताया कि नेपाली लड़की को भारत ला कर आर्केस्ट्रा, रेड लाइट एरिया, देह व्यापार व अंग तस्करी के लिए बेच दी जाती है।

## 31 बेरोजगार युवक एवं युवती रोजगार प्रशिक्षण के लिए रवाना





**पाकुड़।** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, पाकुड़ के सौजन्य से दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत जेएसएलपीएस जिला कार्यालय, सूचना भवन के पास से 31 बेरोजगार युवक एवं युवतियों को प्रशिक्षण लेने के लिए रांची और रायपुर जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण मिश्रा के द्वारा रवाना किया गया।

दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत बेरोजगार युवक एवं युवतियों को प्रशिक्षण देकर सरकार रोजगार देने का कार्य कर रही है। इसी के तहत पाकुड जिले के सभी प्रखंडों से भूमिका गारमेंट सिलाई का प्रशिक्षण, हेलर्स आर्क रोगी देखरेख, जीसीएस कंप्यूटर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के लिए बिजली मिस्त्री और सिलाई इत्यादि में युवक और युवतियों को रांची के लिए रवाना किया गया है तथा रस्तोगी एजुकेशन में रोगी देखरेख के प्रशिक्षण के लिए युवकों को रायपुर के लिए रवाना किया गया।

# आदिवासी छात्र हत्याकांड मामले में एसपी ने किया घटना स्थल का जायजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**हंसडीहा।** आदिवासी छात्र हत्याकांड को लेकर शनिवार को एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने घटनास्थल का जायजा लिया। इसके साथ ही एसपी अभियुक्त के गांव ठाड़ी और पीड़ित परिवार से मिलने कुरमाहाट भी गये। घटनस्थल पर पहुंचने के बाद एसपी ने मृतक छात्र के मित्र जो वारदात के समय उसके साथ थे, से बातचीत की और घटना वाले दिन कैसे क्या-क्या हुआ इसकी विस्तृत जानकारी ली। मृतक के साथियों ने एसपी को पुरे घटनाक्रम से अवगत कराया। इसके बाद एसपी ठाड़ी गांव गये और अभियुक्त के घर का जायजा लिया। ठाड़ी से एसपी सीधे कुरमाहाट पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। जहां उन्होंने परिवार के साथ साथ मृतक के साथी, पड़ोसी और पंचायत के मुखिया रामचंद्र हेम्ब्रम से बात की। ज्ञात हो की बीते रविवार को मड़गामा से फुटबॉल मैच देखकर लौट रहे छात्र आनंद लाल सोरेन की पीटकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। मामलें में दो अभियुक्त फिलहाल जेल में बंद है। हत्याकांड को लेकर आदिवासी महापंचायत में लोगों ने इसे जघन्य हत्याकांड करार देते हुए रोष जताया था। इस दौरान डीएसपी मुख्यालय विजय कुमार, एसडीपीओ, जरमुंडी अमोद नारायण सिंह, सर्कल इंस्पेक्टर संजय सुमन, थाना प्रभारी जितेन्द्र साहू मौजूद थे।



घटना स्थल पर जांच करने पहुंचे एसपी

## हीनभावना व आत्मग्लानि से बच्चे रहे दूर: डॉ शर्मा

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष सह मेंटल हेल्थ मिशन इंडिया के नोडल ऑफिसर व मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्र के निदेशक डॉ विनोद कुमार शर्मा ने ह्लमेंटल हेल्थ प्रोमोशन एमोंग चिल्ड्रेन के महत्व एवं इसकी लोकप्रियता को आमजन तक बढ़ाने के उद्देश्य से श्रीअमड़ा स्थित बाल गृह (बालक), दुमका में अलाभांवित बच्चों के साथ एक अनौपचारिक मुलाकात किया। मुलाकात के दौरान डॉ विनोद कुमार शर्मा ने प्रथम उनके व्यवहारों का अवलोकन कर एक- एक कर सबसे बातचीत किया। उसके पृष्ठभूमि में वजहों को जानने का प्रयास किया। इंटरएक्शन के दौरान बच्चों में मौजूद व्यवहारिक कमियों को देखा। जहां कुछ बच्चे मानसिक विकार के लक्षणों से प्रभावित थे, तो कुछ स्पीच संबंधी समस्याओं से ग्रसित थे। मौके पर डॉ शर्मा ने बच्चों में अच्छे चारित्रिक व्यवहारों के निर्माण पर प्रकाश डाला। बच्चों को परामर्श देते हुए डॉ शर्मा ने कहा कि वह अपने को हीनता की भावना व आत्मग्लानि से दूर रखे। यह आत्म विश्वास जागृत करना हैं कि विकास की मुख्यधारा से जुड़ परिवार, समाज व देश के लिए बेहतर काम कर सकता हैं। डॉ शर्मा बाल गृह कर्मियों को दोस्ताना व्यवहार कर उसके अचेतन मन से भय, कुंठा, विकार आदि को दूर कर पुनर्वास करने का सलाह दिया। इस अवसर पर ग्राम प्रौद्योगिकी विकास संस्थान के संचालक मो मोइनुद्दीन अंसारी, समाजसेविका वहीदा खातून, अनिता हेम्ब्रम, संगीता शर्मा, रायमंड हेम्ब्रम आदि ने अन्य महत्वपूर्ण बातों को साझा किया।



## असामाजिक तत्वों ने सनातनी झंडा को जलाया, रोष

**हंसडीहा।** हंसडीहा थाना क्षेत्र के नोनीहाट बाजार में बीते शुक्रवार देर रात कुछ असामाजिक तत्वों ने बाजार के दुकानों में लगे सनातनी झंडे को जला दिया। जिससे शनिवार सुबह बाजार के दुकानदारों में काफी रोष पैदा हो गया। दुकानदारों के द्वारा इस घटना की जानकारी हंसडीहा थाना पुलिस को दी गई। सूचना पर थाना प्रभारी जितेंद्र साहू अपने दल-बल के साथ नोनीहाट बाजार पहुंचे। जहां सभी दुकानदारों ने थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग किया। मामले में थाना प्रभारी ने दुकानदारों को आश्वासन दिया कि इस विषय पर जांच कर रहे हैं। घटना में शामिल सभी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मौके पर नोनीहाट के सभी दुकानदार शामिल रहे।



## उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक मतदान केंद्र पहुंच वीएलओ का किया उत्साहवर्धन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** कार्यक्रम के दौरान महोदय के द्वारा संबोधित करते हुए जानकारी दी गई कि मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन, दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने एवं उसका निष्पादन तथा मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन के आयोग की ओर से निर्धारित तिथि अनुसार आयोजित किए जाएंगे। जिसके तहत आज प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। मतदाता सूची में नाम शामिल करने, नाम विलोपन एवं त्रुटि में सुधार के लिए दिनांक 27.10.2023 से 09 .11.2023 तक दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने के लिए तिथि निर्धारित किए गए हैं। प्राप्त दावा एवं आपत्ति का निष्पादन के लिए दिनांक 26 .12. 2023 को अन्तिम तिथि निर्धारित किया गया है ,साथ ही साथ दिनांक 05 .11. 2024 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। दिनांक 28.10.2023 2023, 29.10.2023 एवं 04.11.2023 तथा 05.11.2023 को विशेष अभियान की तिथि निर्धारित है। छूटे हुए मतदाताओं को विशेषकर ट्रांसजेंडर, पीवीटीजी, सेक्स वर्कर्स, 80 + आयु वर्ग, दिव्यांगजन होमलेस पीपुल, आश्रय गृहों में निवास करने वाले सभी पात्र को मतदाता सूची में शत-प्रतिशत निबंधन सुनिश्चित करने के दिनांक 28.11.2023 से 03.12.2023 तक समावेशी का आयोजन करने के लिए तिथि निर्धारित किया गया है।

उक्त कार्यक्रम के दौरान महोदय के द्वारा बीएलओ से मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम संबंधी प्रक्रियाओं के संबंध में जानकारियां प्राप्त करते हुए उन्हें आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए।




खबर एक नजर में

## केन्द्र सरकार ने खेल विधा में स्मॉल सेन्टर की स्वीकृति दी

**समस्तीपुर।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना खेलों इण्डिया के तहत समस्तीपुर जिले में एथलेटिक्स खेल विधा में स्मॉल सेन्टर की स्वीकृति केन्द्र सरकार द्वारा दी गई है। यह सेन्टर विजय राघवन स्टेडियम मैदान, समस्तीपुर में संचालित किया जाएगा। यह खेलों इण्डिया एथलेटिक्स स्मॉल सेन्टर गैर आवासीय होगा। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा चयनित प्रशिक्षक द्वारा सुबह एवं शाम दो घंटे प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस सेन्टर में सरकारी / निजी विद्यालयों में अध्ययनरत अन्डर-14 आयुवर्ग के बालक एवं बालिका को मिलाकर कुल 30 प्रशिक्षुओं का चयन किया जाएगा। यह चयन प्रतियोगिता 30.10.2023 को पटेल मैदान, समस्तीपुर में सुबह 10:00 बजे प्रारम्भ किया जाएगा।

## संस्कृत का इस्लामीकरण कर रही है बिहार सरकार : गिरिराज सिंह



**बेगूसराय।** बिहार में चल रहे नवम वर्ग के संस्कृत विषय की परीक्षा में इस्लाम धर्म से संबंधित दस सवाल पूछे जाने को लेकर राजनीति काफी तेज हो गई है। स्थानीय सांसद तथा केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि लालू और नीतीश बिहार को इस्लामिक स्टेट बनाने और संस्कृत का इस्लामीकरण करना चाह रहे हैं। गिरिराज सिंह ने शनिवार को कहा है कि अगर समय रहते हम सब नहीं जगे तो वह दिन दूर नहीं, जब सभी लोगों को नमाज पढ़ने जाना पड़ेगा। बिहार में संस्कृत की परीक्षा में इस्लाम से जुड़ा सवाल पूछा गया, वह चौंकाने वाला है। एक प्रश्नपत्र में दस सवाल इस्लाम से संबंधित पूछा गया है। संस्कृत बोर्ड के अध्यक्ष कहते हैं कि यह सिलेबस में है, संस्कृत के सिलेबस में इस्लाम कहां से आ गया। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार सनातन संस्कृति इस्लामीकरण करने की कोशिश कर रही है। आने वाले दिनों में इसका पुरजोर तरीके से विरोध किया जाएगा। अगड़ा और पिछड़ा अगर एकजुट होकर विरोध नहीं करेंगे तो आने वाले दिनों में हर आदमी को नमाज पढ़ने जाना पड़ेगा। नमाज पढ़ना है तो नीतीश कुमार जाकर पढ़ लें, हमारे ऊपर इस तरह से प्रहार नहीं करें। गिरिराज सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार की सरकार संस्कृत का इस्लामीकरण कर रही है। हमलोग गांव-गांव जाकर संस्कृत के इस्लामीकरण का विरोध करेंगे। लोग हमारे संबंध में कहते हैं कि वे हिंदू मुसलमान की बात करते हैं। लेकिन गिरिराज हिंदू-मुसलमान नहीं करता है। हिंदु और सनातन धर्म पर प्रहार होगा तो शरीर में खून का एक बूंद रहने तक गिरिराज प्रहार करता रहेगा। गिरिराज सिंह ने कहा कि यह बात नीतीश कुमार और लालू प्रसाद अच्छी तरह से सुन लें कि दुर्गा प्रतिमा की विसर्जन हो या शिवलिंग तोड़ने का मामला, इससे लग रहा है कि हम इस्लामिक स्टेट में रह रहे हैं। यह हिंदुओं का हिंदुस्तान है, पाकिस्तान और बांग्लादेश नहीं की हमारे धर्म एवं धार्मिक संस्थाओं पर कोई हमला करे तथा हम चुप बैठे रहें।

## पेज 1 का शेष

### युवाओं को रोजगार...

**युवाओं की चिंता खत्म :** मोदी ने कहा कि रोजगार मेला ने युवाओं की भर्ती चिंता को दूर किया है और अब जल्द से जल्द इनकी नियुक्ति हो जाती है। रोजगार मेले युवाओं के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हमारी सरकार युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखकर मिशन मोड में काम कर रही है। इससे युवाओं के समय की बड़ी बचत हुई है। युवाओं के हित में सरकार ने एक और महत्वपूर्ण बदलाव किया है। एसएससी ने कुछ परीक्षाओं को हिंदी, इंग्लिश और 13 क्षेत्रीय भाषाओं में लेना शुरू कर दिया है। युवा शक्ति जितनी ज्यादा मजबूत होगी, देश उतना ज्यादा विकास करेगा। **इन विभागों में मिली नौकरी :** रोजगार मेले की दसवीं कड़ी में शनिवार को 51,116 युवाओं को विभिन्न विभागों के लिए नियुक्ति पत्र सौंपा गया। इनमें सर्वाधिक नियुक्ति रेलवे में हुई है। रोजगार मेला के तहत केंद्र के साथ ही केंद्र शासित प्रदेशों और राज्यों के लिए विभागों में नवनियुक्त कर्मचारियों को ज्वाइनिंग लेटर दिये गये। इन युवाओं को रेल मंत्रालय, डाक विभाग, गृह मंत्रालय, राजस्व विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग और मंत्रालय समेत विभिन्न मंत्रालयों में नौकरी मिली है।

### इस सरकार को उखाड़ फेंकें...

ऐसी सरकार को जाना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि झामुमो और कांग्रेस आदिवासियों के नाम पर राजनीति करती है। **भाजपा सरकार जनता की सेवा करती है :** जेपी नड्डा ने कहा कि भाजपा की सरकार जब सत्ता पर बैठती है, उसका मुक्य काम जनता की सेवा होता है। झारखंड की तस्वीर और तकदीर बदलने के लिए बैठते हैं लेकिन जब झामुमो-कांग्रेस के लोग सत्ता पर बैठते हैं, तो वो अपनी सेवा के लिए बैठते हैं। मेवा खाने के लिए बैठते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने वोट की राजनीति के लिये धर्मांतरण पर आंख मूंद ली। हेमंत सोरेन को आदिवासियों की संस्कृति की नहीं सिर्फ वोट की चिंता है। कोई सरकार ऐसी नहीं देखी जो अपने लिए जमीन-खदान का टेंडर करवाती हो। झारखंड में जैसा जमीन घोटाला हुआ, वैसा इतिहास में नहीं हुआ होगा। ट्रांसफर-पोस्टिंग भी ऐसा नहीं हुआ। मंदिरों में मुर्तियां तोडी जा रही हैं। शिव बारात रोकी जाती है। पुलिस मुकदर्शक बनी रहती है। यह सब तुष्टिकरण है। ऐसे में अनाचार से युक्त इस सरकार को हटाने को संकल्प लेना जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस राज्य में जब अर्जुन मुंडा, बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास जैसे भाजपा नेताओं का राज रहा, नक्सल समस्या पर लगाम लगी रही। पर इस सरकार में स्थिति देख ही रहे हैं। ऐसे में बाबूलाल मरांडी ने सही समय पर संकल्प यात्रा निकाली है। मौके पर बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, प्रदेश प्रभारी लक्ष्मी कांत वाजपेयी, क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, सांसद संजय सेठ, सुदर्शन भगत, सुनील कुमार सिंह, सुनील सोरेन, बीडी राम, दीपक प्रकाश, विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, राज सिन्हा, अमित मंडल, अपर्णा सेन गुप्ता, अनंत ओझा, नवीन जायसवाल, रणधीर सिंह, जेपी पटेल, समरी लाल, सीपी सिंह, राष्ट्रीय महामंत्री आशा लकड़ा सहित पार्टी और मंडलों के पदाधिकारी सहित अन्य भी उपस्थित थे।

### पहले तय कर लें... युवराज...

मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि झारखंड में पूरी तरह से अपराधियों का साम्राज्य कायम हो गया है। विधि-व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ चुकी है। देश और पूरी दुनिया में सबसे अधिक कोयला की चोरी धनबाद में हो रही है। सरकार में शामिल दल और नेता-कार्यकर्ता भी इसमें शामिल हैं। लोगों में भय का माहौल है, जिससे पलायन की स्थिति बन गयी है। उन्होंने दावा किया कि केंद्र में हमारी सरकार है और आगे भी रहेगी। जिन्होंने देश में आपातकाल लाकर लोकतंत्र की हत्या की, आज उसके गोद में बैठकर बिहार के मुखिया नीतीश कुमार पीएम की कुर्सी की चाह लगाये हुए हैं। पीएम की कुर्सी की चाह में नीतीश कुमार पलटू राम की तरह पलटते रहते हैं। अब पलटू कुमार जी कुर्सी कुमार बन चुके हैं। जनता इनको पीछे छोड़ चुकी है।

### भाजपा ठीक नहीं कर रही...

दूसरी तरफ, 27 को इडी ने राशन घोटाला मामले में पश्चिम बंगाल के वन मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक को गिरफ्तार किया। इस पर सीएम ममता बनर्जी ने कहा- भाजपा गंदा राजनीतिक खेल खेल रही है। चुनाव से पहले देशभर में विपक्षी नेताओं पर इडी की छापामार कार्रवाई क्या दर्शाती है। भाजपा कहती है कि वह सबका साथ, सबका विकास चाहती है। हकीकत में इसका मतलब सबका साथ, सबका सत्यनाश है। इडी जांच और छापेमारी के नाम पर लोगों पर अत्याचार कर रही है। अंग्रेजों की तरह भाजपा उन सभी पर अत्याचार कर रही है, जो उसके खिलाफ हैं।

स्पीड न्यूज

### बीएसएनएल की 4जी सेवा दिसंबर से

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल की इस साल दिसंबर में 4जी सेवा की शुरूआत की योजना है। भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक पी के पुरवार ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि छोटे स्तर पर शुरूआत करने के बाद कंपनी इसे अखिल भारतीय स्तर पर अगले साल जून तक लागू कर देगी।

### आइएस ने ली काबुल विस्फोट की जिम्मेदारी

**काबुल।** इस्लामिक स्टेट जिहादी समूह ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में घातक हमला करने का दावा किया है। इस्लामिक स्टेट ने शुक्रवार को टेलीग्राम चैनल पर दावा किया कि काबुल के एक स्पोर्ट्स क्लब में हुए विस्फोट के पीछे उसका हाथ था। तालिबान शासित अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में गुरुवार शाम हुए विस्फोट में चार लोगों की जान चली गई थी और सात अन्य लोग घायल हो गए थे। यह विस्फोट शिया बहुल इलाके को निशाना बनाकर किया गया था।

### पाक में अल-कायदा के 10 संदिग्ध गिरफ्तार

**लाहौर।** पाकिस्तान की पंजाब पुलिस की आतंकवाद-रोधी शाखा ने शनिवार को अल-कायदा सहित विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के 10 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार कर प्रांत में एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम करने का दावा किया है। आतंकवाद-रोधी विभाग (सीटीडी) नेकहा कि पंजाब में इस सप्ताह उसने खुफिया सूचना के आधार पर 117 अभियानों का संचालन किया, जिनमें 117 लोगों से पूछताछ की गई और 10 आतंकवादियों को हथियारों, विस्फोटकों और अन्य प्रतिबंधित सामग्रियों के साथ गिरफ्तार किया।

### पैराबोलिक ड्रग्स के दो प्रवर्तक व सीए गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले की जांच में शनिवार को चंडीगढ़ की फार्मा कंपनी पैराबोलिक ड्रग्स के दो प्रवर्तकों और कंपनी के एक सीए को गिरफ्तार किया। यह जानकारी आधिकारिक सूत्रों ने दी। सूत्रों ने कहा कि पैराबोलिक प्रवर्तकों विनीत गुप्ता, प्रणव गुप्ता और चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) एस के बंसल को धनशोधन रोधी अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत हिरासत में लिया गया।

### श्रीमंदिर हेरिटेज कॉरिडोर 15 दिसंबर तक बनेगा

**पुरी।** ओडिशा में 5टी और नवीन ओडिशा योजना के नवनियुक्त अध्यक्ष वी.के. पांडियन ने शनिवार को अधिकारियों से पुरी में श्री मंदिर हेरिटेज कॉरिडोर परियोजना का काम 15 दिसंबर से पहले पूरा करने को कहा। पांडियन ने 23 अक्टूबर को आईएएस के अधिकारी के रूप में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी, जिसके बाद 24 अक्टूबर को उन्हें 5टी पहल और नवीन ओडिशा योजना का अध्यक्ष बनाया गया था। 5टी अध्यक्ष ने शनिवार अलसुबह चार से छह बजे तक गलियारे की जगह का दौरा किया और परियोजना कार्य की समीक्षा की।

### एरिक्सन ने शुरू किया भारत 6जी

**नयी दिल्ली ।** संचार उद्योग को महत्वपूर्ण उपकरण आदि उपलब्ध कराने वाली प्रमुख कंपनी एरिक्सन ने शनिवार को चेन्नई अनुसंधान एवं विकास केंद्र में भारत की 6जी अनुसंधान टीम के गठन के साथ अपने 'भारत 6जी' लॉन्च की घोषणा की। एरिक्सन के भारत में तीन अनुसंधान एवं विकास केंद्र चेन्नई, बेंगलुरु और गुड़गांव में हैं। 'भारत 6जी' टीम में रेडियो, नेटवर्क, एआई और क्लाउड में अनुभवी शोधकर्ता शामिल हैं जिन्हें दूरसंचार के भविष्य के लिए समाधान विकसित करने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। टीम स्वीडन और अमेरिका में एरिक्सन अनुसंधान टीमों के साथ मिलकर काम करेगी।

# इजराइल की थल सेना उत्तरी गाजा में घुसी

**एजेंसी**

**तेल अवीव/बेरूत।** फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास और इजराइल के बीच छिड़ी जंग खतरनाक मोड़ पर पहुंचती दिख रही है। इजराइल ने गाजा पट्टी पर दुनिया के जमीनी हमला न शुरू करने की अपील और कुछ देशों की चेतावनी की परवाह न करते हुए कदम आगे बढ़ाने शुरू कर दिए हैं। रातभर हवाई हमलों के बाद युद्ध के 22वें दिन शनिवार को इजराइल की थल सेना साजो-सामान के साथ उत्तरी गाजा में प्रवेश कर गई। इजराइली सेना के मुख्य सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने बताया कि थल सेना ने टैंकों के साथ उत्तरी गाजा में प्रवेश कर लिया है। युद्धक विमानों ने रात को गाजा पट्टी में हमलाकर हमास की 150 सुरंगों

## 150 सुरंगें और बंकर ध्वस्त, नौसैनिक कमांडर ढेर



और बंकरों को तबाह कर दिया। उन्होंने कहा कि लेबनान की तरफ से उनके सैन्य ड्रोन को निशाना बनाते हुए मिसाइल दागी गई। हमारे सुरक्षाबलों ने मिसाइल हमले को निष्प्रभावी कर दिया। हगारी ने कहा कि गाजा के आसपास के कस्बों में खतरे के सायरन बजाकर हमास के ठिकानों पर आज रॉकेट दागे गए हैं। सबसे ज्यादा रॉकेट मैगन कस्बे में दागे गए। इस दौरान इजराइल की सीमा में घुस रहे हमास के नौसैनिक कमांडर को ढेर कर दिया गया। मुख्य सैन्य प्रवक्ता हगारी ने कहा कि इजराइली थल सेना गाजा में चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ रही है। अभी तक उनका कोई भी सैनिक हताहत नहीं हुआ है। इस दौरान हमास को भारी क्षति हुई है। लेबनान के अधिकारियों ने शनिवार को बेरूत रफीक हरीरी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और आसपास के क्षेत्र के लिए चेतावनी जारी की है। चेतावनी में कहा गया है कि जल्द से जल्द इसे खाली कर दिया जाए। यह चेतावनी हाल ही में इजराइल की सेना और हिजबुल्लाह के आतंकवादियों के बीच हुई गोलीबारी के बाद जारी की गई है। चेतावनी में यह भी कहा गया है कि हिजबुल्लाह ने 2006 में दो इजराइली सैनिकों को पकड़ लिया था। इसके बाद इजराइल ने इस हवाई अड्डे के रन-वे पर एयर स्ट्राइक की थी। इस बार भी वह कभी भी एयर स्ट्राइक कर सकता है। इस बीच कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान बिन जसीम अल थानी ने ब्रिटेन के विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली के साथ इस युद्ध पर टेलीफोनिक चर्चा की है। शेख मोहम्मद ने कहा है कि कतर किसी भी बहाने से सामूहिक सजा को अस्वीकार्य करता है।

### हमला रोको, सभी बंधकों को करेंगे रिहा : हमास

हमास गाजा पर हो रही बमबारी से घुटनों पर आ गया है। वह इजराइल से हमला रोकने के लिए गिड़गिड़ा रहा है। वादा कर रहा है कि वह सभी बंधकों को रिहा कर देगा। इजराइल के सुरक्षा बलों ने गाजा पट्टी पर सारी रात जमीन और आसमान से शक्तिशाली हमले किए हैं। इस बीच इंटरनेट और मोबाइल फोन सेवा बाधित होने से गाजा में रहने वालों का संपर्क बाहरी दुनिया से टूट गया है। गाजा में मरने वालों की संख्या बढ़कर 7,326 हो गई है, जिसमें 3,038 बच्चे भी शामिल हैं। कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इजराइली सेना ने शाम होते ही गाजा में बम बरसाने शुरू कर दिए। शनिवार तड़के तक गाजा में शोले भड़कते रहे। इस सबके बीच हमास ने कहा है कि उसके लड़ाके अलग-अलग क्षेत्रों में इजराइली सैनिकों का मुकाबला कर रहे हैं। इजराइली सेना ने कहा है कि गाजा में छह और आतंकी कमांडरों को मार गिराया गया है। इनमें हमास के पांच और फिलिस्तीनी इस्लामी जिहाद का एक कमांडर है।

## इजराइल-हमास जंग : प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहा भारत, कहा

# आतंकवाद की कोई सीमा नहीं

**एजेंसी**

**संयुक्त राष्ट्र।** इजराइल-हमास संघर्ष संबंधी प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहे भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा कि आतंकवाद हानिकारक है और उसकी कोई सीमा, राष्ट्रीयता या नस्ल नहीं है तथा दुनिया को आतंकवादी कृत्यों को जायज ठहराने वालों की बातों को तवज्जो नहीं देनी चाहिए। भारत संयुक्त राष्ट्र महासभा में आम नागरिकों की सुरक्षा और कानूनी एवं मानवीय दायित्वों को कायम रखने शीर्षक वाले जॉर्डन के मसौदा प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहा। इस प्रस्ताव में इजराइल-हमास युद्ध में तत्काल मानवीय संघर्ष-विराम और गाजा पट्टी में निर्बाध मानवीय पहुंच सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया था। संयुक्त राष्ट्र की 193 सदस्यीय महासभा ने उस प्रस्ताव को

**▸▸ प्रस्ताव के पक्ष में 121 देशों ने मत किया, 44 सदस्य दूर रहे और 14 ने खिलाफ दिया वोट**

अपनाया, जिसमें तत्काल, टिकाऊ और निरंतर मानवीय संघर्ष-विराम का आह्वान किया गया है, ताकि शत्रुता समाप्त हो सके। प्रस्ताव के पक्ष में 121 देशों ने मत किया, 44 सदस्य मतदान से दूर रहे और 14 सदस्यों ने इसके खिलाफ वोट दिया। प्रस्ताव में पूरी गाजा पट्टी में आम नागरिकों को आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं का तत्काल, निरंतर, पर्याप्त और निर्बाध प्रावधान करने की मांग की गई थी। संयुक्त राष्ट्र में भारत की उप स्थायी प्रतिनिधि योजना पटेल ने मतदान पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि ऐसी दुनिया में जहां मतभेदों और विवादों को बातचीत से हल किया जाना चाहिए, इस प्रतिष्ठित संस्था को हिंसा का सहारा लेने की



घटनाओं पर गहराई से चिंतित होना चाहिए। पटेल ने कहा कि हिंसा जब इतने बड़े पैमाने और तीव्रता पर होती है, तो यह बुनियादी मानवीय मूल्यों का अपमान है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के साधन के रूप में हिंसा का इस्तेमाल भारी नुकसान पहुंचाता है और यह किसी भी टिकाऊ समाधान का मार्ग प्रशस्त नहीं करती। पटेल ने इजराइल में सात अक्टूबर को हुए आतंकवादी हमलों को चौंकाने वाला बताते हुए

**मतभेदों और विवादों को बातचीत से हल किया जाना चाहिए : पटेल**

कहा कि ये हमले निंदनीय हैं। मतदान के बारे में भारत के स्पष्टीकरण में हमास का उल्लेख नहीं किया गया। पटेल ने कहा कि आतंकवाद हानिकारक है और इसकी कोई सीमा, राष्ट्रीयता या नस्ल नहीं होती। दुनिया को आतंकवादी कृत्यों को जायज ठहराने की कोशिश करने वालों पर गौर नहीं करना चाहिए। आइए, हम मतभेदों को दूर रखें, एकजुट हों और आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने का दृष्टिकोण अपनाएं। भारत ने उम्मीद जताई कि महासभा में इस चर्चा से ह्यह्यआतंकवाद और हिंसा के खिलाफ एक स्पष्ट संदेश जाएगा और इससे कूटनीति एवं बातचीत की संभावनाओं का विस्तार होगा तथा हमारे सामने मौजूद मानवीय संकट से निपटने में मदद मिलेगी।

### पंजाब में आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, बबर खालसा के चार सदस्य गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने खालिस्तान समर्थक प्रतिबंधित समूह बब्बर खालसा इंटरनेशनल के चार सदस्यों की गिरफ्तारी के साथ एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि आतंकी मॉड्यूल के आकाओं ने उसके सदस्यों को लोगों की लक्षित हत्याएं करने का काम सौंपा था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने गिरफ्तार संदिग्धों के पास से छह पिस्तौल और 275 कारतूस भी बरामद किए हैं। यादव ने बताया कि एसएएस नगर पुलिस ने एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ कर बब्बर खालसा इंटरनेशनल संगठन के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। बीकेआई मॉड्यूल के सदस्यों को लक्षित हत्याओं का काम सौंपा गया था। उन्होंने कहा कि मॉड्यूल को पाकिस्तान स्थित आतंकवादी हरविंदर रिंडा का समर्थन हासिल था, जो उसे देश की आईएसआई की मदद से सहायता प्रदान कर रहा था।

# मुकेश अंबानी को जान से मारने की धमकी

### 20 करोड़ रुपये मांगे गए, प्राथमिकी दर्ज



मुंबई। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी को एक ईमेल मिला है, जिसमें 20 करोड़ रुपये नहीं देने पर उन्हें गोली मारने की धमकी दी गई है। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि अंबानी को शुक्रवार को जान से मारने की धमकी वाला ईमेल मिला और उनके सुरक्षा प्रभारी की शिकायत के आधार पर गामदेवी पुलिस थाने में एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। अधिकारी के मुताबिक, अंबानी को मिले ईमेल में कहा गया है कि अगर वह 20 करोड़ रुपये नहीं देते हैं, तो उन्हें गोली मार दी जाएगी। उन्होंने बताया कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 387 (जबरन वसूली के लिए किसी व्यक्ति को जान से मारने या गंभीर चोट पहुंचाने का डर दिखाना) और 506 (2) (आपराधिक धमकी) के तहत अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। ईमेल भेजने वाले व्यक्ति को पकड़ने के लिए अभियान भी शुरू किया गया है। मुंबई पुलिस ने मुकेश अंबानी और उनके परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी देने वाला कॉल करने के आरोप में पिछले साल बिहार के दरभंगा से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था।

## काशी विश्वनाथ मंदिर में लागू हो सकता है ड्रेस कोड

**एजेंसी**

**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास यहां स्थित मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक ड्रेस कोड लागू करने पर विचार कर रहा है। इसके लिए मंदिर न्यास की आगामी दिनों में होने वाली बैठक में प्रस्ताव रखा जाएगा। यह जानकारी न्याय के एक पदाधिकारी ने दी। काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के अध्यक्ष प्रोफेसर नागेंद्र पांडेय ने शनिवार को कहा कि न्यास की आगामी बैठक में मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक परिधान (ड्रेस) निर्धारित करने पर प्रस्ताव रखा जाएगा। हालांकि उन्होंने बैठक की तारीख नहीं बताई, सिर्फ इतना कहा कि बैठक नवंबर माह में होगी। पांडेय ने कहा कि फिलहाल विश्वनाथ धाम आने वाले दर्शनार्थी शालीन और मर्यादित वस्त्र धारण करके आयें। उन्होंने कहा कि काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं को ऐसे मर्यादित वस्त्र पहनकर आना चाहिए जो देखने में अच्छा लगे। पांडेय ने यह भी बताया कि पुरुषों के लिए धोती-कुर्ता और महिलाओं के लिए साड़ी

**पुरुष धोती-कुर्ता और महिलाएं साड़ी पहनकर करेंगे पूजा**



पहन कर ही गर्भगृह में दर्शन पूजन करने को लेकर मंदिर न्यास की अगली बैठक में प्रस्ताव रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि न्यास की बैठक में विचार-विमर्श के बाद ही इस पर फैसला लिया जाएगा। काशी विश्वनाथ मंदिर के जनसम्पर्क अधिकारी पीयूष तिवारी ने बताया कि श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शनार्थियों के लिए अभी कोई ड्रेस कोड लागू नहीं है। उन्होंने बताया कि मात्र अर्चकों के लिए दो सेट पोशाक न्यास की तरफ से देने का निर्णय लिया गया है, जिसे लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंदिर में पुजारी अभी तक धोती पहनते हैं लेकिन अब उनके लिए जाड़े में चादर और गर्मी में दुपट्टा दिया जाएगा, इस पर न्यास का लोगो होगा, जो उनकी पहचान बताएगा।

### छत्तीसगढ़ में 46 प्रत्याशी करोड़पति, आप के खड़ग सिंह की संपति 40 करोड़

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के पहले चरण में चुनाव लड़ रहे 223 उम्मीदवारों में से 46 उम्मीदवार करोड़पति हैं, जिनमें आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार खड़गराज सिंह 40 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति के साथ सबसे अमीर प्रत्याशी हैं।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और छत्तीसगढ़ इलेक्शन वॉच की रिपोर्ट के अनुसार पहले चरण में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की संपत्ति का औसत 1.34 करोड़ रुपये है। रिपोर्ट के अनुसार राज्य के प्रमुख दलों में भाजपा के 20 उम्मीदवारों की प्रति उम्मीदवार औसत संपत्ति 5.33 करोड़ रुपये है। कांग्रेस के 20 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 5.27 करोड़ रुपये है तथा आप के 10 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 4.45 करोड़ रुपये है। वहीं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के 15 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 30.54 लाख रुपये है।

सबसे अधिक घोषित संपत्ति वाले शीर्ष तीन उम्मीदवारों में सबसे आगे कवर्धा सीट से पूर्व शाही परिवार के वंशज आप के खड़गराज सिंह (40 करोड़ रुपये से अधिक) हैं।

## छत्तीसगढ़ में फिर सरकार बनने पर स्कूलों-कॉलेजों में फ्री शिक्षा : राहुल

**भानुप्रतापपुर(छत्तीसगढ़)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने शनिवार को छत्तीसगढ़ के लोगों से वादा किया कि राज्य में फिर से कांग्रेस की सरकार बनने पर सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में मुफ्त शिक्षा दी जाएगी तथा तेंदू पत्ता संग्राहकों को प्रति वर्ष 4,000 रुपये दिए जाएंगे। कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने राज्य के सभी सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में मुफ्त शिक्षा मुहैया करने का वादा करते हुए कहा कि हम आपके लिए बहुत बड़ा कदम उठाने जा रहे हैं, जिसे हम केजी से पीजी कहते हैं, इसके तहत छत्तीसगढ़ के सारे स्कूलों, कॉलेजों में छात्रों को मुफ्त शिक्षा मिलेगी, एक पैसा नहीं देना पड़ेगा। राहुल ने आदिवासी बहुल बस्तर क्षेत्र के तहत आने वाले इस विधानसभा क्षेत्र के लोगों से वादा किया कि यदि राज्य में कांग्रेस की सरकार फिर से बनती है तो तेंदू पत्ता संग्राहकों को राजीव गांधी प्रोत्साहन योजना के तहत प्रतिवर्ष 4,000 रुपए दिए जाएंगे। उन्होंने इस दौरान भाजपा नीत केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि

**तेंदू पत्ता संग्राहकों को प्रतिवर्ष 4,000 रुपए दिए जाएंगे**



कांग्रेस गरीब, आदिवासियों और पिछड़ा वर्ग के लिए काम करती है, जबकि भाजपा कुछ अरबपतियों के लिए काम करती है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार ने जो भी वादे किए थे, उसे पूरा किया गया। कांग्रेस नेता ने कहा कि पिछले चुनाव में हमने आपसे दो-तीन बड़े वादे किए थे। किसानों को उनकी मेहनत का सही प्रतिफल, कर्ज माफी, बिजली बिल आधा करना। उन्होंने कहा कि उस दौरान जब हम आपसे वादे कर रहे थे, तब हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री और भाजपा के बड़े-बड़े नेता कह रहे थे कि वादे पूरे नहीं हो सकते। मैं खुशी से कहता हूं जिस काम को भाजपा ने कहा था कि नहीं किया जा सकता, उस काम को हमने दो घंटे में कर दिखाया।

## स्पष्ट बहुमत से फिर मोदी ही बनेंगे प्रधानमंत्री : राजनाथ

**लखनऊ।** रक्षा मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने शनिवार को दावा किया कि अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव में एक बार फिर स्पष्ट बहुमत के साथ नरेन्द्र मोदी ही देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

श्री सिंह ने लखनऊ सदर गुरुद्वारा चौराहे पर महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में यह दावा किया। जब उनसे विपक्षी गठबंधन इंडिया की चुनौतियों को लेकर पत्रकारों ने सवाल किया तो उन्होंने कहा कि आप आश्वस्त रहिए, देश की जनता का पूरा भरोसा हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी के प्रति है और 2024 के चुनाव में मोदी ही स्पष्ट बहुमत के साथ देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

Rinku
न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
DEALS IN
YAMAHA AHUJA BOSS BasiX ZOOM CASIO PAISTE Fender MAPEX Gibson ESP DigiTech KORG M-AUDIO Ibanez SoundX Zildjian Roland Studiomaster Hertz Epiphone GRANADA Cort Givson stranger TAMA AARON
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandir, Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Ph.: 72509-33033 | M.: 98351-64815

## मामी फेस्टिवल में दिखा प्रियंका चोपड़ा का जलवा

मुंबई। मुंबई में जियो मामी फिल्म फेस्टिवल में प्रियंका चोपड़ा ने अपने लुक से चार चांद लगा दिए। प्रियंका चोपड़ा ने सफेद हॉल्टरनेक टोनी वार्ड कॉउचर का गाउन पहना था, जिसमें वह बेहद खूबसूरत दिख रही थीं।

प्रियंका चोपड़ा की वीडियोज और तस्वीरें सोशल मीडया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। एक वीडियो में प्रियंका को पैपराजी के सामने पोज देते देखा गया। सभी पैपराजी एक्ट्रेस को देख काफी खुश थे और उन्हें कह रहे थे कि भारत में आपका स्वागत है। प्रियंका ने भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। कैप्शन में एक्ट्रेस ने लिखा है कि जियो मामी मुम्बई फिल्म फेस्टिवल की ओपनिंग नाइट। जैसे ही उन्होंने ये तस्वीरें अपने सोशल मीडिया हैंडल पर डाली, फैंस के कमेंट्स का तांता लग रहा है। सोशल मीडिया यूजर्स ग्लोबल स्टार की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

प्रियंका चोपड़ा के अलावा इस फिल्म फेस्टिवल में सोनम कपूर, अवनीत कौर, राशि खन्ना, सई मांजरेकर, सनी लियोनी, तारा सुतारिया, तेजस्वी प्रकाश, पलक तिवारी, भूमि पेडनेकर, शोभिता धुलिपाला, राजकुमार राव, कमल हासन, करीना कपूर, सैफ अली खान, करिश्मा कपूर, अदिति राव हैदरी, कोंकणा सेन समेत अन्य भी शामिल हुए।



### इटली मूल के लोग सरकार के विकास को नहीं समझेंगे : शाह

**छिंदवाड़ा (मप्र)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि एक भाई और बहन की जोड़ी जिनकी मूल उत्पत्ति इटली में है, नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा किये गये विकास को नहीं समझ पायेंगे। छिंदवाड़ा जिले के जुन्नारदेव में एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि भारत के लोग विकास को स्पष्ट रूप से समझ सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जब दुनिया भारत की विकास गाथा की प्रशंसा कर रही है, तब कांग्रेस को देश में कोई सकारात्मकता नजर नहीं आ रही है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

संयुक्त अरब अमीरात ने हमास के हमले को गंभीर और तनाव बढ़ाने वाला बताया था। यूएई के विदेश मंत्रालय के बयान में कहा था कि वो इसराइली नागरिकों को उनके घरों से अगवा कर के बंदी बनाए जाने की खबरों से स्तब्ध है। बहरीन ने भी हमास के हमलों की आलोचना की है। बहरीन ने कहा था कि हमले ने तनाव को खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है, जिससे आम लोगों की जान जोखिम में पड़ गई है। इन दोनों देशों के ये बयान उनके पहले के रुख से अलग है, जब पूरा अरब वर्ल्ड इसराइल के खिलाफ एक सुर में बोलता था। ईरान खुलकर हमास का समर्थन कर रहा है और इसराइल पर सीधे उंगली उठा रहा है। ईरान के हितों का अपना समीकरण है और उसी के हिसाब से वह प्रतिक्रिया दे रहा है। कतर ने इसराइल को इस तनाव का अकेला जिम्मेदार बताया है। मलेशिया, पाकिस्तान और अफगानिस्तान ने भी फिलस्तीनियों के प्रति समर्थन दिखाया है। खाड़ी देशों के इस तरह अलग-अलग बयानों से अंदाजा लगाया जा सकता है कि विश्व में देशों के रिश्ते किस तरह बदल रहे हैं। इसके विपरीत कांग्रेस सहित भारत के विपक्षी दल अभी तक ऐसे मसलों को सिर्फ वोट बैंक से नजरिए से देखते रहे हैं। भारत के संबंध खाड़ी देशों से लगातार बेहतर हो रहे हैं।

पिछले 14 वर्षों से वेस्ट बैंक और गाजा में फूट डालो और राज करो की नीति को लागू करते हुए अबू याइर ने किसी भी सैन्य या कूटनीतिक प्रयास का विरोध किया है, जो हमास शासन को समाप्त कर सकता है। 2008 के अंत और 2009 की शुरूआत में ओलमर्ट युग के दौरान कास्ट लीड ऑपरेशन के बाद से हमास के शासन को किसी भी वास्तविक सैन्य खतरे का सामना नहीं करना पड़ा है। इसके विपरीत: समूह को इजरायली प्रधानमंत्री द्वारा समर्थित किया गया है और उनकी सहायता से वित्त पोषित किया गया है। जब नेतन्याहू ने अप्रैल 2019 में घोषणा की हमने हमास के साथ प्रतिरोध बहाल कर दिया है और हमने मुख्य आपूर्ति मार्गों को अवरुद्ध कर दिया है, दावा किया जा रहा है कि वो झूठ बोल रहे हैं। एक दशक से अधिक समय से नेतन्याहू ने हमास की बढ़ती सैन्य और राजनीतिक शक्ति में विभिन्न तरीकों से मदद की है। नेतन्याहू ही वह शख्स हैं जिन्होंने हमास को कम संसाधनों वाले एक आतंकी संगठन से एक अर्ध-राज्य निकाय में बदल दिया। गौरतलब है कि हमास के हमले से पहले सऊदी अरब और दूसरे देश इसराइल से संबंध सुधारने के लिए समझौता करने वाले थे। इस हमले के बाद हालात बदल गए हैं। इस हमले की वजह भी यही मानी जा रही है कि किसी तरह इन देशों में कोई समझौता नहीं होने पाए। कांग्रेस और विपक्षी दल इंडिया की तीन बैठकों में अभी तक यह भी स्पष्ट नहीं हो सका कि घरेलू और विदेशी मसलों पर नीति क्या रहेगी।

# इजराइल-हमास लड़ाई पर भी तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे सभी दल

**योगेंद्र योगी**

**केंद्र** की भाजपा सरकार ने पहले दिन से ही रुख साफ कर दिया कि किसी भी तरह की आतंकी कार्रवाई का भारत समर्थन नहीं करेगा। केन्द्र सरकार की यह नीति जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान द्वारा की जाने वाली आतंकी कार्रवाईयों से प्रभावित है।

इजराायल-फिलिस्तीन युद्ध में हमास के क्रूर आतंकी घटना की आलोचना करने की बजाए इजरायल की निंदा करने से साबित हो गया है कि कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दल अल्पसंख्यकों के वोट के लिए किस तरह तुष्टिकरण की नीति पर चलते हैं। यही वजह है कि भाजपा विपक्षी दलों पर आक्रामक रुख अख्तियार करती रही है। दरअसल विपक्षी दल आतंकी हमास की निंदा करके देश के अल्पसंख्यक वोट बैंक को नाराज नहीं करना चाहते। इस नए युद्ध की शुरूआत आतंकी संगठन हमास ने की। इसमें सैंकड़ों निर्दोष लोग मारे गए और बड़ी संख्या में लोगों का अपहरण कर लिया। इसके विपरीत इस मुद्दे पर कांग्रेस ने तुष्टिकरण की नीति अपना कर भाजपा को फिर से एक नया मुद्दा थमा दिया।

केंद्र की भाजपा सरकार ने पहले दिन से ही रुख साफ कर दिया कि किसी भी तरह की आतंकी कार्रवाई का भारत समर्थन नहीं करेगा। केन्द्र सरकार की यह नीति जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान द्वारा की जाने वाली आतंकी कार्रवाईयों से प्रभावित है। आश्चर्य की बात यह है कि इस मामले में नये बने विपक्षी गठबंधन इंडिया में कांग्रेस को छोड़ कर ज्यादातर दलों ने कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया जाहिर नहीं की। ऐसे मुद्दों पर विपक्षी दल ज्यादातर बचाव या विरोध की नीति ही अपनाते रहे हैं। दरअसल कांग्रेस सहित गैर भाजपा दलों का निशाना भी अल्पसंख्यक वोट बैंक होता है। ऐसे में कोई भी दल सार्वजनिक तौर पर प्रतिक्रिया जाहिर करने से बचता है। इसमें हमास ने पहले हमला कर युद्ध को आमंत्रित किया, इसलिए विपक्षी दल स्पष्ट प्रतिक्रिया देने से कतरा रहे हैं। इसके विपरीत जम्मू-कश्मीर में धारा 370, तीन तलाक और अयोध्या में राम मंदिर जैसे मुद्दों पर कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने भाजपा के खिलाफ तीखी प्रतिक्रिया जाहिर करने में देर नहीं लगाई। धारा 370 हटाने के बाद जम्मू-कश्मीर की शांति और तरक्की की हालत सर्वविदित हैं। पत्थरबाजी की घटनाएं लगभग शून्य हो गई हैं। इस साल पर्यटकों की रिकार्ड आमद दर्ज की गई है। जम्मू-कश्मीर से एक अग्निवीर का दस्ता तक सेना में शामिल हुआ है। जम्मू-कश्मीर में जी20 की बैठक हो चुकी है। इसी से स्पष्ट होता है कि गैरभाजपा दलों को किस तरह से अल्पसंख्यक वोट बैंक के तौर पर नजर आते हैं।

इज?ायल-फिलिस्तीन युद्ध पर कांग्रेस वर्किंग कमेटी ने इजरायल और हमास के बीच चल रहे युद्ध को लेकर फिलिस्तीन के समर्थन में एक प्रस्ताव पारित किया। इसमें निराशा और पीड़ा व्यक्त की और फिलिस्तीनी लोगों के भूमि (और) स्वशासन, गरिमा और सम्मान के साथ जीने के अधिकार के प्रति अपने समर्थन को तवज्जों दी। हमास ने जिस तरह बच्चों और महिलाओं के कत्ल करके इंसानियत को शर्मसार किया, उस पर कांग्रेस ने एक शब्द भी नहीं कहा और ना ही अपहत लोगों को रिहा किए जाने की अपील की। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि उनकी पार्टी का हमेशा मानना रहा है कि इजरायलियों की राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं को सुनिश्चित करते हुए फिलिस्तीन के लोगों की वैध आकांक्षाओं को बातचीत के माध्यम से पूरा किया जाना चाहिए। कांग्रेस के इस बयान पर भाजपा ने जोरदार हमला बोला।

भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने एक पोस्ट में कांग्रेस के बयान को अत्यंत निंदनीय बताया। विजयवर्गीय ने कहा कि कांग्रेस ने एक बार फिर राष्ट्रनीति और राष्ट्रहित के खिलाफ फैसला लेते हुए प्रस्ताव पारित किया है। एक धर्म विशेष के लोगों को खुश करने के लिए कांग्रेस किस हद तक गिर सकती है? उन्होंने कहा, अब कांग्रेस आतंकवाद से भी समझौता करने को तैयार है। हम और हमारी पार्टी भी विपक्ष में रही हैं लेकिन कभी भी राष्ट्रहित के खिलाफ कोई कदम नहीं उठाया। कांग्रेस का हाथ आतंकवाद के साथ है। अपने प्रस्ताव में कांग्रेस ने कहा कि सीडब्ल्यूसी मध्य पूर्व में छिड़े युद्ध पर अपनी निराशा और पीड़ा व्यक्त करती है, जहां पिछले दो दिनों में एक हजार से अधिक लोग मारे गए हैं।

भाजपा ने हमलावर रुख अख्तियार करते हुए कांग्रेस के शासन के दौरान हुई आतंकी वारदातों को गिना दिया। इसका एक वीडियो जारी करते हुए भाजपा ने कहा कि यूपीए के समय जून 2004 से मई 2014 तक भारत में 10, 262 आतंकी हमले हुए। जिसमें 7012 नागरिकों की जान गई। 2014 में देश में नरेंद्र मोदी सरकार सत्ता में आई। जिसके बाद 2016 में पीओके में सर्जिकल स्ट्राइक हुई। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने इजराइल और



हमास से जुड़े युद्ध के बीच कांग्रेस के प्रस्ताव की तुलना पाकिस्तान और तालिबान से की और आरोप लगाया कि तुष्टीकरण की राजनीति के लिए देश के हित का बलिदान करना उसके डीएनए में है। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के प्रस्ताव में पाकिस्तान और तालिबान के बयानों से काफी समानताएं हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस, पाकिस्तान और तालिबान हमास की निंदा नहीं करते। इजराइल पर आतंकवादी हमले की निंदा नहीं करते और बंधक महिलाओं और बच्चों के संबंध में चुप हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति के लिए देशहित की बलि चढ़ाना कांग्रेस के डीएनए में है। कांग्रेस बेशक फिलीस्तीन की दुहाई की आड़ में हमास की आतंकी कार्रवाई की निंदा से बेशक बच रही हो किन्तु खाड़ी के कुछ देशों ने इसकी भर्त्सना की है।

गौरतलब है कि हमास के हमले से पहले सऊदी अरब और दूसरे देश इसराइल से संबंध सुधारने के लिए समझौता करने वाले थे। इस हमले के बाद हालात बदल गए हैं। इस हमले की वजह भी यही मानी जा रही है कि किसी तरह इन देशों में कोई समझौता नहीं होने पाए। कांग्रेस और विपक्षी दल इंडिया की तीन बैठकों में अभी तक यह भी स्पष्ट नहीं हो सका कि घरेलू और विदेशी मसलों पर नीति क्या रहेगी। इसी तरह भ्रष्टाचार और दूसरों मुद्दों पर भी विपक्षी गठबंधन की एकराय नहीं हो सकी। यह विपक्षी दलों की ढुलमुल नीति का ही परिणाम है कि भाजपा इन मुद्दों पर विपक्षी गठबंधन को आड़े हाथों लेने में पीछे नहीं रही। देश और विदेश हितों से जुड़े भारत के मुद्दों पर राय कायम करने से पहले विपक्षी गठबंधन के सामने फिलहाल सबसे बड़ी चुनौती चुनाव में सीट शेयरिंग की है। इस एजेंडे के कारण ही विपक्षी एकता सिरे नहीं चढ़ सकी है। विपक्षी गठबंधन में पारदर्शिता और स्पष्टता नहीं रही तो लोकसभा चुनाव में भाजपा की चुनौती का एकजुट होकर सामना करना आसान नहीं होगा।

# गाजा में अभी भी मलबे के नीचे दबे हजारों शव विश्व स्वास्थ्य संगठन ने किया बड़ा दावा



कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र के लिए डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि रिचर्ड पीपरकोर्न ने गाजा में मरने वालों की संख्या के बारे में एक सवाल के जवाब में कहा कि हमें यह भी अनुमान है कि मलबे के नीचे अभी भी 1,000 से अधिक लोग हैं जिनकी अभी तक पहचान नहीं की गई है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि एजेंसी को अनुमान मिला है कि गाजा में अभी भी लगभग 1,000 अज्ञात शव मलबे के नीचे दबे हुए हैं, जिन्हें अभी मरने वालों की संख्या में शामिल नहीं किया गया है। कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र के लिए डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि रिचर्ड पीपरकोर्न ने गाजा में मरने वालों की संख्या के बारे में एक सवाल के जवाब में कहा कि हमें यह भी अनुमान है कि मलबे के नीचे अभी भी 1,000 से अधिक लोग हैं जिनकी अभी तक पहचान नहीं की गई है।

गाजा स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि 7 अक्टूबर को हमास के बंदूकधारियों द्वारा इजरायल पर किए गए घातक सीमा पार हमलों के जवाब में इजरायली बमबारी में 7,000 से अधिक लोग मारे गए हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा फलस्तीन के राजदूत ने गाजा में जारी युद्ध को लेकर आग्रह किया कि बमबारी रोककर लोगों की जान बचाई जाए। हालांकि इजराइल के राजदूत ने कठोर रुख जारी रखते हुए एक बार फिर हमास के खात्मे का दृढ़ संकल्प दोहराया।

सात अक्टूबर को इजराइल पर हुए हमास के हमले के बाद से जारी युद्ध की गूंज 193 देशों वाली महासभा के विशाल कक्ष में भी सुनाई दी। युद्ध को रोकने के संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रयास विफल रहे हैं, जिसके बाद अरब देशों को महासभा की बैठक में शुक्रवार को गाजा में तत्काल संघर्ष विराम को लेकर एक प्रस्ताव को मंजूरी दिए जाने की उम्मीद है।

इराक में वर सैन्य बेस पर ड्रोन अटैक, अब एक्शन में आया अमेरिका, सीरिया में ईरानी ठिकानों को कर दिया धुंआ-धुंआ

हमास द्वारा संचालित गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह भी कहा कि अब तक 7,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं। 2014 में छह सप्ताह तक चले गाजा युद्ध में मारे गए लोगों की संख्या से तीन गुना अधिक है।

इजराइल-हमास युद्ध लगातार वक्त के साथ बढ़ रहा है। एक झड़प के जवाब में अमेरिकी सेना ने पूर्वी सीरिया में ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स और उसके समर्थित समूहों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली दो सुविधाओं के खिलाफ हमले किए। इससे पहले, इजरायली सेना ने कहा था कि उसके सैनिक और टैंक पूर्ण पैमाने पर घुसपैठ की तैयारी के लिए कुछ समय के लिए उत्तरी गाजा में दाखिल हुए थे। इजराइल के साथ 20 दिनों से अधिक समय से युद्ध में हमास ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि उसे लेबनान में ईरान समर्थित हिजबुल्लाह सहित अपने सहयोगियों से अधिक हस्तक्षेप की आवश्यकता है।

हमास द्वारा संचालित गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह भी कहा कि अब तक 7,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं। 2014 में छह सप्ताह तक चले गाजा युद्ध में मारे गए लोगों की संख्या से तीन गुना अधिक है। कब्जे वाले वेस्ट बैंक में 100 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं। 7 अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल में हमास के अचानक हुए उपद्रव के बाद हिंसा और इजराइली छापे में मारे गए। अधिकारियों ने समाचार एजेंसी रॉयटर्स को बताया कि पिछले हफ्ते अपने सैनिकों पर हुए हमलों के बाद अमेरिका ने सीरिया में हमले किए हैं। पेंटागन ने कहा कि हमले का आदेश अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने दिया था। इसके अलावा, पेंटागन ने कहा कि वह कर्मियों के खिलाफ हमलों को बर्दाश्त नहीं करेगा और अपने हितों की रक्षा करेगा। अगर ईरान के प्रतिनिधियों द्वारा हमले जारी रहे तो अमेरिका अतिरिक्त उपाय करेगा।

यह घटनाक्रम ईरान समर्थित समूह द्वारा लक्षित दो आत्मघाती ड्रोनों द्वारा गुरुवार को उत्तरी इराक में अमेरिकी सैनिकों के आवास बेस पर हमला करने के बाद आया है। एक बयान में, कई ईरान समर्थित समूहों के एक छत्र समूह, द इस्लामिक रेसिस्टेंस ने कहा कि उसने इरबिल शहर के हवाई अड्डे के पास अमेरिकी कब्जे वाले अड्डे पर दो ड्रोनों से हमला किया, जिन्होंने सीधे उनके लक्ष्यों पर हमला किया।

# नेतन्याहू और हमास के बीच क्या है कनेक्शन?

**मीडिया** रिपोर्ट में तो कटरपंती संगठन हमास संग नेतन्याहू के रिश्ते को लेकर भी दावा किया गया है। जिसमें कहा गया है कि अक्टूबर, 2023 का हमास का अटैक नेतन्याहू के लिए कैसे नफे वाला साबित हो सकता है।

इजरायल और हमास के बीच की जंग पूरे मीडिल ईस्ट को अपनी चपेट में लेने की ताकत रखती है। इसीलिए दुनियाभर के देश इसको लेकर चितिंत और एक्टिव नजर आ रहे हैं। वैसे इजरायल के इतिहास पर गौर करें तो पाएंगे कि असफल युद्धों से सरकार बदली जाती है। इसी बीच गलत नीतियों से पहले ही आलोचना झेल रहे नेतन्याहू अब इस जंग को जीतने के लि कुछ भी कर सकते हैं। इजरायल हमास युद्ध का जिक्र होता है तो कई हल्कों में बेंजामिन नेतन्याहू और हमास के बीच के कनेक्शन को लेकर भी कई दावों किए जाते हैं। एक मीडिया रिपोर्ट में तो कटरपंती संगठन हमास संग नेतन्याहू के रिश्ते को लेकर भी दावा किया गया है। जिसमें कहा गया है कि अक्टूबर, 2023 का हमास का अटैक नेतन्याहू के लिए कैसे नफे वाला साबित हो सकता है और इतिहास में पहले भी क्या ऐसा देखने को मिला है?

2009 में प्रधानमंत्री कार्यालय में कमबैक के बाद से नेतन्याहू की नीति ने एक तरफ, गाजा पट्टी में हमास के शासन को मजबूत करना और दूसरी तरफ, फिलिस्तीनी प्राधिकरण को कमजोर करना जारी रखा है। सत्ता में उनकी वापसी और पूर्ववर्ती एहुद ओलमर्ट की नीति से उनकी राह बिल्कुल अलग रही। ओलमर्ट ने सबसे उदार फिलिस्तीनी नेता पीए राष्ट्रपति महमूद अब्बास के साथ शांति संधि के माध्यम से संघर्ष को समाप्त करने की मांग की थी।

**हमास को सशक्त बनाने के पीछे नेतन्याहू?**



पिछले 14 वर्षों से वेस्ट बैंक और गाजा में फूट डालो और राज करो की नीति को लागू करते हुए अबू याइर ने किसी भी सैन्य या कूटनीतिक प्रयास का विरोध किया है, जो हमास शासन को समाप्त कर सकता है। 2008 के अंत और 2009 की शुरूआत में ओलमर्ट युग के दौरान कास्ट लीड ऑपरेशन के बाद से हमास के शासन को किसी भी वास्तविक सैन्य खतरे का सामना नहीं करना पड़ा है। इसके विपरीतः समूह को इजरायली प्रधानमंत्री द्वारा समर्थित किया गया है और उनकी सहायता से वित्त पोषित किया गया है। जब नेतन्याहू ने अप्रैल 2019 में घोषणा की हमने हमास के साथ प्रतिरोध बहाल कर दिया है और हमने मुख्य आपूर्ति मार्गों को अवरुद्ध कर दिया है, दावा किया जा रहा है कि वो झूठ बोल रहे हैं। एक दशक से अधिक समय से नेतन्याहू ने हमास की बढ़ती सैन्य और राजनीतिक शक्ति में विभिन्न तरीकों से मदद की है। नेतन्याहू ही वह शख्स हैं जिन्होंने हमास को कम संसाधनों वाले एक आतंकी संगठन से एक अर्ध-राज्य निकाय में बदल दिया।

**अब्बास को चोट पहुंचाना मकसद**

फि लिस्तीनी कैदियों को रिहा करना, नकद हस्तांतरण की अनुमति देना। कतरी दूत गाजा में आकर और अपनी इच्छानुसार जाते है। गाजा से फिलिस्तीनी श्रमिकों के लिए इजराइल में वर्क परमिट की संख्या में वृद्धि करने आदि के लिए। इन सभी घटनाक्रमों ने कट्टरपंथी आतंकवाद के पनपने और नेतन्याहू के शासन के संरक्षण के बीच सहजीवन पैदा किया। यह मान लेना एक गलती होगी कि नेतन्याहू ने धन के हस्तांतरण की अनुमति देते समय गरीबों और उत्पीड़ित गजावासियों की भलाई के बारे में सोचा था। उसका लक्ष्य अब्बास को चोट पहुँचाना और इजराइल की भूमि को दो राज्यों में विभाजित होने से रोकना था। यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि कतर और ईरान से प्राप्त धन के बिना, हमास के पास अपने आतंक के शासन को बनाए रखने के लिए धन नहीं होता, और उसका शासन संयम पर निर्भर होता। 2012 से हमास की सैन्य शाखा को मजबूत करने का काम किया है। इस प्रकार, नेतन्याहू ने अप्रत्यक्ष रूप से हमास को वित्त पोषित किया, जब अब्बास ने उसे धन प्रदान करना बंद करने का फैसला किया। इस बात को नजरअंदाज नहीं करना महत्वपूर्ण है कि हमास ने इस पैसे का इस्तेमाल उन साधनों को खरीदने के लिए किया जिनके माध्यम से वर्षों से इजरायलियों की हत्या की जाती रही है।

**गाजा में हमास का इतना मजबूत कंट्रोल कैसे**

सुरक्षा के दृष्टिकोण से 2014 में ऑपरेशन प्रोटेक्टिव एज के बाद से नेतन्याहू को एक ऐसी नीति द्वारा निर्देशित किया गया है जिसने रॉकेट और आग लगाने वाली पतंगों और गुब्बारों के आतंकवाद को लगभग पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया है। यह याद दिलाने योग्य है कि पिछले साल नफ्ताली बेनेट और यायर लैपिड के नेतृत्व वाले अल्पकालिक गठबंधन ने एक अलग नीति अपनाई थी, जिसकी एक अभिव्यक्ति हमास के लिए नकदी से भरे सूटकेस के माध्यम से आने वाली फंडिंग को रोकना था। जब नेतन्याहू ने 30 मई, 2022 को ट्वीट किया कि हमास कमजोर बेनेट सरकार के अस्तित्व में रुचि रखता है तो वह जनता से झूठ बोल रहे थे। एविग्डोर लिबरमैन ने 7 अक्टूबर के हमले से ठीक पहले प्रकाशित एक साक्षात्कार में येदिओथ अहरोनोथ को बताया था कि नेतन्याहू ने लगातार सभी लक्षित अटैक को विफल कर दिया है। इस बात पर जोर दिया जाना चाहिए कि गाजा में हमास को प्रभारी बनाए रखने की नेतन्याहू की नीति को केवल गाजा पर भौतिक कब्जे के विरोध और प्रमुख हमास खिलाड़ियों की हत्याओं के माध्यम से अभिव्यक्ति नहीं मिली, बल्कि पीए-फतह के बीच किसी भी राजनीतिक सुलह को विफल करने के उनके दृढ़ संकल्प में भी अभिव्यक्ति मिली।

# गाजा के हॉस्पीटल पर अमेरिका ने हमला कराया



**रूसी** संसद के एक सदस्य ने कहा कि गाजा सिटी अस्पताल में हुए घातक विस्फोट के पीछे संयुक्त राज्य अमेरिका का हाथ हो सकता है। ड्यूमा सदस्य एंड्री गुरुल्योव ने क्रेमलिन द्वारा संचालित टेलीविजन चैनल रूस-1 पर एक उपस्थिति के दौरान बिना कोई सबूत पेश किए आरोप लगाया।

इजरायल हमास युद्ध के बीच अमेरिका और रूस के बीच जुबानी जंग भी शुरू हो गई है। पहले तो अमेरिका की तरफ से पुतिन की तुलना हमास से कर दी गई। अब रूस ने गाजा के अस्पताल में हुए विस्फोट के पीछे अमेरिका का हाथ होने की आशंका जताई है। रूसी संसद के एक सदस्य ने कहा कि गाजा सिटी अस्पताल में हुए घातक विस्फोट के पीछे संयुक्त राज्य अमेरिका का हाथ हो सकता है। ड्यूमा सदस्य एंड्री गुरुल्योव ने क्रेमलिन द्वारा संचालित टेलीविजन चैनल रूस-1 पर एक उपस्थिति के दौरान बिना कोई सबूत पेश किए आरोप लगाया। अल-अहली अरब बैपटिस्ट अस्पताल में हुए विस्फोट के लिए इजराइल और हमास ने एक दूसरे पर दोषारोपण किया है।

अब किस दिशा में जा रही है? क्या दोनों ओर के आम लोग ऐसे ही मरते रहेंगे?

एंड्री गुरुल्योव ने कहा कि यह बिल्कुल स्पष्ट है कि एक निर्देशित बम वहां गिरा। इससे भी अधिक, यहां एक बारीकियां है। अमेरिकी नौसेना के युद्धपोतों का जिक्र करते हुए कहा कि आज एक अमेरिकी विमान वाहक समूह ने इजरायल के तट पर संपर्क किया। जिन्हें इजरायल पर हमास के 7 अक्टूबर के हमले के बाद पूर्वी भूमध्य सागर में तैनात किया गया था। एंड्री गुरुल्योव ने आगे कहा कि गोली चलाने का आदेश इजरायली क्षेत्र पर एक स्थिर कमांड सेंटर से या विमान वाहक पोत पर एक जहाज-आधारित नियंत्रण केंद्र से आ सकता था।

गाजा के एक अस्पताल में हुए भीषण विस्फोट में सैकड़ों लोगों की मौत हो गई। इस अस्पताल में पहले से घायल मरीजों की भरमार थी और अन्य फलस्तीनी नागरिक भी यहां शरण लिए हुए थे। हमास संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। हमास ने इसे इजराइल का हवाई हमला बताया जबकि इजराइल की सेना ने आरोप लगाया कि फलस्तीनी आतंकवादियों द्वारा दागे गए रॉकेट के निशाना चूकने से यह विस्फोट हुआ। मंत्रालय ने बताया कि कम से कम 500 लोग मारे गए हैं।